तापमान अधिकतम :38°C न्यूनतम: 27°C
सेंसेक्स 81,596.63 निफ्टी 24,813.45
सोना 98,250 चांदी 1,00,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, गुरुवार 22 मई 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 282 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com


विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 23 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



पाकिस्तान से अफगानिस्तान तक सड़क बनाएगा चीन

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



पिकलबॉल में हाथ आजमा रहे कोहली व अनुष्का

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## बानू मुश्ताक को मिला इंटरनेशनल बुकर प्राइज

**नई दिल्ली/लंदन।** भारतीय लेखिका, वकील और एक्टिविस्ट बानू मुश्ताक ने अपनी किताब 'हार्ट लैंप' के लिए इंटरनेशनल बुकर प्राइज जीता है। हार्ट लैंप कन्नड़ भाषा में लिखी पहली किताब है, जिसे बुकर प्राइज मिला है।

दीपा भष्ठी ने इसे अंग्रेजी में ट्रांसलेट किया है। बुकर प्राइज के लिए हार्ट लैंप को दुनियाभर की छह किताबों में से चुना गया। यह अवॉर्ड पाने वाला पहला लघु कथा संग्रह (शॉर्ट स्टोरी कलेक्शन) है। दीपा भष्ठी इस किताब के लिए अवॉर्ड जीतने वाली पहली भारतीय ट्रांसलेटर हैं। बानू मुश्ताक और दीपा भष्ठी ने मंगलवार को लंदन के टेट मॉडर्न में हुए कार्यक्रम में अवॉर्ड रिसीव किया। दोनों को 50,000 पाउंड (52.95 लाख रुपये) की पुरस्कार राशि भी मिली है, जो लेखक और ट्रांसलेटर के बीच बराबर-बराबर बांटी जाती है। बानू मुश्ताक ने हार्ट लैंप किताब में दक्षिण भारत में पितृ सत्तात्मक समाज में रहने वाली मुस्लिम महिलाओं की कठिनाइयों को मार्मिक ढंग से दर्शाया है। उन्होंने 1990 से 2023 के बीच, तीन दशकों के दौरान ऐसी 50 कहानियां लिखी थीं। दीपा भष्ठी ने इनमें से 12 कहानियों को चुनकर ट्रांसलेट किया। अवॉर्ड जीतने के बाद मुश्ताक ने कहा कि यह किताब का जन्म इस भरोसे से हुआ है कि कोई भी कहानी कभी छोटी नहीं होती। मानवीय -शेष पृष्ठ दो पर

**हार्ट लैंप यह सम्मान पाने वाली कन्नड़ भाषा की पहली पुस्तक, दीपा भष्ठी ने किया अंग्रेजी अनुवाद**



## पाक उच्चायोग के अफसर को 24 घंटे में देश छोड़ने के आदेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ **भारत ने पाक अफसर को पर्सोना नॉन ग्राटा घोषित किया**

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तानी उच्चायोग में कार्यरत एक अधिकारी को पर्सोना नॉन ग्राटा घोषित कर दिया है और उससे 24 घंटे में देश छोड़ने के लिए कहा है।

भारत ने यह कार्रवाई पाकिस्तानी अधिकारी के अपने कार्यक्षेत्र के इतर अन्य तरह की संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने के कारण की है। पहलगाम हमले के बाद से भारत लगातार संदिग्ध पाकिस्तानी अधिकारियों को देश छोड़ने के आदेश जारी कर रहा है। पाकिस्तान उच्चायोग के प्रभारी को भारत ने बुधवार को इस संबंध में एक डिमार्शे (कूटनीति में दूसरे देश के खिलाफ उठाया गया कदम) जारी किया और उनसे उपरोक्त अधिकारी को 24 घंटे के भीतर देश से बाहर भेजने के लिए कहा गया है। इस संदर्भ में बुधवार को पाकिस्तान उच्चायोग के कार्यवाहक उच्चायुक्त को एक कड़ा आधिकारिक विरोध पत्र जारी किया गया। भारत की ओर से स्पष्ट रूप से निर्देश दिए गए हैं कि पाकिस्तान के कोई भी राजनयिक या अधिकारी भारत में अपने विशेषाधिकारों और दर्जे का किसी भी प्रकार से दुरुपयोग न करें। बता दें कि पर्सोना नॉन ग्राटा किसी भी विदेशी राजनयिक को अवांछित घोषित करने की वह स्थिति होती है। जिसके तहत उसे देश छोड़ने का तुरंत आदेश दिया जाता है। इससे पहले 13 मई को भारत ने जासूसी में कथित रूप से संलिप्त होने के कारण एक पाकिस्तानी अधिकारी को निष्कासित कर दिया था।

## छत्तीसगढ़ में 27 नक्सली ढेर

### मुठभेड़ में डेढ़ करोड़ का इनामी नक्सली भी मारा गया, एक जवान शहीद

नारायणपुर, वार्ता

**छत्तीसगढ़ के** चार विभिन्न जिलों के सुरक्षा बलों के जवानों ने बुधवार को हुई मुठभेड़ में बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए सुरक्षाबलों ने 27 नक्सलियों को ढेर कर दिया और कई अन्य घायल हुए हैं। वहीं मुठभेड़ में डेढ़ करोड़ रुपये का इनामी खूंखार नक्सली बसव राजू भी मुठभेड़ में मारा गया है। वहीं नक्सली कमांडर रुपेश और कई अन्य बड़े नक्सली नेताओं के भी मारे जाने की खबर है।

मुठभेड़ के दौरान एक जवान भी शहीद हो गया और एक अन्य घायल हो गया है। इस मुठभेड़ में कई बड़े नक्सली लीडर या तो फंसे हुए हैं या फिर मारे गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अबूझमाड़ क्षेत्र में सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई। नारायणपुर जिले के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र के माड़ डिवीजन में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) नारायणपुर, डीआरजी दंतेवाड़ा, डीआरजी बीजापुर और डीआरजी कोंडागांव के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, जिनके पास गृह विभाग का भी प्रभार है, ने बताया कि नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा सीमावर्ती इलाके में बड़ा ऑपरेशन जारी है। सुरक्षाबलों को प्राप्त जानकारी के आधार पर ऑपरेशन को अंजाम दिया गया है। इसमें जवानों को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। अब तक 27 नक्सली मारे जाने की सूचना मिली है। वहीं इस ऑपरेशन में रूपेश से भी बड़े कमांडर फंसे हुए हैं। ऑपरेशन अभी भी जारी है। इसके साथ ही गृह मंत्री ने यह भी जानकारी दी है कि मुठभेड़ में एक जवान शहीद और कुछ जवान घायल भी हुए हैं। मारे गए सभी माओवादियों के शव जवानों के द्वारा बरामद कर लिए गए हैं। इस मामले की पुष्टि बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने की है। श्री सुंदरराज ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले के ओरछा थाना क्षेत्र में स्थित अबूझमाड़ इलाके में बुधवार को सुरक्षाबल के जवानों और माओवादियों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में जवानों ने 27 माओवादियों को मार गिराया है। मुठभेड़ के बाद जवानों ने घटनास्थल से मारे गए सभी 27 माओवादियों के शवों को भी बरामद कर लिया है। इसके साथ ही जवानों ने घटनास्थल से माओवादियों के कई हथियार भी बरामद किया है। वहीं इस मुठभेड़ में डीआरजी के एक जवान की शहादत के साथ कुछ -शेष पृष्ठ दो पर



### सरकार नक्सलवाद के खात्मे को प्रतिबद्ध : मोदी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने माओवाद की त्रासदी को दूर करने और लोगों के लिए शांति तथा प्रगति का जीवन सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए छत्तीसगढ़ में एक मुठभेड़ में 27 नक्सलियों का खात्मा करने के लिए सुरक्षा बलों की सराहना की है। श्री मोदी ने कहा कि इस महत्वपूर्ण सफलता के लिए हमें अपने बलों पर गर्व है।

### छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में ऐतिहासिक उपलब्धि: शाह

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में 27 खूंखार नक्सलियों के मारे जाने को नक्सलवाद को खत्म करने की लड़ाई में ऐतिहासिक उपलब्धि करार देते हुए कहा है कि सरकार अगले वर्ष 31 मार्च से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। बुधवार को छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में एक ऑपरेशन में, हमारे सुरक्षा बलों ने 27 खूंखार माओवादियों को मार गिराया है, जिनमें सीपीआई-माओवादी के महासचिव, शीर्ष नेता और नक्सल आंदोलन की रीढ़ नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू भी शामिल हैं।

### अमृत स्टेशनों से रेल का सफर और आसान हो जाएगा: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वह गुरुवार को 100 से ज्यादा अमृत स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे, जिससे यात्रियों का रेल का सफर और अधिक आसान हो जाएगा। प्रधानमंत्री ने राजस्थान में कई सड़क परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास किए जाने का भी उल्लेख करते हुए कहा कि इससे सीमावर्ती क्षेत्रों में रक्षा ढांचागत सुविधाओं को मजबूती मिलेगी। उल्लेखनीय है कि श्री मोदी गुरुवार को एक दिन के राजस्थान दौरे पर जा रहे हैं जहां वह 26 हजार करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास या उद्घाटन करेंगे। इससे पहले उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट में कहा कि भारतीय रेल के लिए गुरुवार का दिन ऐतिहासिक और अविस्मरणीय होने जा रहा है। राजस्थान के बीकानेर में सुबह साढ़े ग्यारह बजे अब तक रिडेवलप किए गए 100 से ज्यादा अमृत स्टेशनों के उद्घाटन का सौभाग्य मिलेगा। इनसे देशवासियों के लिए रेल का सफर और आसान होने वाला है। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा कि राजस्थान के अपने दौरे में कई और परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास का भी सुअवसर मिलेगा। इनमें अनेक सड़क परियोजनाएं भी शामिल हैं। इनसे जहां आवाजाही की सुविधाएं बढ़ेंगी, वहीं सीमावर्ती क्षेत्रों में हमारे डिफेंस इंफ्रास्ट्रक्चर को भी और मजबूती मिलेगी।

## वक्फ कानून पर लगातार दूसरे दिन भी हुई सुनवाई

■ **वक्फ का इस्लाम में जिक्र, लेकिन इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं: केंद्र**

**नई दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को लगातार दूसरे दिन सुनवाई हुई।

केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता ने कोर्ट से कहा कि सरकारी जमीन पर किसी का कोई हक नहीं हो सकता, चाहे वो 'वक्फ बाय यूजर' के आधार पर ही क्यों न हो। एसजी मेहता के मुताबिक अगर कोई जमीन सरकारी है, तो सरकार को पूरा अधिकार है कि वह उसे वापस ले ले, भले ही उसे वक्फ घोषित कर दिया गया हो। किसी भी प्रभावित पक्ष ने अदालत का दरवाजा नहीं खटखटाया। किसी ने भी ये नहीं कहा कि संसद के पास इस कानून को पारित करने का अधिकार नहीं है। वक्फ एक इस्लामी अवधारणा है, इस पर कोई विवाद नहीं है, लेकिन वक्फ इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं है। जब तक यह साबित न हो जाए, बाकी तर्क विफल हो जाते हैं। वक्फ कानून के खिलाफ लगी याचिकाओं पर सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच सुनवाई कर रही है। केंद्र की तरफ से एसजी तुषार मेहता और याचिकाकर्ताओं की तरफ से कपिल सिब्बल पैरवी कर रहे हैं। मेहता ने कहा था, सुनवाई उन तीन मुद्दों पर हो, जिन पर जवाब दाखिल किए हैं। नए वक्फ कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट सिर्फ 5 मुख्य याचिकाओं पर ही सुनवाई कर रहा है। इसमें एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी की याचिका शामिल है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि यह ऐसा मामला नहीं है, जहां मंत्रालय ने एक बिल बनाया और बिना सोच-विचार के वोटिंग कर दी गई हो।

### जस्टिस वर्मा कैश कांड: एफआईआर की मांग वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** कैश मामले में घिरे इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ एफआईआर की मांग वाली याचिका बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि ये मामला प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के पास है। आप पहले जाकर उनसे गुहार लगाएं। फिर हमारे पास आएं। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने इस मामले की सुनवाई की। एफआईआर की मांग वाली याचिका एडवोकेट मैथ्यूज नेडुमपारा ने लगाई थी। दरअसल, जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित घर में 14 मार्च की रात आग लगी थी। उनके घर के स्टोर रूम से 500-500 रुपये के जले नोटों के बंडलों से भरे बोरे मिले थे।

### भारत ने बलूचिस्तान में आतंकी हमले को लेकर पाक के आरोपों को किया खारिज

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान के बलूचिस्तान में स्कूल बस पर आतंकवादी हमले की घटना को लेकर आरोपों को खारिज करते हुए बुधवार को कहा कि आतंकवाद के वैश्विक केन्द्र के रूप में अपनी बदनामी से पीछा छुड़ाने के लिए भारत पर दोषारोपण पाकिस्तान की दूसरी प्रवृत्ति बन गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पाकिस्तान के आरोपों के संबंध में मीडिया के सवालों के जवाब में कहा कि भारत आज पहले खुजदार में हुई घटना में उसकी संलिप्तता के संबंध में पाकिस्तान द्वारा लगाए गए निराधार आरोपों को खारिज करता है। भारत ऐसी सभी घटनाओं में जान गंवाने पर शोक व्यक्त करता है। हालांकि आतंकवाद के वैश्विक केंद्र के रूप में अपनी प्रतिष्ठा से ध्यान हटाने और अपनी घोर विफलताओं को छिपाने के लिए, पाकिस्तान के लिए अपने सभी आंतरिक मुद्दों के लिए भारत को दोषी ठहराना दूसरी प्रकृति बन गई है। श्री जायसवाल ने कहा कि दुनिया को धोखा देने का यह प्रयास असफल होने के लिए अभिशप्त है।

### ईपीएफओ ने मार्च में 14.58 लाख सदस्य जोड़े

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने मार्च 2025 में 14.58 लाख सदस्य जोड़े हैं, जो पिछले वर्ष के इसी माह की तुलना में 1.15 प्रतिशत अधिक है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि मार्च 2025 में जोड़े गए सदस्यों में से लगभग 7.54 लाख नए सदस्य हैं, जो फरवरी 2025 की तुलना में 2.03 प्रतिशत मार्च 2024 की तुलना में 0.98 प्रतिशत ज्यादा हैं। आंकड़ों के अनुसार मार्च 2025 में लगभग 2.92 लाख महिला सदस्य ईपीएफओ में शामिल हुईं। शीर्ष पांच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने सदस्य जोड़ने में लगभग 59.67 प्रतिशत का योगदान दिया है। इनमें महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, हरियाणा, गुजरात, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और तेलंगाना शामिल हैं। वार रेस्तरां, सीमेंट,सामान्य बीमा, कैंटीन,ट्रैवल एजेंसियां और होटल क्षेत्र से सबसे ज्यादा सदस्य जोडे गए हैं।

## पूर्व आईएएस अधिकारी खेडकर को सशर्त अग्रिम जमानत

■ **पूजा खेडकर पर जाली प्रमाण पत्र पेश करने के गंभीर आरोप**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भारतीय प्रशासनिक सेवा की पूर्व अधिकारी (आईएएस) प्रोबेशनर पूजा खेडकर की सशर्त अग्रिम जमानत याचिका को बुधवार को मंजूरी दे दी।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया। खेडकर पर संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) सिविल सेवा परीक्षा पास करने के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और पीडब्ल्यूबीडी (बेंचमार्क विकलांग व्यक्ति) का जाली प्रमाण पत्र पेश करने के गंभीर आरोप हैं। पीठ ने खेडकर की ओर से दायर आपराधिक अपील को स्वीकार कर लिया, जिसमें दिल्ली उच्च न्यायालय के अग्रिम जमानत देने से इन्कार करने के फैसले को चुनौती दी गई। पीठ ने कहा कि अपराध की प्रकृति और मामले के तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए, यह एक उपयुक्त मामला है। उच्च न्यायालय को इसमें अग्रिम जमानत देनी चाहिए थी। शीर्ष अदालत ने जनवरी में खेडकर को दी गई गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा को स्थायी कर दिया था। शीर्ष अदालत की अंतिम आदेश में कहा गया है कि गिरफ्तारी की स्थिति में, अपीलकर्ता को 25,000 रुपये की नकद जमानत और दो जीवित जमानतदारों को प्रस्तुत करने पर जमानत पर रिहा किया जाएगा। उसे जांच में पूरा सहयोग करना होगा, अपनी स्वतंत्रता का दुरुपयोग नहीं करना होगा। गवाहों को प्रभावित नहीं करना होगा या सबूतों से छेड़छाड़ नहीं करनी होगी।

## ऑपरेशन सिंदूर की हकीकत बयां करने को पहला दल रवाना

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ **प्रतिनिधिमंडल संयुक्त अरब अमीरात, लाइबेरिया, कांगो गणराज्य व सिएरा लियोन जाएगा**

**नई दिल्ली।** आतंकवादी संगठनों की पनाहगार बन चुके पाकिस्तान को दुनिया भर में बेनकाब करने के लिए विभिन्न देशों में जाने वाले सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से पहला प्रतिनिधिमंडल शिवसेना के सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में बुधवार को रवाना हो गया। यह प्रतिनिधिमंडल संयुक्त अरब अमीरात, लाइबेरिया, कांगो गणराज्य और सिएरा लियोन जाएगा।

प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद को बिल्कुल भी बर्दाश्त न करने के मजबूत संदेश के साथ सभी तरह के आतंकवाद का मुकाबला करने के भारत के दृढ़ दृष्टिकोण की जानकारी देगा। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मंगलवार को तीन प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों को ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद पर भारत के रुख के बारे में जानकारी दी थी। बैठक के बाद श्री शिंदे ने कहा था कि उनके प्रतिनिधिमंडल को भारत में हुए पिछले आतंकवादी हमलों के बारे में जानकारी दी गई तथा बताया गया कि किस प्रकार पाकिस्तान देश में सीमापार आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। उल्लेखनीय है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने आतंकवाद को बढ़ावा देने में लगे पाकिस्तान को घेरने तथा दुनिया को उसकी नापाक हरकतों की जानकारी देने के लिए करीब तीस देशों में सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंल भेजने का निर्णय लिया है।

## प्रो. महमूदाबाद को मिली सुप्रीम कोर्ट से जमानत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अशोका विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद को सोशल मीडिया पर 'ऑपरेशन सिंदूर' से संबंधित कथित आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में बुधवार को सशर्त अंतरिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने याचिकाकर्ता को राहत देते हुए अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश पारित किया।

उच्चतम न्यायालय ने हालांकि, मामले में प्रोफेसर के खिलाफ हरियाणा पुलिस द्वारा दर्ज दो मुकदमों पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया। शीर्ष अदालत ने आदेश में कहा कि हम याचिकाकर्ता को सीजेएम सोनीपत की संतुष्टि के अनुसार जमानत बॉन्ड प्रस्तुत करने की शर्त पर अंतरिम जमानत पर रिहा करने का निर्देश देते हैं। दोनों मुकदमों के लिए जमानत बॉन्ड का केवल एक सेट होगा। इसके अलावा न्यायालय ने आरोपी को अपना पासपोर्ट जमा करने का भी आदेश दिया। साथ ही, इस मुद्दे (ऑपरेशन सिंदूर) पर कोई और ऑनलाइन पोस्ट या भाषण नहीं देने का आदेश दिया। शीर्ष न्यायालय ने मामले की जांच के लिए हरियाणा पुलिस के स्थान पर एक विशेष जांच दल का गठन किया, जो वर्तमान में मामले की जांच कर रहा है। न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया कि विशेष जांच दल में हरियाणा या दिल्ली के अधिकारी नहीं होंगे। अशोका विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग के प्रमुख महमूदाबाद को हरियाणा पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया था। रविवार को दो अलग-अलग मामलों के मुकदमा दर्ज होने पर उन्हें दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। आरोपी पर 'ऑपरेशन सिंदूर' पर उनकी कथित टिप्पणियों के लिए देश की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने का आरोप है । हरियाणा राज्य महिला आयोग ने भी प्रो. महमूदाबाद की टिप्पणियों की आलोचना की थी।

### तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, केंद्र पर फंड रोकने का आरोप

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु सरकार ने केंद्र सरकार पर विभिन्न शिक्षा योजनाओं के फंड रोकने का आरोप लगाते हुए उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर की है, जिसमें केन्द्र को 2,291.30 करोड़ रुपये का भुगतान करने का निर्देश देने की गुहार लगाई गई है। राज्य की द्रविड मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार ने केंद्र पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और पीएम श्री के क्रियान्वयन न करने पर समग्र शिक्षा योजना के तहत फंड रोकने का आरोप लगाया गया है। संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत दायर अपनी मूल याचिका में उसने केंद्र सरकार को 2,291.30 करोड़ रुपये का भुगतान करने का निर्देश देने की मांग की, जिसमें इस वर्ष एक मई से लेकर डिक्री की प्राप्ति तक 2,151.59 करोड़ रुपये की मूल राशि पर छह फीसदी प्रति वर्ष ब्याज शामिल है।

## सोनिया व राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ने के आसार

### आय से अधिक 142 करोड़ रुपये कमाए, नेशनल हेराल्ड केस की अगली सुनवाई जुलाई में होगी

नई दिल्ली, वार्ता

**कांग्रेस नेता सोनिया** गांधी और राहुल गांधी से जुड़े नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गुरुवार को दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट में चौथी सुनवाई हुई।

ईडी ने कोर्ट को बताया कि, पहली नजर में सोनिया और राहुल के खिलाफ केस बनता है। दोनों ने अपराध की आय से 142 करोड़ रुपये कमाए हैं। ईडी की तरफ से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि आरोपी तब तक अपराध की आय का आनंद ले रहे थे जब तक कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नवम्बर 2023 में नेशनल हेराल्ड से जुड़ी 751.9 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त नहीं कर ली। ईडी की तरफ से दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने कहा कि, इस मामले में 2 से 8 जुलाई तक रोजाना सुनवाई होगी। नेशनल हेराल्ड केस 2012 से चल रहा है, जब भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने सोनिया, राहुल और उनकी सहयोगी कंपनियों से जुड़े लोगों के खिलाफ शिकायत की थी।



■ **दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट में हुई चौथी सुनवाई, ईडी ने कहा: सोनिया व राहुल गांधी के खिलाफ केस बनता है**

### अमित मालवीय व अर्णब पर दर्ज कराई प्राथमिकी: युवा कांग्रेस

■ **प्राथमिकी बेंगलुरु में दर्ज करवाई गई**

**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस ने कहा है कि संगठन ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बदनाम करने और कांग्रेस पार्टी को तुर्की से जोड़ने की साजिश रचने के मामले में भाजपा नेता अमित मालवीय और पत्रकार अर्णब गोस्वामी के खिलाफ गैरजमानती धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है।

युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता वरुण पांडे ने यह जानकारी देते हुए बुधवार को बताया कि संगठन के प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब और लीगल विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन रूपेश भदौरिया के निर्देश पर यह प्राथमिकी कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में दर्ज करवाई गई है। श्री चिब तथा श्री भदौरिया ने प्राथमिक की दर्ज होने के बाद कहा कि कांग्रेस को बदनाम करने, अशांति फैलाने और राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर करने का दुर्भावनापूर्ण प्रयास लोकतंत्र पर सीधा हमला है और ऐसी स्थिति में युवा संगठन चुप नहीं रह सकता। इस प्राथमिकी से स्पष्ट संदेश है कि पार्टी या उसके नेतृत्व के खिलाफ फर्जी खबरें फैलाने के किसी भी प्रयास का सख्त कानूनी और राजनीतिक जवाब दिया जाएगा। प्राथमिकी में दोनों पर फर्जी खबरें फैलाने, नफ़रत भड़काने और राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं और यह रिपोर्ट फर्जी खबर फैलाने वालों के लिए चेतावनी है।

## मानसरोवर यात्रा जून से अगस्त के बीच होगी शुरू

■ **750 यात्री महादेव के धाम करेंगे दर्शन**

**नई दिल्ली।** पांच साल के अंतराल के बाद कैलाश मानसरोवर की यात्रा इस वर्ष जून से अगस्त के बीच उत्तराखंड और सिक्किम दोनों रास्तों से शुरू होने जा रही है और इसमें कुल 750 यात्री महादेव के धाम जा सकेंगे।

विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए विदेश और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने बुधवार को यहां इस यात्रा के लिए पंजीकरण कराने वाले यात्रियों के चयन के लिए कम्प्यूटरीकृत ड्रॉ आयोजित किया। लिपुलेख दर्रे से होकर जाने पर 22 दिन और नाथू ला दर्रे से होकर 21 दिन का समय लगेगा। लिपुलेख दर्रे के रास्ते से होने वाली यात्रा में इस वर्ष 50-50 यात्रियों के पांच बैच जाएंगे, जबकि नाथू ला दर्रे से होकर जाने वाली यात्रा में 10 बैच जाएंगे। दोनों मार्ग अब पूरी तरह से मोटर चलाने योग्य हैं। उत्तराखंड के रास्ते से जाने वाले यात्रियों को अब पैदल नहीं चलना पड़ेगा। लिपुलेख दर्रे तक सड़क बन गई है। उन्हें केवल सीमा पार करने के लिए करीब एक किलोमीटर ही चलना होगा। यात्रियों को एसएमएस और ईमेल संदेशों के माध्यम से उनके चयन के बारे में सूचित किया जाता है। यात्री अपने चयन की स्थिति की जांच करने के लिए यात्रा वेबसाइट या हेल्पलाइन नंबर 011-23088133 पर भी जानकारी ले सकते हैं।

# भाकियू प्रधान की बैठक

## हरिद्वार चिंतन शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन प्रधान की एक मीटिंग वीके गार्डन बैंकट हॉल बिजनौर में आयोजित की गई। मीटिंग की अध्यक्षता सरदार राजेंद्र सिंह ने की और संचालन जिला मीडिया प्रभारी नरेंद्र सिंह द्वारा किया गया।

मीटिंग का उद्देश्य जनपद में टीम का विस्तार और आने वाले समय में जिला हरिद्वार में चिंतन शिविर लगाए जाने के संबंध में सभी पदाधिकारी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए और संगठन को मजबूत करने का कार्य करने के लिए जोर दिया गया।। भारतीय किसान यूनियन प्रधान परिवार में नए सदस्य और पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र देकर व फूलमाला पहनकर स्वागत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारी से अधिक से अधिक संख्या में चिंतन शिविर में पहुंचने का आह्वान किया। आज की मीटिंग में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी रोहिताश सिंह, संरक्षक भूदेव प्रधान, मंडल मीडिया प्रभारी रामोद कुमार, जिला प्रभारी शमशाद हुसैन गुर्जर, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष यशपाल राठी, जिला अध्यक्ष परविंदर बालियान, युवा जिला अध्यक्ष आकाश डबास, मास्टर वेदपाल सिंह एडवोकेट, तुषार तेवतिया, उत्तम सिंह, अल्ताफ अहमद, हसीना, ज्योति, महिला जिला अध्यक्ष रुखसाना, कमलेश देवी, डॉक्टर सत्तार पार्थ चौधरी, अनिल चौहान, सुरेंद्र सिंह, संजीव दहिया, प्रेम सिंह, अनीस प्रधान, सलमान, शिव कुमार, विधि प्रकोष्ठ शीला, अध्यक्ष राजकुमार, नगर अध्यक्ष चांदपुर बाबर अली आदि भारी संख्या में पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।



## चिकित्सा शिविर में मरीजों की जांच



**नहटौर।** मोहल्ला हलवाईयान के पंचायती घेर में पोसवाल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल धामपुर की ओर से एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें चिकित्सकों ने मरीजों की जांच करते हुए निशुल्क दवाइयां वितरित की। मोहल्ला हलवाईयान के पंचायती घेर में एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ओसवाल मल्टी स्पेशलिस्टी हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने मरीजों की जांच की और उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित की। इसके अलावा चिकित्सकों ने मरीज को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देते हुए कहा कि स्वस्थ रहने के लिए जागरूक रहना आवश्यक है। खान-पान व मौसम के बदलाव में अपना ख्याल रखें। नियमित रूप से व्यायाम अवश्य करें और स्वस्थ रहने के लिए अपनी दिनचर्या में पानी भरपूर पिए। स्वास्थ्य परेशानी होने पर अच्छे चिकित्सकों की सलाह ले। स्वस्थ रहने के लिए जागरूक रहना भी आवश्यक हैं निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों की संख्या में मरीजों ने भाग लेते हुए जांच कराते हुए दवाइयां ली। चिकित्सक शालनी झा सहित कई

## एक नजर

### शोभायात्रा निकाल कर प्रतिमाओं की स्थापना



**किरतपुर।** 105 क्षुलक रतन तरण सागर महाराज के निर्देशन एवं सानिध्य में श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में तीर्थक 1008 पदम प्रभु जी एवं तीर्थंकर नेमिनाथ जी प्रतिमा विराजमान की गई। हस्तिनापुर से चलकर बस स्टैंड पर बैंड बाजे द्वारा दोनों प्रतिमाओं का स्वागत किया गया तथा 105 तरण सागर जी महाराज के सानिध्य में नगर में शोभायात्रा निकालकर दोनों प्रतिमाओं का मंदिर में अभिषेक कर उन्हें उनके स्थान पर विराजमान किया गया। कार्यक्रम के पश्चात वात्सल्य भोज का भी आयोजन किया गया, जिसमें नगर के गणमान्य जैन समाज एवं पत्रकार बंधुओ ने वात्सल्य भोज का आनंद लिया। शोभा यात्रा में सुरेंद्र जैन, अनिल जैन, अविनाश जैन, जितेंद्र जैन, अरविंद जैन, संजय जैन, विपिन जैन, नीरज जैन, दीपक जैन, सानू जैन, सतीश जैन, आयुष जैन, सुनील जैन, निश्चल जैन, हनी जैन, अरिहंत जैन, अनंत जैन, अंकुर जैन, सुनीत जैन, वैभव जैन, सचिन अग्रवाल, रितु शर्मा, गौतम अमित अग्रवाल, दिव्या अरोड़ा, मुकेश गोयल, प्रदीप चौहान, अशोक गुप्ता, रजनीश, सुरेश शास्त्री, अनुराग, डॉक्टर प्रसून, डॉक्टर हेमेंद्र, डॉ. रंध्र गौरव जैन, आकाश जैन, नवीन अग्रवाल, सभासद मयंक अग्रवाल, रजनी जैन, गुंजन जैन, शालिनी जैन, बबिता जैन, हिंदू जैन, शशि जैन, मंजू जैन, मोहनी जैन, मनी जैन, सविता जैन, कल्पना जैन, नैंसी, प्रियंका जैन, नित्य अग्रवाल, बरखा अग्रवाल, स्नेह लता जैन, दीप्ति जैन, रेखा जैन, सीमा जैन, उमा जैन, सरिता जैन, सहेली जैन, बबिता जैन आदि भक्तजन उपस्थित रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस मनाया



**बिजनौर।** गोविंदा मॉर्निंग क्लब ने अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस मनाया। इस अवसर पर जजी चौराहे स्थित चाय की दुकान पर कुल्हड़ वाली चाय का आनंद लेते हुए कर्मचारी नेता राकेश शर्मा ने कहा कि विश्व में चाय ही एक ऐसा पेय है जो पानी के बाद सबसे अधिक मात्रा में पिया जाता है। अभी मेहमानों के स्वागत में सबसे अधिक चाय ही पिलाई जाती है। कोई कितनी भी गंभीर बीमारी से पीड़ित हो। किसी भी छोटे अथवा बड़े अस्पताल में भर्ती हो। डॉक्टर सर्वप्रथम उसको चाय और दो बिस्कुट के लिए ही बोलते हैं। हां यदि शुगर है तो चाय बिना चीनी की पिलानी है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार प्रतिवर्ष के 21 मई को अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर राकेश शर्मा, डॉ. प्रमोद कुमार, अशोक अग्रवाल, अशोक यादव, आशाराम सिंह, इंजीनियर चरण सिंह, इंजीनियर प्रकाश वीर रस्तोगी, दिनेश चौहान, गणेश ठाकुर, राम मूर्ति गौतम, राजीव चौहान, संजीव बिश्नोई, कमलवीर सिंह, वीरेंद्र कुमार वर्मा, सोरन सिंह परिहार, अरविंद कुमार शर्मा, रतिराम, राकेश रस्तोगी आदि की उपस्थिति महत्वपूर्ण रही।

## ताइक्वांडो में स्वर्ण पदक व रजत पदक प्राप्त किये



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** एम.एस. ताइक्वांडो एकेडमी के खिलाड़ियों ने नगर किरतपुर के सत्यवती मेमोरियल एकेडमी में 13वीं जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। जिसमें जनपद के लगभग 45 स्कूलों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

यह प्रतियोगिता सब जूनियर, जूनियर वर्ग, सीनियर वर्ग में खेली गई। जिसमें एम.एस. ताइक्वांडो एकेडमी धामपुर के खिलाड़ियों ने भी प्रतिभाग किया, जिसमें निखिल कुमार, कार्तिक कुमार, जिशांत सिसोदिया, यश शर्मा, वंश, मोहम्मद फाजिल, उजैर, तारूस, धीर चौहान, अनीश सिसोदिया, आरना, अजहर, विराट गौतम ने स्वर्ण पदक व पार्थ ने रजत पदक प्राप्त किया। धामपुर पहुंचने पर रिटायर्ड पुलिस इंस्पेक्टर जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेश वरिष्ठ महा समिति लखनऊ धर्मेश कुमार चौहान, पूर्व खेल अधिकारी श्रीमती सुनीता नंदा और ग्राम पंचायत नसीरपुर बनवारी सेक्रेटरी सलमान खान द्वारा बच्चों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया और साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। सभी प्रतिभागी मेडल और प्रमाण पत्र पाकर अति उत्साहित हुए। ताइक्वांडो कोच दीपिका सिंह शिवानी सिंह के नेतृत्व में यह सम्मान समारोह संपन्न हुआ।

# सम्मान समारोह में मेधावी सम्मानित

## नकद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र दिए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा 2025 में स्थान प्राप्त करने वाले भैयाओं को प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि धामपुर तहसील के तहसीलदार धनराज कुमार जी रहे। इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में हाई स्कूल में ठाकुर रवि प्रताप 95% अंक लेकर प्रथम, यश कुमार 91.5% अंक लेकर द्वितीय, वंश चौहान 89.2% अंक लेकर तृतीय स्थान पर रहे। इण्टर में 90.8% अंक लेकर तनिष्क प्रथम, 89.6% अंक लेकर पर्व कुमार द्वितीय, 86.8% अंक लेकर सिद्धार्थ तृतीय स्थान पर रहे। अन्य अतिथियों में प्रबंध समिति के अध्यक्ष धर्मपाल सिंह, उपाध्यक्ष ज्ञानेश्वर सिंह, व्यवस्थापक ब्रजमोहन गुप्ता, पूर्व प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह के अतिरिक्त डॉक्टर इन्द्रदेव सिंह (पूर्व विधायक अफजलगढ़), डॉक्टर एनपी सिंह (मण्डल प्रभारी हिन्दू युवा वाहिनी), भूपेन्द्र कुमार शर्मा (प्रभारी जनवाणी बिजनौर जनपद), अनिल कश्यप (पत्रकार विधान केसरी), शनि चंद्रा सर्च इण्डिया न्यूज, सचिन प्रजापति, चक्षु राजपूत इंजीनियर (पूर्व प्रचारक), अरुण कुमार (जिला प्रचारक धामपुर) आदि गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति से विद्यालय प्रांगण शोभायमान रहा। स्थान प्राप्त करने वाले भैयाओं के माता पिता भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के आचार्य रामजी पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम विद्यालय के विशाल सभाकक्ष में दीप प्रज्ज्वलन से प्रारम्भ हुआ। दीप प्रज्ज्वलन तहसीलदार धनराज सिंह व अन्य अतिथियों ने किया। दीप प्रज्ज्वलन के उपरान्त सरस्वती वंदना ने सभी को आत्म मुग्ध कर दिया। प्रधानाचार्य हेमेन्द्र सिंह ने सभी अथितियों को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र से हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य राजबीर सिंह, कावेन्द्र सिंह, दयाशंकर दूबे, विनय शर्मा, योगेश कुमार, सतीश कुमार, विवेक गुप्ता, राजेश कुमार, सुनील कुमार, चमन सिंह, नारायण हरि आदि सभी के अतिरिक्त अन्य सभी की भी विशेष सहभागिता रही।

# बरेली क्षेत्र के किसानों ने देखी गन्ना सहफसली फसले

## प्रगतिशील किसानों का बिजनौर जनपद में भ्रमण





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** बरेली जनपद क्षेत्र के प्रगतिशील किसानों का एक प्रतिनिधि मंडल गन्ना मिल अधिकारियों के साथ चांदपुर पहुंचा। जिन्होंने गांव-गांव घूमकर गन्ना किसानों से मिलकर उनके खेतों में पहुंच कर उनके खेतों में खड़ी गन्ना फसल के साथ साथ टमाटर, आलू, बैंगन, भिंडी, मिर्च आदि की फैसले देखी।

मुख्यमंत्री कृषक विशेष प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत चीनी मिल माझावली, असमोली एवं द्वारिकेश चीनी मिल के प्रगतिशील कृषकों द्वारा जनपद के चांगीपुर, चाँदपुर और स्योहारा क्षेत्र मे रटून मैनेजमेंट, यंत्रिकरण, प्रजातीय बदलाव कृषि रक्षा उपायों को धरातल पर देखा। कृषको द्वारा जनपद में हो रहे ट्रेंच प्लांटिंग और रटून क्रॉप मे आरएमडी के प्रयोग विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। सर्वप्रथम सभी कृषकों को सूक्ष्म जलपान कराकर जिला गन्ना अधिकारी पीएन सिंह के नेतृत्व में सहकारी गन्ना विकास समिति चांदपुर सचिव जितेंद्र कुमार, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक, फूड्स शुगर मिल जीएम द्वारा स्वागत किया गया। कृषको को चांगीपुर के ग्राम रोशन नगर में कृषक करण सिंह पुत्र घनश्याम सिंह के खेत पर वैरायटल ट्रायल दिखाया गया। कृषक द्वारा अपने प्लाट पर 17231 कोसे 18231/16202 प्रजातियों को ट्रेंच बिधि से गन्ना बोया गया हैं। कृषक द्वारा रटून मैनेजमेंट में रमद का प्रयोग देखा। इसी प्लाट पर विभागीय फार्म मशीनरी बैंक रटून मैनेजर, वीडर, ट्रेंच ओपनर, प्लांटर, पावर स्प्रे मशीन सहित अन्य आधुनिक उपकरणों का लाइव डेमो दिखाया गया, जिसकी कृषकों द्वारा सराहना भी की गई। ग्राम हीमपुर पृथया मे कृषक अवनीश कुमार के खेत पर वैरायटल डाइवर्सिटी देखा। कृषक द्वारा बिभागीय स्वीकृत प्रजातिओं को लगाया गया हैं। कृषक द्वारा पेड़ी प्रबंध मे अच्छा कार्य किया गया हैं। आगंतुक कृषकों द्वारा फीड बैक में बताया गया की मिल क्षेत्र में कृषकों द्वारा 5 फीट पर गन्ना लगाया गया हैं।

विजिट के दूसरे चरण मे विलेज रुक्कनपुर चिनी मिल चांदपुर में कृषक योगराज का सहफसली गन्ना +मिर्च व रटून मैनेजमेंट का प्लाट देखा। कृषक द्वारा अपनी फसलों में त्रिकोडेर्मा का प्रयोग किया गया बताया। ग्राम हीमपुर बुजुर्ग में कृषक के प्लाट पर गन्ना+ टमाटर+शिमला मिर्च की खेती का डेमो देखा। कृषकों द्वारा बहुत सराहना की गई। कृषकों की आय दुगुनी के दृस्टिगत ये सहफसली एक अच्छा विकल्प हैं।

सम्पूर्ण विजिट में जीएम चांगीपुर, जीएम पीबीएस फूड्स चांदपुर, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक चांदपुर विश्वामित्र पाठक, सचिव जितेंद्र कुमार और धामपुर, नजीबाबाद सचिव सहित मिल स्टाफ व राजकीय स्टाफ मौजूद रहे। इस विजिट में जिला गन्ना अधिकारी पीएन सिंह ने बाहर से पहुंची शिक्षकों की टीम को अत्यंत ही गंभीरता से गन्ना फसल की अच्छी पैदावार और गन्ना फसल के साथ-साथ सह फसली प्रक्रिया को अपनाने, अच्छा लाभ मिलने के बारे में बताया।

गौरतलब है कि जिला गन्ना अधिकारी पीएन सिंह इस विजिट में साथ रहे और गांव-गांव किसानों के खेत-खेत पहुंचे और किसानों से अपनी बात साझा की। जिला गन्ना अधिकारी पीएन सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस विजिट में चांदपुर स्थित सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड के सचिव जितेंद्र कुमार, गन्ना परिषद से सीनियर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक, शुगर मिल चांदपुर से जीएम दीपक कुमार सोलंकी, गन्ना पर्यवेक्षक चौधरी संसार सिंह आदि भी शामिल रहे।

## नगर पालिका ने तिरंगा यात्रा धूमधाम से निकाली




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** नगर पालिका द्वारा आप्रेशन मिशन सिंदूर की कामयाबी पर तिरंगा यात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली गई।

पालिका कार्यालय पर आप्रेशन सिंदूर मिशन के अंतर्गत चेयरपर्सन विमला देवी की अगुवाई में सभासदों, नगरवासियों ने सेना द्वारा आप्रेशन की सफलता पर तिरंगा यात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली। तिरंगा यात्रा का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर सभासद वरुण अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष पीयूष चौहान, राजीव चौहान, हेमंत पवार, चंद्रपाल सिंह, रविकुमार, कमल, अंकुश, नितिन, राकेश, पालिका कर्मचारी अजय मोहन, राजेंद्र सिंह, चरण सिंह, मोहम्मद नौशाद, अंकित कुमार आदि मौजूद रहे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**बानू मुश्ताक....**अनुभव के ताने-बाने में हर धागा मायने रखता है। ऐसी दुनिया में जो अक्सर हमें बांटने करने की कोशिश करती है, साहित्य उन खोई हुई पवित्र जगहों में से एक है, जहां हम एक-दूसरे के दिमाग में रह सकते हैं, भले ही कुछ पन्नों के लिए ही क्यों न हो। 5 किताबें, जो बुकर प्राइज की रेस में थी- ऑन द कैलकुलेशन ऑफ वॉल्यूम, लेखक- सोलवेज बैले, ट्रांसलेटर- डेनिश से बारबरा जे. हैवलैंड, स्मॉल बोट, लेखक- विंसेंट डेलेक्रोइक्स, ट्रांसलेटर- हेलेन स्टीवेंसन, अंडर द आई ऑफ द बिग बर्ड, लेखक- हिरोमी कावाकॉमी, ट्रांसलेटर- आसा योनेडा, परफेक्शन, लेखक- विन्सेन्जो लैट्रोनिको, ट्रांसलेटर- सोफी ह्यूजेस, ए लेपर्ड-स्किन हैट, लेखक- ऐनी सेरे, ट्रांसलेटर- मार्क हचिंसन। 2022 में गीतांजलि श्री के उपन्यास रेत समाधि (टाम्ब ऑफ सैंड) को इंटरनेशनल बुकर प्राइज से सम्मानित किया गया था। 2022 में गीतांजलि श्री के उपन्यास रेत समाधि (टाम्ब ऑफ सैंड) को इंटरनेशनल बुकर प्राइज से सम्मानित किया गया था। इससे पहले 2022 में भारत की राइटर गीतांजलि श्री ने उपन्यास टाम्ब ऑफ सैंड के लिए प्रतिष्ठित बुकर प्राइज जीता था। टाम्ब ऑफ सैंड बुकर जीतने वाली हिंदी की पहली किताब थी। इसका अंग्रेजी अनुवाद डेजी राकवेल ने किया है। गीतांजलि श्री का उपन्यास हिंदी में 'रेत समाधि' नाम से पब्लिश हुआ था। गीतांजलि श्री का उपन्यास दुनिया की उन 13 पुस्तकों में शामिल था, जिन्हें पुरस्कार की लिस्ट में शामिल किया गया था। पुरस्कार की घोषणा 7 अप्रैल 2022 में लंदन बुक फेयर में की गई थी।

**छत्तीसगढ़ में ...** जवान घायल भी हुए है। घायल जवानों को तत्काल मेडिकल हेल्प प्रदान की गई है। घायल जवानों की स्थिति खतरें से बाहर है। बस्तर आईजी ने इस घटना में माओवादी संगठन के कई बड़े लीडरों के मारे जाने और घायल होने की भी आशंका जताई हैं। बताया गया कि अभी भी उक्त इलाके में जवानों के द्वारा सर्च ऑपरेशन जारी है। मुठभेड़ स्थल पर नक्सलियों के शीर्ष कमांडरों को भी सुरक्षाबलों ने घेर लिया है। इनमें नक्सली लीडर रुपेश और विकल्प के भी फंसे होने की जानकारी सामने आई है। इन दोनों पर सुरक्षा एजेंसियों को लंबे समय से नजर थी और अगर इनकी गिरफ्तारी या मुठभेड़ में मारे जाने की पुष्टि होती है तो यह नक्सल विरोधी अभियान में यह एक बड़ी कामयाबी होगी। दक्षिण बस्तर क्षेत्र के उप पुलिस महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप ने बताया कि नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाघ तथा कोंडागांव जिले के स्थानीय जिला रिजर्व पुलिस के जवान इन चारों जिलों के सीमावर्ती क्षेत्र में लगातार नक्सलियों से मुठभेड़ जारी है। जिला रिजर्व पुलिस के जवान स्थानीय होने के कारण में इलाके के भौगोलिक स्थिति से परिचित है। सूत्रों के अनुसार अबुझमाड़ क्षेत्र में एक करोड़ का इनामी नक्सली नेता जनरल सेकेटी डुबाला केशव राव उर्फ राजू समेत तीस से अधिक नक्सली मारे जाने की खबर है।

## आतंकवाद हमारे लिए केवल वार्ता का विषय नहीं: रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि आतंकवाद के कारण किसी एक व्यक्ति की भी जान गंवाना अब भारत को मंजूर नहीं है, इसलिए आतंकवाद हमारे लिए अब केवल वार्ता का विषय नहीं रह गया है। श्रीमती गुप्ता ने बुधवार को यहां तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाने के बाद कहा कि देश की सेवा, रक्षा और एकजुटता के लिए हमेशा हमारा खालसा पंथ आगे रहा है और आज यह तिरंगा यात्रा यही संदेश लेकर आया है कि देश का हर एक व्यक्ति इस मातृभूमि के लिए मर मिटने के लिए तैयार है और वह देश की सेना और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आदेश पर एक एक व्यक्ति सरहद पर खड़ा होने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भारत ने आतंकवाद के खिलाफ उचित निर्णय लिया है और विश्व के पटल पर भारत का संदेश जाना आवश्यक है कि भारत एकजुट और एकमत है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद हमारे लिए केवल वार्ता का विषय नहीं है। हमारे देश के एक भी व्यक्ति की जान आतंकवाद की वजह से यह हमारी सरकार मंजूर नहीं है। उन्होंने कहा कि यह तिरंगा रैली हमारे वीर जवानों की साहसिक गाथाओं को जन-जन तक पहुंचाने और युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करने का प्रतीक है। यह भारतीय सेना की गौरवपूर्ण उपलब्धि हर देशवासी के लिए गर्व का विषय है।

## यूपी में 14 आईएएस इधर से उधर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने चार जिलाधिकारियों समेत भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 14 अधिकारियों का तबादला कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार को मौजूदा दायित्व के साथ साथ कृषि उत्पादन आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है, जबकि हरदोई के जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह को बलिया का जिलाधिकारी बनाया गया है। वहीं बलिया के मौजूदा डीएम बलिया प्रवीण कुमार लक्षकार को संयुक्त प्रबंध निदेशक यूपी जल निगम (शहरी) के पद पर स्थानांतरित किया गया है। जिलाधिकारी महाराजगंज अनुनय झा को हरदोई का नया डीएम बनाया गया है, जबकि अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) संतोष कुमार शर्मा अब महाराजगंज के नए जिलाधिकारी होंगे। सिद्धार्थ नगर के मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) जयेंद्र कुमार को अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और नगर आयुक्त अयोध्या के पद पर स्थानांतरित किया गया है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गोरखपुर मृणाली अविनाश जोशी को सीडीओ सिद्धार्थ नगर के पद पर तैनात किया गया है। संस्कृति विभाग में विशेष सचिव रविन्द्र कुमार-1 को कृषि विभाग में इसी पद पर भेजा गया है। संयुक्त प्रबंध निदेशक यूपी जल निगम ज्ञानेन्द्र सिंह को डीएम पीलीभीत बनाया गया है। संजय कुमार सिंह को संस्कृति विभाग में विशेष सचिव बनाया गया है। उपाध्यक्ष अलीगढ़ विकास प्राधिकरण अपूर्वा दुबे को निदेशक राज्य नगरीय विकास प्राधिकरण (सूडा) बनाया गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8434 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# डीएफओ कार्यालय में तालाबंदी

## ईनामपुरा प्रकरण को लेकर भाकियू का आंदोलन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** ईनामपुरा प्रकरण को लेकर वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा किसानों का उत्पीड़न करने के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ताओं ने डीएफओ कार्यालय में तीन घंटे तक तालाबंदी रखी। कर्मचारियों को कार्यालय के अंदर बंद कर दिया गया। भीषण गर्मी में कर्मचारी पसीने-पसीने हो गए। बाद में एसडीएम ने ताला खुलवाकर कर्मचारियों को बाहर निकलवाया।

प्राप्त समाचार के अनुसार भारतीय किसान यूनियन की जिला स्तरीय मासिक पंचायत आज डीएफओ कार्यालय पर हुई। पंचायत में जनपद के किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा के साथ ही प्राथमिकता में ईनामपुर का गुलदार प्रकरण का मुद्दा विशेष रहा। ब्लॉक मौहम्मदपुर देवमल के ग्राम ईनामपुरा में पिछले दिनों किसान इकबाल के घर में एक गुलदार घुस आया था। जिसने उनके कुत्तों पर हमला कर दिया था। कुत्तों ने उसे घेर लिया था। किसानों ने रस्सी का फंदा डालकर गुलदार को पकड़ लिया था। रेंजर को इस बारे में अवगत कराया गया था। वन विभाग की टीम मौके पर आई थी। टीम सकुशल गुलदार को अपने साथ ले गई थी। बदकिस्मत से तीन दिन बाद वन विभाग के अधिकारियों के पास मौजूद वह गुलदार मर गया। अपनी जान बचाने के लिए विभाग के अधिकारियों ने किसानों पर मुकदमा दर्ज करा दिया, जबकि कोई गवाह व सबूत ऐसा नहीं है, जिससे साबित होता हो कि किसानों ने गुलदार को मारा हो। पंचायत में हुमकार भरते हुए कहा गया कि सभी बेगुनाह किसानों के विरूद्ध दर्ज मुकदमा वापस लिया जाए। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि जब तक मुकदमा वापस नहीं होता है, तब तक यूनियन का अनिश्चितकालीन धरना डीएफओ कार्यालय पर चलता रहेगा। इस बीच अगर जनपद में किसी भी गुलदार ने कोई अप्रिय घटना की, तो भारतीय किसान यूनियन वन विभाग के अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा लिखवाने का काम करेगी।

इस दौरान एसडीएम वहां पहुंच गए और उन्होंने तीन घंटे से बंद वन विभाग के कर्मचारियों को जैसे-तैसे बाहर निकलवाया। भीषण गर्मी में कार्यालय के अंदर बंद कर्मचारियों का बुरा हाल था। पंचायत की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चौधरी सत्यवीर सिंह ने की। जिला मुख्य महासचिव विजय पहलवान ने संचालन किया। पंचायत में जिला महासचिव सुनील प्रधान, जिला महासचिव नरदेव सिंह, तहसील अध्यक्ष बिजनौर बड़ा सिंह, ब्लॉक मौहम्मदपुर देवमल अध्यक्ष विजय सिंह, कविराज सिंह, अशोक कुमार, ऋषिपाल सिंह, कल्याण सिंह, मुकुल कुमार, अवनीश चौधरी, अजय वालिया, अंकुर चौधरी, विकार अहमद, याकूब, पंकज शेरावत, संदीप त्यागी, मनप्रीत सिंह, हनीफ, दिनेश कुमार, मुकुल शेरावत, ब्रजेश चौधरी, उपमा चौहान, आशु चौधरी, सूरत वालिया मुकुल चौधरी आदि मौजूद रहे।





### मण्डावर के दलाल कर रहे सौदेबाजी

**मण्डावर।** ईनामपुरा प्रकरण को लेकर मण्डावर के दलाल सौदेबाजी कर रहे है। दलाली को लेकर बदनाम चेहरों के द्वारा इस मामले में वन विभाग के द्वारा आरोपी बनाए गए ग्रामीणों को बचाने के वास्ते मोटी रकम की मांग की जा रही है। चर्चा है कि एक व्यक्ति के द्वारा एक लाख रुपए की डिमांड की जा रही है। क्षेत्र में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों की मजबूरी का फायदा उठाने का प्रयास किया जा रहा है। दलाल को ग्रामीण अपने पास नहीं बैठने दे रहे। चर्चा है कि दलाल अब बचने के लिए नए-नए बहाने बना रहा है। कस्बे में दलालों की बढ़ती संख्या चिंता का विषय है।

## एक नजर

### करंट लगने से इमाम की मौत



**राजा का ताजपुर।** जिला शाहजहांपुर निवासी जामा मस्जिद के इमाम हजरत मौलाना आमिर (32 वर्ष) शाहजहांपुरी लगभग दस साल से जामा मस्जिद में इमामत करते थे। आज सुबह फजर की नमाज पढ़ाने उठें तो अचानक कुलर में पानी डालते समय बिजली का करंट हाथ में लगने से उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जब ग्राम के लोग नमाज पढ़ने के लिए मस्जिद पहुंचे, तो इमाम साहब जमीन पर पड़े हुए थे। नमाजियों ने उनकों जमीन पर पड़ा देखा, तो उनके पैरों की जमीन खिसक गई। नमाजियों ने तुरंत निजी डॉक्टर को दिखाया तो उन्होंने उनको मृतक घोषित कर दिया। ग्राम में इमाम साहब की मौत से पुरे ग्राम में गम का माहौल पैदा हो गया। उनके इंतकाल से ग्रामीणों ने एक मेहनती और ईमानदार इमाम को खो दिया है। बाद नमाज ईशा के बाद शाहजहांपुर में उनका दफीना किया गया। इस मौके पर मौलाना मौहम्मद अली हजरत, मुफ्ती अरसद, मौलाना अबरार हकीम, असरारुल हक, मौलाना शाहिद, मुफ्ती सलमान, मौलाना लतीफुर्रहमान, डॉ. फुरकान, कारी मुंतजीम, कारी जाहिद, कारी अजीम, कारी गुफरान साजीदी, मौलाना नईम अहमद कासमी, मौलाना आकिल, मुफ्ती अताउर्रहमान, कारी जकी आदि मौजूद रहे। क्षेत्र के उलमाओं में गम का माहौल है।

### सत्तारवाला के दो गिरफ्तार

**बिजनौर।** नगीना देहात पुलिस ने सत्तारवाला ग्राम के निवासी नदीम व मतीन पुत्रगण नत्थू कुरैशी को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ पूर्व से कई अभियोग पंजीकृत है।

### नूरपुर में दो चोर गिरफ्तार



**बिजनौर।** नूरपुर पुलिस ने थाना हल्दौर के ग्राम कुंडा निवासी महिपाल पुत्र रामचरण एवं नहटौर के ग्राम मीमला मुस्तफाबाद निवासी अजीम पुत्र शकील को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया है। इनके पास से नकदी भी बरामद की गई है। नूरपुर व थाना हल्दौर में अभियुक्तों के खिलाफ इस संबंध में मुकदमे पंजीकृत है।

### सभासद बदर मुनीम ने किया उद्घाटन



**नगीना।** मुनीम चौक स्थित पब्लिक मेडिकल स्टोर का शुभारम्भ नगर पालिका परिषद नगीना के सभासद व समाजसेवी बदर मुनीम ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर समाजसेवी बदर मुनीम ने कहा कि सस्ते दामों पर लोगों को दवा उपलब्ध कराएं ताकि गरीब से गरीब लोग पूर्ण रूप से रोग का इलाज करा सकें और उनको दवा दुकान से लाभ मिले। गरीब की सेवा करना ही इंसान का धर्म है। उन्होंने अपने बारे में कहा कि नगीना की अवाम की खिदमत करना उनके जीवन का एकमात्र लक्ष्य है। वह जब तक जिंदा रहेंगे नगीना के लोगों की सेवा करते रहेंगे। इस मौके पर सभासद मोहम्मद अहमद, मोहम्मद आरिफ, नदीम अहमद, फहीम अहमद, कई मीडिया प्रतिनिधियों सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## पशु चिकित्सकों की टीम लगा रही बाघ शावकों की मौत का कारण

### नर बाघ के पद चिन्ह मिले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालागढ़।** कालागढ़ रेंज के लक्कड़घाट बीट स्थित मैग्जीन सोत क्षेत्र में दो बाघ शावकों के क्षत-विक्षत शव मंगलवार को बरामद किए गए थे। मिट्टी लाने वालों की निशानदेही पर वन विभाग की टीम को पहले शावक का शव मैग्जीन सोत के एक छोर पर मिला और थोड़ी ही दूरी पर दूसरे शावक का शव भी सड़ी-गली अवस्था में दिखाई दिया।

दोनों शावकों के शवों के सभी अंग, दांत, नाखून, हड्डियां और खाल मौके पर ही पाए गए। सूचना मिलते ही वन विभाग के उच्चाधिकारी और विशेषज्ञों की टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल और आसपास के क्षेत्र में तत्काल सघन गश्त कर संदिग्ध गतिविधियों का पता लगाने की कोशिश की गई। लेकिन फिलहाल कोई आपराधिक गतिविधि या अन्य संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। घटनास्थल पर नर बाघ की मौजूदगी के पगमार्क पाए गए हैं। जिससे प्रथम दृष्टया आशंका जताई जा रही है कि यह घटना एक नर बाघ द्वारा क्षेत्रीय संघर्ष या शिकारी प्रवृत्ति के कारण की गई हो सकती है। लेकिन सवाल यह है वन विभाग लम्बी व छोटी गश्त करने वाले कर्मचारियों को इन शावक की लाशों की सूचना समय रहते क्यों नहीं मिल पाई। वही वन्यजीव विभाग ने पशु चिकित्सकों की देखरेख में निर्धारित मानकों और एसओपी के अनुसार दोनों शावकों का मौके पर ही शव का पोस्टमार्टम कर जलाया गया।

घटनास्थल पर उप निदेशक कार्बेट टाइगर रिजर्व राहुल मिश्रा, उप प्रभागीय वनाधिकारी कालागढ़ बिंदर पाल, वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजीव कुमार, डॉ. हिमांशु पांडे, फैजान अंसारी, टाइगर कंजर्वेशन फाउंडेशन के ए.जी. अंसारी, वन क्षेत्राधिकारी मनीष कुमार, वन दरोगा महेश चंद्र जोशी, भारत सिंह रावत सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## उप केंद्र में तैनात जेई का वीडियो वायरल

**नहटौर।** नहटौर के विद्युत उपकेंद्र में तैनात जेई का एक वीडियो सोशल मीडिया पर बुधवार को वायरल हो रहा है। वीडियो फरवरी माह का बताया जा रहा है। एक व्यक्ति द्वारा उनके कार्यालय में ही जेई को विश्वास में लेकर यह वीडियो बनाया गया है। जिसमे जेई अपने अधिकारियो के सबंध में लेन-देन की बाते करते हुए नजर आ रहे है। यह वीडियो वायरल होने के बाद मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। वीडियो के बारे में जेई नूतन प्रकाश का कहना है कि नहटौर के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने फरवरी माह में कार्यालय में बातचीत के दौरान यह वीडियो बनाई थी। वह वीडियो के आधार पर उच्चाधिकारियों से शिकायत कर चुका है। वह स्पष्टीकरण दे चुके हैं। जेई का आरोप है कि वीडियो बनाने वाला व्यक्ति के घर पर बिजिलेंस ने छापेमार कार्रवाई करते हुए कार्रवाई की थी। उसने अपने गांव के चार-पांच लोगों के खिलाफ कार्रवाई कराने का दबाव भी बनाया था। उन्होंने गलत कार्रवाई से इंकार कर दिया था। उसे फंसाने के लिए वीडियो वायरल किया है।

## शिक्षक नेता गय्यूर आसिफ संगठन की प्रांतीय आईटी सेल के सदस्य नामित

### शिक्षक संघ ने जताया प्रांतीय नेतृत्व का आभार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष गय्यूर आसिफ को संगठन के केंद्रीय नेतृत्व ने प्रांतीय स्तर पर गठित आईटी सेल का सदस्य नामित किया है।

संगठन के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि बुधवार को केंद्रीय कार्यालय द्वारा जारी पत्र के माध्यम से प्रदेश स्तर पर संगठन की समस्त गतिविधियों को प्रचारित एवं प्रसारित करने के लिए गठित 7 सदस्यीय समिति में जनपद बिजनौर के कर्मठ एवं जुझारू अध्यक्ष गय्यूर आसिफ को आईटी सेल में सम्मिलित किया गया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि



श्री आसिफ का मनोनयन जनपद के समस्त शिक्षकों के लिए गौरव और हर्ष का विषय है। विनोद कुमार ने कहा कि प्रांतीय स्तर पर गठित आईटी सेल में नामित होना गय्यूर आसिफ के कठिन परिश्रम सेवा भाव तथा संगठन के प्रति उनकी निष्ठा का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विगत वर्षों में आसिफ ने जिला अध्यक्ष के रूप में जनपद की प्रत्येक शाखा के प्रत्येक शिक्षक से संपर्क साधकर जिस प्रकार से शिक्षकों की समस्याओं को संकलित कर उनके निस्तारण का प्रयास जनपद स्तर से लेकर मंडल स्तर तथा लखनऊ तक किया है, उनकी इस कार्यशैली से प्रभावित होकर प्रांतीय नेतृत्व ने उनको आईटी सेल में सम्मिलित किया है। विनोद कुमार ने आशा प्रकट की जिस प्रकार से गय्यूर आसिफ ने अपने जनपद के शिक्षकों की सेवा की है, वह प्रांतीय नेतृत्व के द्वारा उनसे अपेक्षित दायित्वों का निर्वाह भी इस कर्मठता एवं निष्ठा से करेंगे। वरिष्ठ शिक्षक नेता सुरेंद्र मलिक, कैप्टन बिशनलाल, हिंदू इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य विनेश त्यागी, संगठन के रविंद्र कुमार शर्मा, सुधांशु वत्स, मनोज यादव, चंद्रहास सिंह, मयूर मलिक निर्दोष कुमार, सैयद बिलाल जैदी, डॉक्टर हरीश राजपूत, नफीस अहमद, अरविंद कुमार, अनिल देवरा, सुभाष राजपूत आदि ने गय्यूर आसिफ को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

# भाकियू नेता अंकित व व्यापारी सौरभ की मौत

## दर्दनाक हादसे से टूटा दुखों का पहाड़, बच्ची की भी मौत



मृतक अंकित नरवाल



मृतक सौरभ राजपूत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** दर्दनाक हादसे में भाकियू के ब्लॉक अध्यक्ष अंकित नरवाल एवं मण्डावर के व्यापारी सौरभ राजपूत की मौत हो गई। जिससे कोहराम मच गया। हादसे में ट्रॉली में सवार बच्ची की भी मौत हो गई। कई अन्य घायल भी हुए है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मंडावर थाना क्षेत्र के ग्राम काजीवाला निवासी भाकियू अराजनीतिक के ब्लॉक अध्यक्ष अंकित नरवाल (35 वर्ष) रात्रि करीब एक बजे कार से बिजनौर से वापस अपने घर लौट रहे थे। जबकि कार मंडावर में स्थित हीरो बाइक एजेंसी के स्वामी सौरभ राजप. .त चला रहे थे। सफर के दौरान दोनों आपस में बातें कर रहे थे। इस बीच मण्डावर रोड पर ट्रेक्टर ट्राली जा रही थी। ग्राम हमीदपुर के पास ट्रेक्टर ट्राली में सवार ग्रामीणों ने ट्रेक्टर-ट्राली रूकवा ली। इस बीच सामने से अन्य वाहन आ गया। जिसकी तेज लाइट आंखों पर पड़ने की वजह से कार चला रहे सौरभ राजपूत को सामने मौजूद ट्रेक्टर ट्राली नहीं दिखाई दी। कार पीछे से ट्रेक्टर ट्राली में घुस गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखचे उड़ गए। कार के दोनों एयर बैग खुल गए थे, लेकिन टक्कर जबरदस्त होने के कारण अंकित नरवाल व सौरभ राजपूत गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां पर अंकित नरवाल को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि गंभीर रूप से घायल सौरभ राजपूत (36 वर्ष) को नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में उन्हें हायर सैंटर रैफर कर दिया गया। लेकिन इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई। किसान नेता व व्यापारी की अचानक मौत से दोनों के परिवारों में कोहराम मच गया है।

### ट्रेक्टर-ट्रालियों की वजह से हादसों में जा रही जाने

**बिजनौर।** जनपद में ट्रेक्टर-ट्रालियों की वजह से होने वाले हादसों में काफी ज्यादा जाने जा रही है। ट्रेक्टरों के ज्यादातर चालक अनाड़ी होते है और उन्हें यातायात के नियमों का पता भी नहीं होता है। वह बीच सड़क पर कही भी ट्रेक्टर-ट्राली रोक देते है। ट्रालियों के पीछे लाइट भी नहीं होती है। जिसकी वजह से पीछे से आ रहे वाहन चालक को ट्रेक्टर-ट्राली दिखाई नहीं देती है। इस तरह के हादसों में अक्सर जाने चली जाती है। छोटे वाहन ट्राली के नीचे घुस जाते हैं।



## चालक की नींद के चलते कार पलटी, छह लोग घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** थाना अफजलगढ़ क्षेत्र के निकट आज सुबह लगभग 4:15 बजे एक गंभीर सड़क हादसा हुआ। जिसमें एक महिंद्रा मराजो गाड़ी (नंबर यूपी 19 एच 9292) सड़क किनारे बने डिवाइडर से टकराकर पलट गई। गाड़ी में कुल छह लोग सवार थे, जिनमें से पांच को हल्की-फुल्की चोटें आई। वाहन चालक को सड़क पर ड्राइविंग के दौरान अचानक नींद आ गई। जिससे वह गाड़ी का नियंत्रण खो बैठा। गाड़ी सड़क किनारे डिवाइडर से जा टकराई और पलट गई। हादसे के समय गाड़ी में मौजूद यात्रियों में काफी हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद पुलिस बल ने तुरंत स्थिति को नियंत्रित करते हुए घायल यात्रियों को अस्पताल पहुंचाया और आसपास के क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखी। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है और संबंधित दस्तावेज जुटाए जा रहे हैं। थाना अफजलगढ़ के प्रभारी अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में दुर्घटना चालक की थकान और नींद आने के कारण हुई प्रतीत हो रही है। उन्होंने कहा कि सभी घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है और स्थिति नियंत्रण में है। पुलिस प्रशासन मामले की गंभीरता को देखते हुए आवश्यक कानूनी कार्रवाई भी करेगा। इस दुर्घटना ने इलाके में चालक की थकान और सड़क सुरक्षा पर एक बार फिर सवाल खड़ा कर दिया है। विशेषज्ञों का कहना है कि लंबी दूरी की ड्राइविंग के दौरान आराम और सावधानी बेहद जरूरी है।

## रिक्शा ठेली और बाइक की भिड़ंत में बालक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** एक दर्दनाक सड़क हादसे में रिक्शा ठेली और बाइक की हुई भिड़ंत में ढाई माह के बालक की मौत हो गई, जबकि उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम इनायतपुर निवासी ओमप्रकाश बुधवार को अपनी पत्नी सरिता और ढाई माह के पुत्र के साथ बाइक से धामपुर दवा दिलाने जा रहा था। बताया जाता है कि जब ओमप्रकाश थाने से पहले बाईपास के निकट पहुंचा, तो बाईपास से अचानक आई एक रिक्शा ठेली से बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में सरिता और उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को धामपुर अस्पताल भेजा जंहा चिकित्सकों ने बालक को मृत घोषित कर दिया, जबकि सरिता को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने रिक्शा ठेला चालक साबिर निवासी मनोहरवाली को हिरासत में ले लिया है।

## जनपद में आंधी के बाद तेज बारिश

### विद्युत आपूर्ति ठप होने से नागरिक परेशान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद में आज शाम आंधी के साथ तेज बारिश आने से गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। लेकिन विद्युत आपूर्ति ठप हो जाने से नागरिक परेशान दिखाई दिए।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज दोपहर से ही आसमान में धुन छाई हुई थी। शाम होते-होते तेज आंधी आ गई। इससे पूरे जनपद में विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। इसके बाद तेज मूसलाधार बारिश हुई। हालांकि बारिश ज्यादा देर तक नहीं हुई। लेकिन बारिश की वजह से कई समस्याएं खड़ी हो गई। जगह-जगह जल भराव हो गया। हालांकि नगर पालिका व नगर पंचायत क्षेत्रों में नालों की सफाई का काम चल रहा है। लेकिन इसमें भ्रष्टाचार हो रहा है। न तो नालों की तलीझाड़ सफाई हो रही है और न ही मलबा हाथों हाथ मौके से हटवाया जा रहा है। जिससे मलबा वापस नाली व नालों में जा रहा है। बारिश की वजह से चारों तरफ कीचड़ फैल गई।

दूसरी तरफ आंधी की वजह से मुख्यालय सहित पूरे जनपद में विद्युतआपूर्ति ठप हो गई। भीषण गर्मी में कई घण्टे तक विद्युत आपूर्ति ठप रहने की वजह से नागरिकों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। एक तो गर्मी और ऊपर से विद्युत आपूर्ति ठप हो जाने की वजह से नागरिक पसीने-पसीने हो गए। जनपद में जब भी आंधी आती है, तो सबसे पहले विद्युत आपूर्ति ठप हो जाती है। विद्युत विभाग के अधिकारी अपनी लाइनों को दुरुस्त नहीं रखते हैं। नागरिकों का कहना है कि विद्युत लाइनों के समीप स्थित सभी पेड़ों को कटवाया जाए। ताकि फाल्ट होने की संभावना खत्म हो जाए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# गेहूं खरीद में बिजनौर ने लगाई लंबी छलांग

## प्रदेश में आठवें स्थान पर पहुंचा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/जिला खरीद अधिकारी बिजनौर अरविन्द कुमार सिंह की टीम के अथक प्रयास से गेहूं खरीद में जनपद प्रदेश में आठवें स्थान पर पहुंचा है।

उल्लेखनीय है कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 में जिला बिजनौर में कुल 44 गेहूं क्रय केंद्र खोले गए हैं, जिन पर गेहूं खरीद का कार्य 17 मार्च से 15 जून 2025 तक चलेगा। इस वर्ष सरकार द्वारा गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य रु. 2425 प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है, जो विगत वर्ष के समर्थन मूल्य से रु. 150 अधिक है। जो सीधे किसान के बैंक खाते में पीएफएमएस के माध्यम से 48 घंटे के अंदर की जा रही है। जनपद को 19000 मी. टन गेहूं खरीद का लक्ष्य प्राप्त हुआ था। जिसके सापेक्ष 18 मई तक 9711.36 मी. टन (लक्ष्य का 51.11 प्रतिशत) खरीद कर प्रदेश में आठवें स्थान पर पहुंच गया है। इस वर्ष स्थाई क्रय केंद्रों के साथ-साथ मोबाइल क्रय केंद्रों के माध्यम से भी गेहूं खरीद कराए जाने की व्यवस्था भी गेहूं क्रय नीति में की गयी है। इससे किसानों को न सिर्फ बिचौलियों से छुटकारा मिला बल्कि किसानों के क्रय केंद्रों तक आने में खर्च होने वाले श्रम, समय, ईंधन आदि की भी बचत हुई। समर्थन मूल्य योजना का किसान भाइयों को अधिकाधिक लाभ दिलाए जाने के उद्देश्य से तथा गेहूं खरीद में प्रगति लाने के लिये जिलाधिकारी द्वारा जनपद के समस्त ग्राम प्रधानों को सीधे पत्र लिखकर सहयोग हेतु विशेष रूप से अपील की गई। जनपद की उत्तराखंड एवं अन्य जनपद से लगने वाले सीमाओं पर भी जिलाधिकारी द्वारा गठित राजस्व विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, पुलिस विभाग तथा मंडी समिति आदि के अधिकारियों की संयुक्त टीमों द्वारा गेहूं के अवैध संचरण पर रोक लगाई गई एवं गेहूं खरीद की नियमित समीक्षा की गयी, जिससे जनपद के अधिकाधिक किसान भाई प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित हुए।

जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर के कुशल एवं गतिशील नेतृत्व तथा उनकी किसान भाइयों के हितों के प्रति संवेदनशीलता का ही परिणाम रहा कि जिला बिजनौर प्रदेश में अनेक जनपदों को पीछे छोड़कर लक्ष्य के सापेक्ष गेहूं खरीद में आठ वें स्थान पर पहुंच गया है।

# भीषण गर्मी के बाद धामपुर में तेज आंधी के साथ बारिश

## राहत के साथ नुकसान की भी आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** चार दिनों से झुलसा रही भीषण गर्मी के बीच बुधवार शाम धामपुर में मौसम ने करवट ली। तेज हवाओं के साथ अचानक आई आंधी और उसके बाद झमाझम बारिश ने लोगों को गर्मी से बड़ी राहत दी। जहां एक ओर तापमान में गिरावट दर्ज की गई। वहीं दूसरी ओर तेज आंधी के कारण क्षेत्र में भारी नुकसान की भी आशंका जताई जा रही है।

शाम करीब 6 बजे के आसपास मौसम में बदलाव हुआ। आसमान में अचानक काले बादल छा गए और तेज हवाएं चलने लगीं। कुछ ही देर में आंधी ने तूफानी रूप ले लिया। तेज रफ्तार हवाओं के कारण कई जगह पेड़ उखड़ गए, बिजली के खंभे गिरने की खबरें आईं और अस्थाई दुकानों व टीन शेड्स को नुकसान पहुंचा। आंधी और बारिश के कारण बाजारों में अफरा-तफरी मच गई। राह चलते लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागे। कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। प्रशासन की ओर से नुकसान का आकलन करने के लिए टीमें रवाना कर दी गई हैं।

बारिश से किसानों को जहां राहत मिली है, वहीं तेज हवाओं के कारण आम जैसे फलों की फसलों को नुकसान पहुंचने की भी आशंका है। कुछ किसानों ने बताया कि तेज हवा से फसलें झड़ गई हैं, जिससे आर्थिक क्षति हो सकती है।

उधर मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान क्षेत्र में और बारिश व तेज हवाओं की संभावना जताई है। लोगों से अपील की गई है कि वे सावधानी बरतें और सुरक्षित स्थानों पर रहें।

## एक नजर

### पुलिस का पैदल गश्त अभियान



**अफजलगढ़।** क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से थाना अफजलगढ़ पुलिस द्वारा मुख्य बाजार, सार्वजनिक स्थलों, मार्गों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पैदल गश्त की गई। पुलिस टीम ने गश्त के दौरान संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी और आम नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। थाना प्रभारी के नेतृत्व में चलाए गए। इस अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों पर नियंत्रण के साथ-साथ जनता को यह विश्वास दिलाना रहा कि पुलिस हर समय उनके साथ खड़ी है। गश्त के दौरान पुलिस कर्मियों ने दुकानदारों व राहगीरों से बातचीत करते हुए सतर्कता बरतने की अपील की। इसके साथ ही किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की बात कही, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की सक्रिय पुलिसिंग से क्षेत्र में विश्वास और सुरक्षा का माहौल कायम होता है।

### सुकन्या समृद्धि योजना के खाते खोले

**कोतवाली देहात।** ग्राम मौजमपुर पदार्थ उर्फ नरेना में डाक विभाग द्वारा सुकन्या समृद्धि योजना का शिविर लगाया गया। शिविर में 10 वर्ष तक की लड़कियों के सुकन्या समृद्धि खाता खोले गए। इस दौरान बताया कि सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत खोले गए खातों का लाभ लड़कियों की शिक्षा तथा उनके भविष्य को मिलेगा। इस अवसर पर गांव को सम्पूर्ण सुकन्या गांव घोषित किया गया। इस दौरान धर्मेश गगनेजा, नीरभान सिंह, ताराचंद, रितिक राठी, लक्ष्मण सिंह आदि उपस्थित रहे।

### पुलिसकर्मी की दर्दनाक मौत



**बिजनौर।** अफजलगढ़ थाने में तैनात हेड कांस्टेबल पुष्पेन्द्र कुमार बुधवार की देर रात जो शेरगढ़ जटपुरा बैरियर से ड्यूटी कर वापस थाना अफजलगढ़ आ रहा था। जैसे ही बाइक जटपुरा शेरगढ़ मार्ग पर पहुंची तो पहले से ही तेज आंधी तूफान बारिश के कारण सड़क पर गिरे पड़े पेड़ से अचानक सड़क पर अंधेरा हो जाने से बाइक पेड़ से टकराने के दौरान हेड कांस्टेबल पुष्पेन्द्र कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। मौत की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे सीओ अफजलगढ़ राजेश सिंह सोलंकी व थानाध्यक्ष सुमित राठी, एसआई मनोज कुमार, अफजलगढ़ कस्बा इंचार्ज प्रवीण कुमार, एसआई राजीव कुमार मौके पर पहुंचे जहां उन्होंने घटना की जानकारी ली। सड़क दुघर्टना में हेड कांस्टेबल पुष्पेन्द्र कुमार की मौत से पुलिस विभाग में कोहराम मच गया। मृतक हेड कांस्टेबल पुष्पेन्द्र कुमार का व्यवहार खुशमिजाज था। वह जनता के बीच अपने परिवार की तरह रहते थे। अफजलगढ़ थाने में तैनात हेड कांस्टेबल पुष्पेन्द्र कुमार उम्र 35 वर्षीय पुत्र स्वर्गीय जयभगवान निवासी गांव लुहारी पट्टी थाना बड़ौत जनपद बागपत की भर्ती यूपी पुलिस में 2011 बैंच में हुई थी।

### नेशनल परिवार एकता संगठन की बैठक

**अफजलगढ़।** नेशनल परिवार एकता संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला सलाहकार कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें समाज में बढ़ती नफरत और गलत फहमियों को दूर करने तथा सामाजिक सौहार्द और भाईचारे को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई।

# तेज हवा के साथ हुई बारिश

## बिजली गुल होने से रही परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** बुधवार की शाम नगीना क्षेत्र में जगह-जगह हुई बारिश से लोगों को गर्मी से कुछ राहत जरूर मिली लेकिन समस्या से भी दो चार होना पड़ा।

कई घंटों से आकाश में छाये बादलों के बीच हुई बारिश से लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की। इस दौरान आई तेज हवा के चलते नगीना क्षेत्र के कई इलाकों में बिजली भी गुल रही। आंधी के चलते कई लोगों के टीन छप्पर उड़ गये तो वहीं कुछ जगह पेड़ की डालियां भी टूट कर गिर पड़ीं। जहां बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली वहीं आंधी तूफान के चलते परेशानी भी हुई।

नगर क्षेत्रों सहित गांवों में लगभग आधे घंटे बारिश हुई। अचानक आंधी और बारिश के चलते कई जगह लोगों को भारी दिक्कत झेलनी पड़ी। उधर कई किसान गेहूं की मडाई करवाने के बाद खेतों में भूसा पड़ा था। बारिश से वह भीग गया। किसानों का कहना है कि बेमौसम की हुई बारिश से धान की नर्सरी के लिए और साग सब्जी, हरे चारे की खेती के लिए जरुर फायदा है किंतु बारिश के बाद उमस भरी गर्मी से कई रोगों के फैलने की भी आशंका बढ़ गई है।

# युवा उद्यमी विकास अभियान की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु समिति, जिला निर्यात समिति, एमओयू क्रियान्वयन तंत्र, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की बैठक आयोजित हुई।

उनके द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में सहायक अभियन्ता, एनएचएआई, नजीबाबाद, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, नजीबाबाद, अधि.अभि. सिंचाई खण्ड-6, नजीबाबाद तथा उपजिलाधिकारी द्वारा अवनीश कुमार अग्रवाल चेयरमैन आईआईए की उपस्थिति में संयुक्त जांच की गयी। उन्होंने जांच आख्या के सापेक्ष अधिशासी अभियंता एनएचएआई को निर्देश दिए कि जल भराव की समस्या का स्थाई समाधान के लिए तत्काल कार्य योजना बनाकर बजट की उपलब्धता सुनिश्चित करें और धनराशि प्राप्त होते ही नाला निर्माण कार्य शुरू कराएं। बैठक में स्टोन क्रेशर ओनर्स वेलफेयर सोसाइटी के उद्यमियों द्वारा नजीबाबाद क्षेत्र में 20 से अधिक स्टोन क्रशरों को स्वतंत्र विद्युत आपूर्ति की मांग किए जाने के संबंध में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बिजली विभाग द्वारा स्टोन क्रेशर्स के लिए एमडी पीवीएनएल अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, नजीबाबाद को निर्देशित किया गया कि स्टोन केशर इकाईयों को विद्युत आपूर्ति देने वाले दोनों फीडरों को समाहित करते हुए 24 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित करते हुए कहा कि उद्योग बंधु बैठक में उद्योग शेरकोट के उद्यमियों को भी अनिवार्य रूप से आमंत्रित किया जाए। उन्होंने उपस्थित सभी उद्योग एवं व्यापार बंधुओं का आहवान करते हुए कहा कि विदुर ब्रांड उत्पादों का खुद भी उपयोग करें और अपने व्यापारिक प्रतिष्ठानों में बिक्री के लिए भी जरूर रखें। उन्होंने निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित विभागीय प्रकरणों का जल्द से जल्द निस्तारण करने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि औद्योगिक विकास में गतिशीलता लाने के उद्देश्य से उद्यमियों के सम्मुख आने वाली समस्याओं का प्राथमिकता एवं तत्परता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनपद का औद्योगिक विकास ओर अधिक तेजी से आगे बढ़ सके।

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, किरतपुर**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा-147 (2) म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि श्री अफसर अली पुत्र मौ. इब्राहीम नि. मौहल्ला हलवाईयान, किरतपुर, बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर संबंधी अभिलेखों में अंकित सम्पत्ति सं. 696/1, 696/2, 696/3 स्थित मौहल्ला हलवाइयान में श्रीमती कनीज फात्मा पत्नी स्व. इब्राहीम के नाम के स्थान पर अपना नाम अंकित किए जाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। पालिका गृहकर रिकार्ड में उपरोक्त संपत्ति स्थित मौहल्ला हलवाइयान में श्रीमती कनीज फात्मा पत्नी स्व. इब्राहीम का नाम दर्ज है, प्रार्थी ने स्वामित्व के रूप में श्रीमती कनीज फात्मा पत्नी स्व. मौ. इब्राहीम हुसैन नि. मौहल्ला हलवाईयान, किरतपुर, जिला बिजनौर द्वारा श्री अफसर अली पुत्र मौ. इब्राहीम निवासी मौहल्ला हलवाईयान, किरतपुर, जिला बिजनौर के नाम हुए रजिस्टर वसीयतनामे के अनुसार संपत्ति संख्या 696/1, 696/2, 696/3 स्थित मौहल्ला हलवाईयान, कस्बा किरतपुर में अपना नाम गृहकर रिकार्ड में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: समस्त प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की स्थिति में आवेदन पत्र स्वत: निरस्त माना जाएगा।

विवरण:- संपत्ति संख्या 696/1, 696/2, 696/3 (आवासीय) स्थित मौहल्ला हलवाईयान किरतपुर, बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

# एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** आरआर पब्लिक स्कूल में सीबीएसई द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एनएपी पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

सीबीएसई द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विषय पर आयोजित की गई थी। जिसमें जनपद के करीब आठ स्कूलों के 64 शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। आरआर पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह, सीबीएसई द्वारा नियुक्त कार्यशाला रिसोर्स पर्सन शिखा गौतम, कविता जोशफ ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मां सरस्वती के लिए वंदना गीत का आयोजन किया गया। स्कूल में आयोजित कार्यशाला में नई शिक्षा नीति को सफल बनाने के लिए कार्यशाला विषय में रखे गए स्कूल प्रबंधन, कौशल कला योग्यता आधारित शिक्षा लर्निंग आदि विषयों पर विषय संबंधी ट्रेनरों ने शिक्षण को कैसे प्रभावी बनाने की नीतियां तैयार करने पर चर्चा हुई । शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कविता गौतम ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एनएपी को और अधिक प्रभावी ढंग से सफल बनाने के साथ ही शिक्षण कार्य को और अधिक सुगम व सहज बना सकते हैं। सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने शिक्षण कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं के विषय में एक दूसरे से विस्तार से चर्चा करते हुए इसके समाधान हेतु अपने अपने अनुभव एक दूसरे के साथ साझा किए। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन कविता जोशीफ ने कहा कि मूल उद्देश्य शिक्षक शिक्षिकाओं को ऐसा प्रशिक्षण प्रदान करना है, जिसमें नई शिक्षा नीति 2020 के तहत बच्चों के सर्वांगीण विकास व एजुकेशन प्लान को सफल बनाने के लिए हर स्तर पर तैयार रहने की आवश्यकता है। उन्होंने शिक्षकों तथा बच्चों की क्षमता के विकास के संबंध में शिक्षण कार्य के विषय में अवगत कराया। शिक्षकों को शिक्षण कार्य की बारिकियां बताते हुए कहां के इस अत्याधुनिक युग में इंटरनेट एवं कंप्यूटर इस्तेमाल के चित्र में बेहतर उपयोगी बनाने के लिए स्कूलों को नेटवर्क से जोड़ने एवं उन्हें सशक्त बनाने की आवश्यकता बताई। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता व उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने ट्रेनर शिखा गौतम व कविता जोशफ को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। स्वाति यादव के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में चंचल कटारिया, नीरज त्यागी, संजीव डबास, गौरव चौहान, पूजा चौधरी, रश्मि भारद्वाज, शिल्पी अग्रवाल, रितु राजपूत, कामिनी गुप्ता, संगीता रानी, प्रिया चौधरी, अनुराग शर्मा, मुकुल शर्मा, मोनिका राजपूत, बबीता पाल, प्रीति, अलका रानी वंशिका, मीनू वर्मा आदि ने प्रतिभाग किया।

# धामपुर में बिजली विभाग की 'बिजली से भी तेज' कहानी

## जेई के वायरल वीडियो में भ्रष्टाचार की उड़ी धज्जियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार की कहानियाँ नई नहीं, लेकिन इस बार मामला कुछ अलग है। विद्युत विभाग के एक जेई का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें उसके द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों की पोल खोल दी। जी हां! धामपुर के विद्युत उपकेंद्रों पर तैनात जूनियर इंजीनियर का वीडियो सोशल मीडिया पर इस कदर वायरल हो गया है कि बिजली विभाग में ऊपर से नीचे तक 'करंट' दौड़ गया है!

वीडियो में जेई एक किस्सा साझा करते हैं। जिसे सुनकर कोई भी हैरान रह जाएगा! वायरल वीडियो मे वताया कि पूर्व में तैनात एक्सईएन साहब अपनी 'मैडम' के साथ आए और पूरे 36,000 की खरीदारी करवाई। लेकिन चौंकाने वाली बात ये रही कि 'पेमेन्ट' एक्सईएन साहब ने नहीं, बल्कि खुद जेई ने अपनी जेब से किया।

वायरल वीडियो में जेई ने मजाकिया लेकिन तंजभरे लहजे में कहा कि 'मैं भी होशियार हूं, इसलिए पहले ही दुकानदार को कॉल कर दिया कि साहब की मैडम को अच्छा सामान मत दिखाना... अच्छी चीजों पर चादर डाल देना!' पर क्या हुआ? 'मैडम भी बड़ी चालाक निकलीं, खुद चादरें हटा-हटाकर अच्छी- अच्छी चीजें छांटीं और थैले भर लिए।

### 25 हजार पहले ही ले गए थे आरोपों की फेहरिस्त लंबी!

यह पहला मौका नहीं था। जेई ने वीडियो में खुलासा किया कि इससे पहले भी एक्सईएन साहब 25,000 रुपये 'ले चुके हैं'। और वहीं साहब उन्हें 'बेईमान' कहते रहे। वीडियो में जेई कहते हैं 'अब तो साहब खुद कह रहे हैं कि मुझे अपनी छवि की भी चिंता नहीं!'

### 'खून का घूंट पीकर सब सहा' जेई का दर्द छलका कैमरे पर

जेई ने कहा, 'मैंने सब कुछ खामोशी से सहा, खून का घूंट पीकर बर्दाश्त किया, लेकिन अब जब आरोप मुझ पर लग रहे हैं, तो सच बोलना जरूरी हो गया है। उन्होंने विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि 'यहां सब कुछ पैसों पर चलता है।

### फिलहाल नए साहब सीधे हैं, बस एक कुर्सी गिफ्ट में गई है!

वायरल वीडियो का अंतिम हिस्सा और भी चटपटा है, जेई कहते हैं कि अभी जो नए अफसर हैं, वे सीधे हैं, लेकिन अब तक बस एक कुर्सी गिफ्ट में दी गई है। यानी नई शुरुआत की 'झलक' भी मजाक और व्यंग्य में छुपी है। वीडियो वायरल होने के बाद विभागीय गलियारों में सन्नाटा है और अधिकारी जांच के नाम पर मौनव्रत धारण किए हुए हैं। वहीं आमजन इस पूरे प्रकरण को 'ऊर्जा विभाग की असली तस्वीर' कहकर सोशल मीडिया पर जमकर साझा कर रहे हैं।

### क्या जेई की बातों में सच्चाई है?

क्या जांच होगी या फिर ये मामला भी फाइलों में दब जाएगा? क्या 'मैडम की थैलियों' का भुगतान सरकारी वेतन से हुआ? आमजन पूछ रहा है, क्या यही है सूबे के मुखिया योगी तथा ऊर्जा मंत्री एके शर्मा' की ऊर्जा व्यवस्था?

**DARGAH-E-ALIA**
**NAJAF-E-HIND**
Jogipura, Najibabad- 246763
Distt. Bijnor, U.P., INDIA
MOB. 9412632908, 8218816488
Website: www.dargahjogipura.com

**सूचना**

दरगाह ए आलिया नजफ ए हिन्द जोगीपुरा में दिनांक 22.05.2025 से 25. 05.2025 तक मखसूसी का प्रोग्राम होना है। जिसमें दरगाह प्रबंध कमेटी की तरफ से मेहमानों के लिए राशन का सामान, दरगाह परिसर में मरम्मत के लिए हार्डवेयर का सामान व क्रॉकरी का सामान और प्रिंटिंग प्रेस के इच्छुक दुकानदार अपना कोटेशन प्रस्तुत करें।

**गुलरेज हैदर रिजवी**
**प्रशासक-वक्फ दरगाह ए आलिया नजफ ए हिन्द**
**नजीबाबाद, जनपद बिजनौर**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, चांदपुर (बिजनौर)**

पत्रांक: 149/न.पा.परि. चांदपुर (2025-26) दिनांक: 21-05-2025

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद की सीमान्तर्गत मौ. मुफ्तीसराय वार्ड नं. 8 में साप्ताहिक शनि बाजार पूर्व से लगता आ रहा था। आयुक्त महोदय मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद के आदेशों के अनुपालन में उपजिलाधिकारी चांदपुर के कार्यालय के पत्रांक संख्या 231 (7)/एस.टी.-चांदपुर/2024, 15 फरवरी 2025 के अनुपालन में शनि बाजार हटाकर किसी खुले स्थान पर लगाया जाना है।

अत: इच्छुक व्यक्ति निम्नलिखित शर्तों/ प्रतिबन्धों के अन्तर्गत अपनी खुली भूमि किराया पर देने हेतु एक माह के अन्दर प्रार्थना पत्र के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध करना सुनिश्चित करें।

**शर्तों/प्रतिबंधों-**

1. 12 से 15 बीघा का खुला प्लाट हो।
2. राष्ट्रीय मार्ग, राज्य मार्ग व जिला मुख्य मार्ग के पास न हो।
3. प्लाट का राजस्व विभाग द्वारा जारी भूमि (खसरा खतौनी) संलग्न करनी होगी।
4. नजरी नक्शा भी संलग्न होगा।
5. उस 12 से 15 बीघा जमीन का रास्ता दो रोड पर हो।
6. जमीन शत्रु सम्पत्ति या किसी बैंक का लोन नहीं होना चाहिए।
7. उस भूमि पर किसी तरह का वाद-विवाद मा. न्यायालय में लम्बित न हो।

| **कार्यालय अधीक्षक** | **अधिशासी अधिकारी** | **अध्यक्ष** |
|---|---|---|
| नगर पालिका परिषद | नगर पालिका परिषद | नगर पालिका परिषद |
| चांदपुर (बिजनौर) | चांदपुर (बिजनौर) | चांदपुर (बिजनौर) |

**संबंध विच्छेद सूचना**

हम अपने पुत्र रिसालत अहमद व पुत्रवधु नूर जहां उर्फ रानी को उनके गलत चाल-चलन एवं गलत व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उनसे अपने समस्त परिवारिक सम्बंध विच्छेद करते है भूतकाल या भविष्य में इनके किसी भी लेनदेन, कृत्य व अपराध के लिये हम या हमारा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**-अंसार अहमद पुत्र जमीर अहमद व साबरी खातून उर्फ साबिरी खातून पत्नी अंसार अहमद निवासी ग्राम आजमपुर जमनी भान उर्फ भनोटी, परगना व तहसील धामपुर, जिला बिजनौर**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मैं अपने पुत्र शहजाद पुत्र यूनुस व पुत्रवधु सुल्ताना पत्नी शहजाद को उनके गलत चाल-चलन व गलत व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उनसे अपने समस्त परिवारिक सम्बंध विच्छेद करती हूं। भूतकाल या भविष्य में इनके किसी भी लेनदेन, कृत्य व अपराध के लिये मैं या मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**-सायरा पत्नी यूनुस निवासी ग्राम महमूदपुर, पोस्ट सहसपुर, थाना व परगना स्योहारा, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर**

**नाम परिवर्तन सूचना**

पहले मेरा नाम MOHAMMAD ZAHID BUNDU था, जिसे बदल कर मैंने MOHAMMAD JAHID पुत्र श्री ABDUL RASHEED निवासी मौहल्ला बकरकसाबान, थाना शेरकोट, जिला बिजनौर (उ.प्र.) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम व पते से जाना व पहचाना जाये।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र मौ. फरमान निवासी आर.जेड.सी. 264 निहाल बिहार, निकट विशाल मॉल, नांगलोई, नई दिल्ली-110041 में अपनी पत्नी राबिया के साथ रहता है। उसने राबिया से डेढ़ वर्ष पूर्व कोर्ट मैरिज किया था और कोर्ट मैरिज के बाद से अपने परिवार से किसी तरह का कोई वास्ता नहीं रखते है। मौ. फरमान व राबिया दिल्ली से अक्सर मेरे घर आकर मेरे, मेरी पत्नी राहत बेबी व अपनी बहन फरहीन के साथ मारपीट करते रहते है तथा कहते है कि जायदाद को बेच कर हमारा हिस्सा दो। वह झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते है। इन दोनों की हरकतों से तंग आकर मैंने इन्हें अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनसे मेरा व मेरे परिवार का कोई मतलब वास्ता नहीं रहेगा। **इकरामुद्दीन पुत्र अलीमुद्दीन निवासी मौहल्ला अंसारियान, ग्राम व पोस्ट अकबराबाद, थाना कोतवाली देहात, तहसील नगीना, जिला बिजनौर, उ.प्र.**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मैं अपने पुत्र यूनुस को गलत संगत में पड़ने व मेरे तथा परिवार के साथ बदतमीजी व मारपीट करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। यूनुस के किसी भी गैर कानूनी कार्य व लेन-देन से मेरा व परिवार के किसी सदस्य का कोई वास्ता नहीं है। अगर यूनुस किसी गैर कानूनी कार्य में लिप्त पाया जाता है, तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **-शरीफ अहमद पुत्र अल्लादिया निवासी मौहल्ला मक्की मस्जिद, फतेहपुर, नौआबाद उर्फ बख्शीवाला, थाना कोतवाली शहर, जिला बिजनौर।**

# ससुरालियों पर मारपीट कर युवक की हत्या का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** मोहल्ला खेड़ा निवासी युवक की मौत हो गई। परिजनों ने उसके ससुराल वालों पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाते हुए मामले की तहरीर पुलिस को दी है।

नगर के मोहल्ला खेड़ा निवासी अजय कुमार (27 वर्ष) पुत्र गोविंद सिंह की शादी करीब आठ वर्ष पूर्व थाना क्षेत्र के गांव गाजीपुर निवासी शिवानी के साथ हुई थी। युवक पूना में रहकर मजदूरी करता था। वह करीब तीन दिन पूर्व अपने घर आया था। महिला अपने दो बच्चों के साथ मायके में रह रही थी। युवक दो दिन पूर्व अपनी पत्नी को लेने ससुराल पहुंचा। आरोप है कि उसके ससुराल वालों ने महिला को भेजने से साफ इंकार कर दिया। परिजनों का आरोप है कि महिला का अपने पड़ोसी एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवक अपनी पत्नी को ले जाने की जिद पर अड़ गया। युवक की मां लीलावती का आरोप है कि उसके पुत्र के ससुराल वालों ने बुरी तरह मारपीट की। युवक किसी तरह अपने घर पहुंचा। युवक के घर पहुंचने पर उसकी मौत हो गई। बुधवार को युवक की मां परिजनों के साथ थाने पहुंचे और अपने पुत्र की पत्नी समेत अन्य ससुराल वालों के खिलाफ थाने में तहरीर पुलिस को दी है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# कब्रिस्तान में खड़े हरे-भरे पेड़ काटे

## पुलिस ने मुआयना करने के बाद नहीं की कार्यवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** थाना शिवाला कला के ग्राम सेला निवासी ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी के नाम लिखे प्रार्थना पत्र में कहा है कि उनके गांव में अंसारी व इदरीसी समाज का सार्वजनिक कब्रिस्तान हैं। उक्त कब्रिस्तान में शीशम, आम, नीम, सागवान के हरे-भरे कीमती पेड़ों को चोरी छिपे काट लिया है। ग्रामीणों ने पत्र में कहा है कि इस बाबत एक प्रार्थना पुलिस को गत 16 मई को दिया है जिस पर पुलिस ने सिर्फ मौका मुआयना किया, जिसकी वीडियो भी उनके पास सुरक्षित हैं पर पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की।

प्रार्थना पत्र में मोहम्मद अकरम पुत्र मोहम्मद इकबाल ग्राम सेला ने उप जिलाधिकारी के नाम लिखे प्रार्थना पत्र में कहा है कि गांव के पूर्व ग्राम प्रधान इकबाल अहमद ने करीब 15 साल पहले लगभग 400 पेड़ शीशम, नीम व सागौन के लगवाए थे। जिनसे कब्रिस्तान में छाया रहती थी। 16 मई



को सुबह 9 बजे कुछ गांव वालों से जानकारी मिली कि उक्त कब्रिस्तान से किसी ने हरे भरे पेड़ काट लिए हैं। शहादत, नासिर आदि बहुत से गांव के लोग उक्त कब्रिस्तान में पहुंचे। जहां लगभग 40-42 हरे पेड़ कटे हुए पाए गए, जिनकी जड़े मौके पर मौजूद हैं। जानकारी करने पर पता चला कि सुबह करीब 4 बजे फार्मूद पुत्र महमूद, आरिफ उर्फ मोटा पुत्र बाबू, सलीम पुत्र बदरुद्दीन, मुस्तुफा पुत्र रसीद, हनीफ पुत्र अल्लाहदिया तथा दो तीन अज्ञात नाम व्यक्तियों को कब्रिस्तान से हरे भरे पेड़ ट्रैक्टर ट्राली में भरकर ले जाते हुए देखा गया है। गांव वालों ने थाना शिवाला कला में लिखित तहरीर देने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने वीडियोग्राफी तो की परंतु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की, जिसको लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है और यदि पुलिस ने शीघ्र ही आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की तो ग्रामीण जिलाधिकारी से भी मिलकर इस मामले के आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाएंगे। प्रार्थना पत्र पर शहादत, इशाक अहमद, मोहम्मद यूनुस, इदरीश पुत्र कबीर, मोहम्मद आबिद पुत्र इस्लामुद्दीन, मेहताब पुत्र रशीद, खचेड़ू, कमर, अतीक अहमद, शकील अहमद, कफीलुद्दीन, शमशाद अहमद, मोहसिन खान, अली हसन आदि के नाम हस्ताक्षर हैं।

# सच्चा मित्र मिल जाए तो जीवन सार्थक: शिवांशु महाराज

## भागवत कथा का सातवां दिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** कथा व्यास शिवांशु महाराज ने कहा कि मनुष्य को जीवन में सच्चा मित्र मिल जाए तो उसका जीवन सार्थक हो जायेगा।

मां चामुंडा धाम परिसर में कथा के सातवें व अंतिम दिन श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कथा व्यास ने बताया कि मनुष्य को जीवन में कभी भी अधिक इच्छा ही नहीं रखनी चाहिए। अधिक इच्छा रखने वाला हमेशा परेशान रहता है। भगवान जिस परिस्थितियों में रखे उस परिस्थितियों में रहकर जीवन में संतोष रखें। संतोष रखने से कभी भी कोई कष्ट नहीं होता। उन्होंने बताया समाज में कुछ ऐसे व्यक्ति होते हैं जो स्वार्थ पूर्ण मित्रता का ढोंग करते हैं। सच्चा मित्र वही होता है जो मित्र की परेशानियों के समय उसका सारथी बनकर उसका सहयोग करें। उन्होंने बताया भगवान श्री कृष्ण ने सुदामा की दरिद्रता को दूर करके सच्चे मित्र होने का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने बताया कि भगवान को दुख में सभी याद करते हैं जबकि मनुष्य को दुख



के अलावा अपने सुखी जीवन में भी भगवान को याद करें। सुख में याद करने से कभी भी विपत्ति नहीं आती है। इस अवसर कथा से पूर्व कुलदीप गुप्ता पत्नी पूजा गुप्ता व कपिल भाटिया व उनकी पत्नी रिया भाटिया ने धार्मिक अनुष्ठान क्रियाओं के साथ पूजा अर्चना कराई। इस अवसर पर मुकेश गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, पवन अग्रवाल, लोकेश सैनी, रोहित सैनी, पायल गुप्ता, अरविंद जोशी, नीरज कुमार, विवेक अग्रवाल, मोहित शर्मा, अशोक चंद्र, पवन चंद्र, अनिल सैनी, मीरा अग्रवाल आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे तथा आरती करके प्रसाद वितरण किया गया।

# अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर प्रतियोगिताएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** एमएम इंटर कॉलेज मे रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वी जयंती पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कॉलेज सभागार कक्ष में आयोजित प्रतियोगिताओ मं भाषण प्रतियोगिता एवं वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में छात्रों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पुखराज सिंह सैनी पूर्व मंडल अध्यक्ष नगर चांदपुर भाजपा], प्रोफेसर खलील उर रहमान जिला उपाध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा बिजनौर, मोहित कुमार नगर महामंत्री युवा मोर्चा भाजपा नगर मंडल चांदपुर उपस्थित रहे। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अब्दुल गनी ने प्राप्त किया जबकि द्वितीय स्थान पर अली वारिस और तृतीय स्थान पर शाद हसन रहे। वाद विवाद प्रतियोगिता में वादी प्रथम स्थान पर रहे। जबकि निर्णायक मंडल की भूमिका में शिक्षक इमरान अहमद, मोहम्मद जकीउद्दीन, मोहम्मद राशिद ने संयुक्त रूप से निर्णायक मंडल की भूमिका में सराहनीय सहयोग प्रदान किया। डॉ. रोहतास का वाद विवाद



प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सराहनीय सहयोग रहा। प्रिंसिपल हाजी मोहम्मद ताहिर ने इस अवसर पर छात्रों को रानी अहिल्याबाई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन परिचय के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक इशरत जमाल आरिफ ने की और संचालन शिक्षक तैयब हसन खान ने किया।

इस अवसर पर शिक्षक काजी फिरोज अहमद, रिजवान बारी हाशमी, सैयद बिलाल अकबर का अनुशासन प्रशंसनीय रहा। इस प्रतियोगिता में समस्त शिक्षकगण एवं कार्यालय वरिष्ठ लिपिक मोहम्मद आजिफ फारूकी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम पश्चात छात्रों को उपहार स्वरूप गिफ्ट भी प्रदान किए गए। उधर नगर के वैदिक कन्या इंटर कॉलेज में भी पुण्यश्लोक अहिल्याबाई की जयंती के अवसर पर छात्राओं की भाषण तथा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता मे प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पाने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मेडल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कॉलेज की प्रधानाचार्य सरन प्यारी की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में नगर अध्यक्ष भाजपा मोहित अग्रवाल उपस्थित रहे। संगीता सैनी, रजनीश, आशू गोयल तथा समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# दस्तावेज लेखकों और स्टाम्प विक्रेताओं ने राज्यपाल को भेजा चार सूत्रीय ज्ञापन

## रोजगार बचाने की लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उपनिबंधक कार्यालयों में दस्तावेज लेखकों व स्टाम्प विक्रेताओं की उपेक्षा के खिलाफ धामपुर तहसील में कार्यरत लेखकों व विक्रेताओं ने एकजुट होकर राज्यपाल के नाम संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन उपनिबंधक के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

ज्ञापन में बताया गया कि राज्य सरकार द्वारा लागू की जा रही पीपीपी मॉडल व फ्रंट ऑफिस योजना के तहत निजी एजेंसियों को दस्तावेज पंजीकरण की जिम्मेदारी सौंपी जा रही है, जिससे वर्षों से कार्यरत दस्तावेज लेखक, स्टाम्प विक्रेता, एडवोकेट क्लर्क और कम्प्यूटर ऑपरेटरों का रोजगार संकट में आ गया है। ज्ञापन में इस योजना को संविधान एवं न्याय संगत व्यवस्था के



विपरीत बताया गया।

ज्ञापन में कहा गया है कि रजिस्ट्रार कार्यालयों का निजीकरण न किया जाए, यह संविधान और सार्वजनिक हित के खिलाफ है। पीप. ीपी मॉडल व फ्रंट ऑफिस योजना बंद की जाए। नवीन मित्रों की नियुक्ति न की जाए, क्योंकि इससे वर्षों से कार्यरत कर्मियों का रोजगार प्रभावित हो रहा है। पूर्व की तरह मैनुअल सिस्टम/एकल विंडो प्रणाली लागू की जाए, जिससे पारदर्शिता बनी रहे और आम जनता को परेशानी न हो।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि ये सभी कर्मचारी अपने परिवार के पालन-पोषण हेतु इस कार्य पर निर्भर हैं और निजीकरण से उनकी आजीविका खतरे में पड़ जाएगी।

इस ज्ञापन पर दर्जनों लेखकों व स्टाम्प विक्रेताओं ने हस्ताक्षर किए। दस्तावेज लेखकों व विक्रेताओं ने चेताया कि यदि मांगें न मानी गईं, तो वे बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## एक नजर

### पुलिया न तोड़े जाने की मांग



**चांदपुर।** ग्राम रुपपुर के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी के नाम लिखे अपने मांग पत्र में कहा है कि उनके ग्राम से बकैना रजवाहा नहर निकल रही हैं जिसमें गांव के मध्य जंगल की ओर आने जाने के लिए एक पुल बना हुआ है। इस पुल से ही ग्रामीण जनता, किसान अपने खेतों खलिहानों में आते जाते हैं। लेकिन सिंचाई विभाग द्वारा उक्त रास्ते पर नहर पर बनी पुलिया को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा हैं, जिसके टूटने से ग्रामीणों के सामने एक बड़ी समस्या खड़ी हो जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि इसके अलावा जंगल जाने के लिए कोई और दूसरा रास्ता भी नहीं है। यदि उसे तोड़ा गया तो लगभग दो किलोमीटर से भी अधिक का रास्ता घूम कर किसानों को अपना खेत खलिहान में जाना पड़ेगा। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से अनुरोध करते हुए कहा है कि सिंचाई विभाग किसानो की सुविधा बनाए रखे और पुलिया न तोड़ी जाए। पत्र पर आशीष कुमार, सुरेंद्र सिंह, ओंकार सिंह, सुरेश कुमार, राजेश कुमार आदि के नाम व हस्ताक्षर हैं।

### अवैध तमंचे के साथ अजीम गिरफ्तार



**नहटौर।** नहटौर थाने के उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार तोमर, कांस्टेबल विक्रांत राणा, मनीष कुमार ने मुखबिर की सूचना पर बैरमनगर में तालाब के किनारे से मंदिर के पास से एक युवक को गिरफ्तार किया। उसके पास से पुलिस ने एक 315 बोर का अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया। पूछताछ में उसने अपना नाम मोहल्ला जोशियान निवासी अजीम अहमद पुत्र सद्दीक बताया। पुलिस ने उसे तमंचे से संबंधित पूछताछ की और उसके बाद कार्रवाई करते हुए उसका चालान कर दिया।

### निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



**धामपुर।** पोसवाल मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल एवं हेल्थ केयर कसलटेंसी के सौजन्य से डॉ. अनुराग झा के निर्देशन में नहटौर के मोहल्ला हलवाईयान में एक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 200 मरीजों ने हृदय एवं मस्तिष्क रोग (डॉ. अनुराग झा), त्वचा संबंधी रोग (अर्जुन सिंह), डॉ. मौ. दानिश (जनरल फिजिशयन), हड्डी सम्बन्धी रोग डॉ. संदीप) एवं प्रसूति व स्त्री रोग (डॉ. शमरीन) ने सफलता पूर्वक समस्यायों का निवारण किया व रोग सम्बन्धी नि:शुल्क दवाइयाँ भी वितरित की गईं। शिविर में हृदय सम्बन्धी रोगियों की ईसीजी, शुगर व ब्लड प्रेशर की जाँच निशुल्क की गई। आयोजन में शालिनी झा आदि का सहयोग रहा।

### पूर्व पीएम राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि

**कोतवाली देहात।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रे. सियों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। एक बैंक्वेट हॉल में आयोजित महाचौपाल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस की जिला अध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह ने कहा कि राजीव गांधी एक दूरदर्शी सोच के नेता थे। उन्होंने अपने प्रधानमंत्री काल में देश के लिए अनेकों ऐसे कार्य किए जो आज भी प्रासंगिक हैं। देश में कंप्यूटर की सौगात लाने वाले राजीव गांधी ही थे। उन्होंने विज्ञान, सूचना और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने की शुरुआत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता इश्तियाक अहमद बाबू ने तथा संचालन जावेद अंसारी ने किया।कार्यक्रम को पूर्व राज्यमंत्री ओमवती देवी, आर के सिंह , वसीम अकरम, नजाकत अली अलवी, हुमायूं बेग शेख अंजार अब्दुल वाहिद अंसारी, खुर्शीद अंसारी कोतवाली, मोहम्मद अकबर डंपी, अभिनव अग्रवाल आदि ने संबोधित किया।

# कृष्णा फॉर्मेसी कॉलेज में विदाई समारोह




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा फॉर्मेसी कॉलेज, बिजनौर में बी.फॉर्मा तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, डॉ. अंकित सैनी ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित कर किया।

छात्र-छात्राओं ने सीनियर्स के लिए कई प्रकार के खेल आयोजित किये तथा उनकी याद में कुछ यादगार पलों को साझा किया। फेयरवेल पार्टी में सबको भावनात्मक और यादगार पलों का अनुभव कराया तथा सीनियर छात्र-छात्राओं को उपहार दिये। प्राचार्य डॉ. अंकित सैनी ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते

## मिस फेयरवेल चंचल व मिस्टर फेयरवेल देव कुमार बने

हुए कहा कि जूनियर और सीनियर के सम्बन्ध बहुत ही महत्वपूर्ण होते है। ये सम्बन्ध विश्वास, सम्मान और मार्गदर्शन पर आधारित होते हैं। जूनियर्स को सीनियर्स का सम्मान करना चाहिए और सीनियर्स को भी जूनियर्स की भावनाओं का ध्यान रखना चाहिए। कार्यक्रम में मिस फेयरवेल चंचल राजपूत व मिस्टर फेयरवेल देव कुमार को चयनित किया गया।

कार्यक्रम का सफल संचालन बी.फॉर्मा तृतीय वर्ष की छात्रा अनम ने किया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यापकगण डॉ. दशरथ सिंह, मौ0. तारीक, मौ. खालिद, शहीर अहमद, सीमा त्यागी, दीपिका पाल, नीरज चौहान, मेघा गुप्ता, दीपक कुमार, पीयूश कुमार, विपुल कुमार, पूजा, सरिता, शेर सिंह आदि का सहयोग रहा।

# दा स्कॉलर्स में समर कैंप शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दा स्कॉलर्स वैली सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दस दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ हुआ। कैंप में करीब 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कैंप का शुभारंभ प्रबंधक जसप्रीत सिंह तथा प्रधानचार्य सचिन सिंह ने फीता काटकर किया।

समर कैंप में बच्चों ने तैराकी, योगा, ताइक्वांडो, डांस, म्यूजिक, क्रिकेट, आर्ट एंड क्राफ्ट तथा क्रिकेट जैसी गतिविधियों में भाग लिया। कोच सलीम अहमद की देखरेख में छात्रों को स्विमिंग के स्टेप जैसे फ्री स्टाइल, बैक स्टॉप, फिलोटिंग, आत्मरक्षा करने के गुण - नी किक, स्टेट किक, थर्ड किक, ड्रौप किक, पंचों के नाम-हाई पंच, मिडल लोअर पंच, साइड ब्लौक टाईगर पंच आदि सिखाये गए। कोच सलीम अहमद ने बताया की स्विमिंग सीखने से शारी. रिक और मानसिक विकास होता है तथा सांस सम्बन्धित बीमारियाँ दूर होती है, मोटापा कम होता है, मार्शल आर्ट सीखने से लंबाई बढ़ती है। स्विमिंग और क्रिकेट जैसी गति. विधियों के आयोजन में स्पोर्ट्स अध्यापक दीपाली चौधरी का विशेष योगदान रहा। प्रधानाचार्य सचिन सिंह ने सभी छात्रों से कहा कि पढ़ाई के साथ साथ स्विमिंग व कराटे सीखने से शारीरिक व मानसिक विकास होता है और छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सड़क किनारे आग लगने से अफरा-तफरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** ग्राम फूलनगर में सड़क किनारे अज्ञात कारणों से लगी आग से अफरा तफरी मच गई। पुलिस ने फायर ब्रिगेड को बुलाकर आग बुझवाई।

बढ़ापुर-नगीना मार्ग पर ग्राम फूलनगर में बुधवार की दोपहर सड़क किनारे अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई। भीषण गर्मी और तेज हवाएं चलने से आग तेजी से गांव की ओर बढ़ती ही जा रही थी। आग लगने से वहां पर फसल व झोपड़ी वालों में अफरा तफरी मच गई। आग लगने से वहां पर धुंआ ही धुंआ हो गया। जिस कारण वहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को भी परेशानी उठानी पड़ी। वहां पर खड़े छोटे पेड़ पौधे आग की चपेट में आकर झुलस गए। ग्रामीणों ने आग बुझाने का भी प्रयास किया। उसी दौरान वहां से गुजर रहे बढ़ापुर थाने के उपनिरीक्षक शेखर चौधरी को ग्रामीण ने आग के बारे में जानकारी देकर मदद को कहा। तभी उन्होंने फायर ब्रिगेड को फोन कर मौके पर बुलवाया और आग को बुझवाया। तब जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

# 20 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कन्या इंटर कॉलेज में समर कैंप का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ प्रधानाचार्य रेखा देवी द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रजवलित कर किया। महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश लखनऊ के समग्र शिक्षा मां समर कैंप के अनुपालन हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर के द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या रेखा देवी के द्वारा समर कैंप का उद्घाटन किया गया।

समर कैंप 21 मई से 10 जून तक विद्यालयों में नई खोज, खेल-खेल में सिखाने हेतु छात्राओं को प्रेरित करने, छात्राओं में टीम वर्क आत्मविश्वास एवं जीवन कौशल का विकास करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इसके माध्यम से छात्राओं में सामाजिक सांस्कृतिक मूल्यों की समझ विकसित होगी।



समर कैंप के द्वारा ग्रीष्म अवकाश में खेलकूद, कला, विज्ञान और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों का समग्र विकास करना है। समर कैंप की निर्दिष्ट गतिविधियों के अंतर्गत आज सर्वप्रथम छात्राओं को योग एवं व्यायाम का अभ्यास कराया गया। तत्पश्चात स्वयं परिचय के अंतर्गत 'मैं हूं देशज' तथा 'मैं भी हूं लेखक' कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयं परिचय कराया गया। तदोपरांत रस्साकशी, म्यूजिकल चेयर एवं रस्सी कूद, मिट्टी से मूर्ति खिलौने बनाना आदि इवेंट आयोजित किए गए। समर कैंप के प्रथम दिवस की प्रभारी श्रीमती रुचिका (प्रवक्ता) तथा सविता रानी (उपप्रधानाचार्या), सारिका भटनागर, अंजलि रानी आदि शिक्षिकाओं के द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा देवी द्वारा छात्राओं को शुभाशीष प्रदान करते हुए प्रथम दिवस का समापन किया गया।

### विकास खंड असमोली में मिशन वात्सल्य के अर्नगत बैठक में दिए निर्देश

# बाल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं को आंगनबाड़ियों की हो समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक में बालकों को बाल संरक्षण एवं सशक्त सरक्षणात्मक परिवेश पालन पोषण करने, बाल श्रम, बाल तस्करी बाल विवाह, परिवार की देख-रेख पाने, हिंसा व दुर्व्यवहार से बचने और सरक्षंण जैसे विषय पर चर्चा की गयी।

विकास खंड असमोली में मिशन वात्सल्य के अर्न्तगत आयोजित बैठक में बाल विकास परियोजना आधिकारी रचना यादव द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 एवं बाल संरक्षण एवं कल्याण से जुड़ी योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से बताते हुए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियमित समीक्षा हेतु कहा। बैठक में संरक्षण अधिकारी तेजपाल यादव ने सरकार द्वारा बालकों के हितार्थ चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, बाल विवाह, बाल श्रम आदि के बारे में विस्तृत रूप से बताते हुये इन योजनाओ के अन्तर्गत पात्र बालको को नियमानुसार लभान्वित करने हेतु कहा गया। 1098, 181, 112, 1076, 108, 102 आदि हेल्पलाइन नंबर के बारे में विस्तृत रूप मे बताते इन्हे सभी को प्रयोग हेतु कहा गया। खण्ड विकास अधिकारी श्री रिजवान हुसैन ने बैठक के माधयम से सभी सचिवों को निर्देश दिये कि ग्राम पंचायत स्तर की बैठक में समस्त सदस्यों की सक्रिय सहभागिता होनी चाहिए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। बैठक में सहायक विकास अधिकारी सुनील कुमार, शिक्षा विभाग से धर्मेंद्र कुमार, सामाजिक क्षेत्र से नितेश कुमार, कुलदीप सिंह एवं मुल्कि सिंह आदि उपस्थित रहे।

## भयंकर गर्मी से बढ़ रहे रोगी

**सम्भल।** ज्यों-ज्यों गर्मी का प्रकोप बढ़ हा है वैसै अस्पतालों में रोगियों की भरमार होती जा रही है। गर्मी के उल्टी दस्त के रोगी बढ़ने लगे हैं, जबकि पीलिया रोगियों की संख्या बढ़ रही है।

## चौड़ीकरण व सौन्दर्यकरण रोजी रोटी पर मंडराया संकट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** नगर का विकास हो और और शहर सुन्दर बने यह हर किसी नगरवासी की इच्छा रहती है,लेकिन विकास और सौन्दर्यकरण के लिए किसी पर रोज़ी रोटी का संकट मंडराय यह भी विधि सम्मत नहीं लगता। चन्दौसी चौराहे के चौड़ीकरण और सौन्दर्यकरण के लिए तोड़-फोड़ का कार्य शुरू कर दिया गया है। इसी के साथ नाप जोख करके कई दुकानों पर लाल निशान लगा दिए गए है। चौड़ीकरण को लगाए गए निशानों से जहां कुछ दुकानदारों को हल्का नुक्सान झेलना पड़ेगा लेकिन बड़ी संख्या में कुछ दुकानदारों की पूरी दुकान ही चौड़ीकरण के लिए साफ हो जायेगी। चाहकर भी जबान बंद रखने को मजबूर दुकानदार चाड़ीकरण के लिए अपने जीवन भर का रोजी रोटी का साधन आंखो के सामने उजड़ते हुए देख रहे है। प्रशासन को ऐंसे दुकानदारों के परिवार के पालन-पोषण के लिए कुछ व्यवस्था करनी ज़रूरी है।



सम्भल- ग्राम हसनपुर मुजब्ता में कांग्रेस की चौपाल को सम्बोधित करते जिला अध्यक्ष आरिफ तुर्की।

# चौड़ीकरण को पुलिस पिकेट पर चली जेसीबी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भला।** चौराहों के सौन्दर्यकरण और चौड़ीकरण को लेकर की जा रही तोड़फोड़ की कार्रवाई तेज़ी से जारी है। तीसरे दिन चौराहे पर चली नगर पालिका परिषद की जे सी बी ने पुलिस चौकी को ध्वसत कर दिया।

**○ दुकानदारों ने स्वयं तोड़ने शुरू किए निर्माण**

नगर के प्रमुख चौराहों को जाम से मुक्ति दिलाने और चौड़ीकरण एवं सौन्दर्यकरण के लिए शासन से मंजूरी मिलने के बाद दोनों और से अतिक्रमण को साफ कराना शुरू कर दिया था। जबकि लोक निर्माण विभाग की टीम ने सड़क के बीचो-बीच से नाप जोख कर तोड़फोड़ के लिए लाल निशान लगा दिए थे। दो दिनों से नगर के चन्दौसी चौराहे पर तोड़फोड़ का कार्य जारी है। तीसरे दिन नगर पालिका परिषद की जे सी बी ने जहाँ नालों पर किया गया अतिक्रमण को ढहाया वहीं चौराहे पर बनी पुलिस पिकेट को भी जे सी बी ने ध्वस्त कर दिया। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग की टीम द्वारा लगाए लाल निशान पर दुकानदारों, प्रतिष्ठान स्वामियों ने अपने-अपने निर्माण को स्वयं गिराना शुरू कर दिया है। बता दें कि जिला प्रशासन के निर्देश पर नगर पालिका परिषद की और से चौराहों के चौड़ीकरण और सौन्दर्यकरण के सज्ञथ महापुरूषों और देवताओं की प्रतिमा लगाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। जिसके लिए ध नराशि भी मंजूर कर ली गई थी। पूर्व से प्रस्तावित चौड़ीकरण व सौन्दर्यकरण के लिए की गई कवायद पर मंगलवार से अमल शुरू कर दी गयी थी। जे सी बी के साथ चन्दौसी चौराहे पर नगर पालिका परिषद के अधिकारियों के निर्देश पर कर्मचारियों ने निर्माण कार्यों का गिराना शुरू कर दिया था वहीं लोक निर्माण विभाग की टीम ने पहले से तैयार प्लान के तहत सड़क के दोनों और से हटाए जाने वाले अतिक्रमण पर लाल निशान लगा दिए थे। बुधवार को भी नगर पालिका की जे सी बी ने चन्दौसी चौराहे पर निर्धारित अतिक्रमण को जे सी बी से गिराया। इसके अलावा लाल निशान तक दुकानदारों और प्रतिष्ठान स्वामियों ने अपने अतिक्रमण को हटाने का कार्य शुरू कर दिया।



बबराला- उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप एकेडमी की सृजन कार्यशाला में सम्मानित करते।

### सृजन कार्यशाला का हुआ शुभारम्भ

# नृत्य कला का शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बबराला।** नगर की लेखपाल कालोनी में उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप एकेडमी पर अंतराष्ट्रीय लोक कला एवं जनजाति संस्थान लखनऊ संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा 10 दिवसीय कार्यशाला 'सृजन' का मुख्य अतिथि बबराला चौकी इंचार्ज विशाल शर्मा, विशिष्ट अतिथि रामा कान्वेंट स्कूल की प्रधानाचार्य सुधा गौतम, संस्कार भारती के जिला उपाध्यक्ष डा. राहुल यादव उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप के प्रबंधक डा. योगेंद्र सिंह एवं डा. ममता राजपूत के द्वारा नटराज की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। कार्यशाला में जिला सम्भल के लोक नृत्य चंडोल नृत्य कला के कलाकारों शांतिदेवी व बलवीर को पटका व शॉल उढ़ाकर सम्मानित किया गया। यह इस कला को जीवित किए हुए हैं। एकेडमी पर चंडोल नृत्य कला का प्रदर्शन भी किया गया। सभी कलाकारों को चंदन नृत्य के बारे में बहुत ही बारीकी से बताया गया व नृत्य भी सिखाया गया।यह नृत्य कला क्वार के महीने में नवरात्रों में किया जाता है।जो कि 10 दिन तक चल चलता है। इस अवसर पर माही गुप्ता, लक्ष्मी, प्रवेश, खुशी, गौतम, रागिनी वार्ष्णेय, शैली वर्मा, खुशबू, नीलम, अंशु रितिका आदि मौजूद रहे।

# एकता के संदेश के साथ नौ जून को डा. इंद्रेश सम्भल में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** हिन्दू-मुस्लिम एकता के संदेश के साथ भारतीय सद्भावना मंच के संरक्षक डा. इन्द्रेश कुमार आगामी 09 जून को सम्भल पहुंचेंगे। उनके आगमन की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

भारतीय सद्भावना मंच के संरक्षक डा. इन्द्रेश कुमार आरएसएस आगामी 09 जून को सम्भल मुरादाबाद रोड रेलवे क्रासिंग स्थित हाजी नुसरत ईलाही के कोल्ड स्टोर मे आयोजित होने वाले कार्यक्रम मे भाग लेंगे। इसी



के साथ भारतीय सद्भावना मंच की राष्ट्रीय संयोजक साध्वी मां कल्पना अरूधंति भी कार्यक्रम मे भाग लेंगी। यह जानकारी देते हुए भारतीय सद्भावना मंच गो प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश के संयोजक एवं नगर पालिका परिषद सम्भल के पूर्व चौयरमेन हाजी नुसरत ईलाही ने बताया कि राष्ट्र के मुद्दे एवं हिन्दू-मुस्लिम एकता को लेकर कार्यक्रम होगा। भारत सूफी सन्तो का देश है। इसी के मद्देनजर गंगा जमुनी तहजीब को बढ़ावा देते हुए समस्त देश को एक मंच पर लाने का संदेश दिया जायेगा।

# राजीव के सपनों को राहुल कर रहे हैं साकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में आधुनिक भारत के शिल्पकार, भारतीय सूचना क्रांति के जनक पंचायती राज सशक्तिकरण सूत्रधार पूर्व प्रधनमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

हसनपुर मुंजबता में शाहनवाज हुसैन की बैठक पर आयोजित चौपाल कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष आरिफ तुर्की ने बताया कि राजीव गांधी जी देश की जनकल्याणकारी योजनाओं को आगे बढ़ाने के सपनों को साकार करने के लिए जननायक राहुल गांधी के हाथों मजबूत करना ही सच्ची श्रृद्वा होगी। शहर अध्यक्ष शिव किशोर गौतम ने कहा कि राजीव गांधी ने युवाओं को सशक्त बनाने का जो सपना था उसको राहुल गांधी पूरा करेंगे। इस अवसर पर शहर कॉआर्डिनेटर विनीत त्यागी पूर्व शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद डीके वाल्मीकि संजय कुमार साहू जी मुनेश जोशी दुष्यंत कुमार सुनील शर्मा, अमित उठवाल एडवोकेट दिलशाद सैफी नोमान हैदर मुशर्रफ हुसैन मुशीर तारीन खान ,सरदार बलबीर सिंह मोअज्जम भाई शफी सैफी राशिद सैफी फैसल हैदर फरमान बाबू,अंजार मंसूरी ,फुरकान कुरैशी,वसीम,मनोज कुमार भास्कर अयाज नदीम तुर्की शादाब तुर्की, जियाबुल तुर्की जुहेब तुर्की कोस्तुभ रस्तोगी राहत जान खान तब्बन खान बाबू सिकंदर, निसार, अफजाल, कासिफ, श्रृषि पाल, आस्कार, शाकिर, कैफ, सैफ अली, दानिश ,वारिस, नासिर, आसिफ, जीत पाल एडवोकेट अंकुर, सोनो सागर विवेक ,नासिर शिशु कुमार जाटव, होरी लाल जयपाल आदि मौजूद रहे

## पाक में घुसकर महिला शक्ति ने लिया बदला

**बबराला।** नगर गुन्नौर में पहलगाम हमले का मुंहतोड़ जवाब में आपरेशन सिंदूर की सफलता पर बुधवार को भाजपाइयों ने तिरंगा यात्र निकाली। तिरंगा यात्रा में पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव ने कहा कि हमारे सैनिकों ने आपरेशन सिंदूर के माध्यम से सिद्ध कर दिया है कि भारत की सुरक्षा अटूट है। आज हर भारतवासी आपरेशन सिंदूर पर गर्व कर रहा है। उन्होंने कहा कि जो हमें छेड़ गा, हम उसे छोड़ेंगे नहीं। कहा कि पहलगाम हमले में नारी शक्ति की मांग का सिंदूर उजाड़ा था। जिसका बदला हमारी महिला शक्ति ने पाकिस्तान में घुसकर ले लिया है।

# रस्सा कसी में लक्ष्मीबाई टोली ने बाज़ी मारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भला।** कैलादेवी स्थित बाबा रतन गिरि आर्दश इंटर कॉलेज में समर कैम्प का आयोजन किया गया।

समर कैम्प के प्रथम दिन रस्सकसी,रस्सी कूद, मै हँ लेखक में हँ देशज आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। रस्सकसी प्रतियोगिता में कक्षा 12 की छात्राओं में रानी लक्ष्मीबाई व कस्तूरबा गांधी टोली बनाई गई। जिसमें रानी लक्ष्मीबाई टोली विजयी रही। इसके अलावा रस्सी कूद में कक्षा 9 और कक्षा 10 की छात्राओं ने हिस्सा लिया। वहीं लेखक मैं हँ लेखक और मैं हूँ देशज के अन्तर्गत कक्षा 11 की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें उन्होने लोकगीत तथा देश भक्ति गीत के अलावा अपने विचारों को अपनी भाषा में दहेज हत्या, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ व जल ही जीवन है के तहत लिखित रूप से प्रस्तुत किया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य व स्टाफ मौजूद रहा।

## बिजली की आंख मिचौनी जारी

**सम्भल।** बढ़ती गर्मी के साथ बिजली की आंख मिचौनी भी जारी हो गयी है। अचानक बिजली के चले जाने से लोगों को भी भारी परेशानी का सामना हो रहा है।

## आधुनिक भारत के शिल्पकार थे राजीव गांधी

**सम्भल।** महिला कांग्रेस कार्य कत्रिंयों ने आलम सराय स्थित कांग्रेस कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर मनाई। इस अवसर पर इशरत जहां ने कहा कि स्व. राजीव गांधी आधुनिक भारत के शिल्पकार थे कंप्यूटर क्रांति के प्रणेता थे उन्हीं के अथक प्रयास से भारत में प्रथम कंप्यूटर का आगमन हुआ।

# केमिस्ट की हर समस्या का होगा निदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**असमौली।** कैमिस्ट और ड्रग विभाग एक दूसरे के पूरक और सहयोगी हैं। मिलकर ही समस्या का निदान होगा। विभागीय दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए समाज में कैमिस्टों को अपनी पहचान बनानी होगी।

उक्त विचार जिला औषद्यी निरीक्षक जयेन्द्र कुमार ने व्यक्त किये। वह असमोली मिल रोड स्थित अंकित मेडिकल स्टोर पर आयोजित बैठक में बोल रहे थे। उन्होने कहार कि सम्पूर्ण जनपद क्षेत्र में सभी कैमिस्टों को सी सी टी वी कैमरे लगाने ज़्र्री हैं। जबकि नशीले पदार्थ की बिक्री बंद करने के साथ पक्के बिल से ही दवाइयां बेचना अपने व्यवहार में शामिल करने पर ज़ोर दिया। जबकि उल्लंघन करने पर नहीं बखशे जाने की चेतावनी दी। साथ ही किसी भी समस्या के त्वरित निदान करने का आश्वासन दिया। इसके अलावा औषद्यी निरीक्षक के कार्यालय और व्हाटसएप्प पर की गई शिकायत का निदान करना विभाग की नीति होने की जानकारी दी। कैमिस्ट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष अंकुश त्यागी ने कहा कि एसोसिएशन से जुड़ा प्रत्येक कैमिस्ट विभागीय दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन कना एसोसिएशन की पहचान है। राहिल भारतीय ने कहा कि हॉकर्स द्वारा थैलो में दवाइ भरकर बेचना, कॉस्मेटिक दुकानों पर दवाइयां बिकना, शोर्ट एक्सपायरी की दवाइयां बेचने का धंधा बंद होने पर ज़ोर दिया। इस मौके पर मौ. नसीम, मौ. शाहनवाज, हेमंत वाद्यर्णेय, नईम, गुफरान, शहज़ाद, कुंवरपाल, जावेद, आसिफ, सुरेश,रिहान, अमित गुप्ता, नईम, समय सिंह, सवेन्द्र समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। अध्यक्षता राहिल भारतीय ने व संचालन मनोज गुप्ता ने किया।



असमौली-कैमिस्ट एसोसिएशन की बैठक में बोलते औषद्यी निरीक्षक जयंन्द्र कुमार।



सम्भल-कचरा वाहनों पर 'जिंगल गाना' लगे वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीएम।

# कचरा वाहनों पर सुनाइ देगा 'जिंगल गाना'

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भला।** नियमित टीकाकरण की जागरूकता के लिए जिंगल लगे गाने वाले कचरा वाहनों को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**○ टीकाकरण को करेंगे जागरूक**
**डीएम ने दिखाई हरी झंडी**

नियमित टीकाकरण को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयार किए गए विशेष गीत जिंगल का उद्घाटन डीएम डा. राजेन्द्र पैंसिया ने किया। जबकि नियमित टीकाकरण की जागरूकता के लिए जिंगल लगे नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत चलने वाले कचरा वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह नियमित टीकाकरण जागरुकता से संबंधित जिंगल जनपद के समस्त नगर पालिका एवं नगर पंचायत के कचरा वाहनों में चलाया जाएगा ताकि लोग टीकाकरण के लिए जागरूक हो सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि यह पहल जन सामान्य को नियमित टीकाकरण के प्रति जागरूक करने और बीमारियों की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बबराला।** कार और बाइक में आमने-सामने भिडन्त में बाइक सवार घायल हो गया। घायल को 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लाया गया। बुधवार को आगरा-मुरादाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव रसूलपुर निवासी बाइक सवार अरविन्द पुत्र बनवारी अपने घर से गुन्नौर काम से आ रहा था। तभी कार व बाइक की टक्कर हो गयी। कार नरौरा की तरु से गुन्नौर आ रही थी।उसको 108 एम्बुलेंस से गुन्नौर अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने हालत गम्भीर देखते हुए मेडिकल कालेज अलीगढ़ रेफर कर दिया।

# छात्र-छात्राओं को भविष्य के प्रयासों के लिए किया प्रेरित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भला।** चार दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर के प्रथम चरण का भव्य शुभारंभ हुआ। डाइव इनटू फन थीम के साथ आयोजित शिविर में कक्षा नर्सरी से पांचवीं तक के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आनंद लिया।

**○ दो दिवसीय शिविर का हुआ शुभारम्भ**

मिशन इंटरनेशनल एकेडमी में आयोजित शिविर का मुख्य अतिथि एमजीएम पीजी कालेज के अंग्रेजी विभाग के सहायक प्रोफेसर डा. अहमद रहे। वरिष्ठ समाजसेवी एवं स्कूल मैनेजर मुशीर खान तरीन निर्देशिका शबाना कौसर, प्रधानाचार्य विल्सन राजन , हमजा तरीन,फैजान अली नीलोफर खान आदि ने फीता काट कर कैंप का शुभारंभ किया। हमजा तरीन शबाना कौसर फरहा दिबा रजिया मादिहा साबिया अदीबा शबनूर महक आदि के नन्हे मुन्ने बच्चों के साथ गुब्बारे उड़ा कर शांति और सद्भाव का संदेश दिया। डा. अहमद ने छात्रों के उत्साह और रचनात्मकता की सराहना की और उन्हें भविष्य के प्रयासों के लिए प्रेरित किया।इस दो दिवसीय शिविर में छात्रों के लिए कई रोमांचक गतिविधियाँ शामिल हैं, जिनमें ड्रैगन कोलंबस, ऊंट की सवारी, पूल पार्टी, वाटर बैलून बैटलशिप, रस्साकशी, ट्रैम्पोलिन, मेहंदी प्रतियोगिता, फ्रूट सलाद डेकोरेशन, और बिना आग के खाना बनाना जैसी मनोरंजक और शैक्षिक गतिविधियाँ शामिल हैं। छात्रें ने इन गतिविधियों शामिल हैं जिसके प्रथम दिन विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रोग्राम में सक्रिय रूप से भाग लिया और नए कौशल सीखे।

# चिकित्सकों ने सीएम को किया ट्वीट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जिला मुख्यालय की स्थापना सम्भल नगर की परिर्धि में कराये जाने की मांग ज़ोर पकड़ती जा रही है। वर्षो बाद फिर से तेज हुई जिला मुख्यालय की मांग को समिति के पदाधिकारियों ने चिकित्सक के आवास पर पहुंचकर जिला मुख्यालय की स्थापना सम्भल नगर की परिधि में कराये जाने की मांग मुख्यमंत्री को ट्वीट करने की मांग की।

बुधवार को जिला मुख्यालय संघष समिति के पदाधिकारी एकत्रित होकर चंदौसी रोड स्थित डा. नजम खान के आवास पर पहुंचे। जहां पर शहर के आई एम ए के चिकित्सक एकत्रित हुए।जिला मुख्यालय संर्घष समिति के कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय सम्भल नगर की परिधि में बनाए जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को ट्वीट किया और सम्भल नगर की परिधि में जिला मुख्यालय शीघ्र घोषित किए जाने की मांग की। इस दौरान आईएमए के अध्यक्ष डा. संजय वार्ष्णेय ने कहा कि सम्भल धार्मिक नगरी है। सम्भल नगर की परिधि में शीघ्र जिला मुख्यालय घोषित किया जाए। जबकि सम्भल का बहुत-बहुत धार्मिक महत्व है। आई एम ए के सचिव डा. नजम खान ने कहा कि पूर्व सरकारों ने इस मांग की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया हमें वर्तमान सरकार से काफी उम्मीदें हैं।वरिष्ठ चिकित्सक डा. यू सी सक्सेना ने कहा की जिला मुख्यालय के बिना सम्भल नगर अधूरा है। सम्भल कल्कि नगरी है और उद्योग विश्व विख्यात है। जिला मुख्यालय के बिना उद्योगों का उचित विकास संभव नहीं है। डा. शाने रब ने कहा कि सम्भल में जिला मुख्यालय स्थापित हो जाने से चिकित्सा व्यवस्था में भी काफी सुधार होगा। समिति के पदाधिकारी डा. नाजिम व चौ रविराज चाहल एड, ने संयुक्त रूप से कहा कि हमारे शहर के प्रमुख चिकित्सकों ने मुख्यमंत्री को ट्वीट कर जिला मुख्यालय सम्भल नगर की परिधि में स्थापित की जाने की मांग की।

**○ मुख्यालय की स्थापना सम्भल परिधि में करने की मांग**

## आसमान से बरसी आग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** ग्रीष्म लहर का प्रकोप जारी है। जनपद भर में तेज धूप, तपन और लू से जनजीवन बेहाल है। जनपद भर में दिन का तापमान 45 डिग्री के आसपास या इससे अधिक रहा।

# आपरेशन सिंदूर से किया गया समर कैम्प का शुभारम्भ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** सरस्वती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में समर कैंप के प्रथम दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की 127 छात्राओं ने भाग लिया। बुधवार को छात्राओं ने समर कैंप का उदघाटन प्रधानाचार्या अल्पना चौधारी से कराया। समर कैम्प में से स्वयं परिचय,मैं लेखक हूं,मैं हूं देशज इस कौशल का विकास प्रधानाचार्या के साथ छात्राएं यतिका ठाकुर और निशा ने छात्राओं को कराया। उसके बाद रस्सा-कस्सी और म्यूजिकल चेयर में सभी छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें शिक्षिकाएं मीनाक्षी और नेहा यादव ने सहयोग किया। समर कैंप में छात्राओं को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का भी अवसर प्रदान किया गया। जिसमें कक्षा 10 की छात्रा खुशी वर्मा ने छात्राओं को नृत्य सिखाया और कक्षा 09 की छात्रा रिया गुप्ता ने अपनी गायिकी प्रस्तुत की। समर कैंप का आरंभ आपरेशन सिंदूर पर कविता से किया। जिसे कक्षा 07 की छात्र प्रतिक्षा ने प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## डीएम ने ली एंटी भूमाफिया की जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भला।** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में कर करेत्तर/न्यायालय, राजस्व वाद, एवं प्रवर्तन/कार्यो की बैठक में समीक्षा की जबकि तहसील स्तर पर एंटी भूमाफिया की जानकारी ली।कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में सीएम डैशबोर्ड पर विभिन्न विभागों की समीक्षा की गयी। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। लंबित मामलों को लेकर संबंधित मण्डी सचिव को निस्तारण करने के निर्देश दिए। एंटी भू माफियाओं के संबंध में तहसील वार जानकारी प्राप्त की।

# आंगनबाड़ी केन्द्र से चोरों ने सामान समेटा

## ● राशन, कुर्सी, पंखे आदि समेटकर ले गए चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** परिषदीय स्कूलों का अवकाश हो चुका है, 20 मई से छुट्टियां घोषित कर दी गई हैं। केवल विद्यालय में आंगनवाड़ी केन्द्र खुले हुए हैं। आंगनवाड़ी केन्द्रों पर भी काफी सामान रखा होता है। जहां बच्चों को पोष्टाहार, बिस्किट व अन्य सामान वितरण किया जाता है। नौनिहालों को बैठने के लिए कुर्सियां एवं खिलौने भी हैं परंतु स्कूल बंद होते ही चोरों का कहर शुरु कर हो गया है। 20 मई से छुट्टियां घोषित हुई, उसी रात्रि को ब्लाक बनियाखेड़ा स्थित पथरा स्थित जूनियर हाईस्कूल में स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र को निशाना बनाया। चोरों ने स्कूल परिसर में प्रवेश करने के लिए सीढिघ्यों का इस्तेमाल किया। फिर आंगनवाड़ी केन्द्र का ताला तोड़क रमेज पर कुर्सी रखकर दोनों पंखों को खोला, केन्द्र में रखी कुर्सी, वनज मशीन, बर्तनों का सैट, समरसेविल स्टार्टर,



बर्तन का सैट इत्यादि सामान आराम से ले गये। लगभग एक घंटे से अधिक समय तक चोर स्कूल में घुसे, आराम से पंखे खोले। आंगनवाड़ी कार्यकत्री ने बताया कि जब सुबह वह स्कूल का ताला खोलकर आंगनवाड़ी केन्द्र पर पहुंची तो पता लगा कि आंगनवाड़ी केन्द्र का ताला टूटा था। बच्चों का कसार एवं सामान बिखरा पड़ा था। चोरी की सूचना पर चौकी इंचार्ज शिवाजी पुंडीर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आंगनवाड़ी व सुपरवाइजर से बातचीत की। आंगनवाड़ी ने बताया कि पहले भी स्कूल में चोरी हो चुकी है। मौके पर ग्राम प्रधान भी पहुंची गई और मामले की जानकारी ली। फिलहाल अब स्कूलों का अवकाश हो जाने पर चोरी की नजर बंद पड़े स्कूलों की ओर हो गयी है।

# तहसील में सरकारी आदेशों का खुला उल्लंघन

## कर्मचारी मनमानी करके कर रहे वारे न्यारे, एसडीएम ने तहसीलदार को सौंपी जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** तहसील में उच्च अधिकारियों के आदेशों का खुला उल्लंघन किया जा रहा है कर्मचारी मनमाने तरीके से काम करते हुए बारे न्यारे करने में लगे हैं लेकिन आम आदमी को कानून का पाठ पढ़ाया जाता है। इसकी एक बानगी एक बार फिर तहसील में देखने को मिली है। बताया गया कि जिला अधिकारी के आदेश से जिन जमीनों पर कर्ज है और भूमि बंधक है उनके दाखिल खारिज पर रोक लगाई गई थी जिसे लेकर पिछले करीब दो महीनो तक वकीलों ने हड़ताल की लेकिन सरकारी आदेशों के आगे उनकी नहीं चल सकी और उन्होंने काम पर वापस आना ही मुनासिब समझा लेकिन उस वक्त भी नायब तहसील द्वारा किया गया एक दाखिल खारिज वकीलों की नजर में आया तो जांच बैठ गई और नायब तहसीलदार का यहां से तबादला कर दिया गया। मगर अब एक और इसी तरह का कारनामा सामने आने पर तहसील में हड़कंप मचा हुआ है बताया गया कि किसी किसान ने 2020 में अपनी भूमि पर किसान क्रेडिट कार्ड के जरिए लोन लिया था जिसका नवीनीकरण 2024 में होना था मगर समय पर लोन जमा ना होने के कारण बैंक ने भूमि बंधक होने के कारण इसकी बिक्री या हस्तांतरण पर रोक लगाई थी। लेकिन तहसील के कर्मचारियों ने कर्ज अदा किए बिना उक्त भूमि को बंधक मुक्त दिखाकर उसका दाखिल खारिज कर दिया। इसकी सूचना बैंक को लगी तो स्टेट बैंक ने एसडीएम को एक पत्र जारी कर भूमि बंधक होने की दशा में उसका दाखिल खारिज होने को लेकर सवाल खड़े कर दिए और जिन प्रपत्रों के आधार पर दाखिल खारिज किया उन्हें उपलब्ध कराए जाने की मांग की, इसकी जानक. ारी मिलते ही तहसील स्तर के उच्च अधिकारियों में हड़कंप मच गया एसडीएम ने बताया कि मामला संज्ञान में आने के कारण इसकी जांच तहसीलदार को दी गई है और जांच में जो भी कर्मचारी अधिकारी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

## एक नजर

### महर्षि दयानंद में समर कैंप का योग के साथ शुभारंभ

**कांठ।** महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज में समर कैंप का आयोजन किया गया।जिसमें विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। समर कैंप का शुभारंभ योग एवं व्यायाम से किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह ने सभी छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन



हमारे जीवन को आनंद मय बनाते हैं योग हमारे जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण है प्रतिदिन योग करना चाहिए योग के माध्यम से हम अपने शरीर को निरोगी बना सकते है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मदन सिंह राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ-साथ सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### पानी को लेकर हुई मारपीट में कई नामजद

**कांठ।** पानी को लेकर हुई मारपीट में पुलिस ने कई को नामजद किया है मामला थाना क्षेत्र के गांव बिचपुरी का है वहां के नन्हे पुत्र लोटन सिंह का कहना है कि 20 मई की शाम को रात्रि 09 बजे नाली के पानी को लेकर कहा. सुनी हो गई जिस पर सचिन, निखिल पुत्रगण ननुआ, कृष्णपाल पुत्र खड़ग सिंह व रोहित पुत्र पंखू ने मिलकर उसके व उसके बडे भाई बबलू के साथ मारपीट व गाली गलौच की। और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मारपीट करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### तहसील क्षेत्र के राजपुरा, छज्जुपुरा में 'अमृत सरोवर' का होगा निर्माण

**कांठ।** सशासन ने दूसरे चरण में अमृत सरोवर का निर्माण जिलों में कराने का निर्देश दिया है। इस बार एक एकड़ या उससे अधिक क्षेत्रफल वाले तालाबों को चिह्नित कर अमृत सरोवर के रूप में विकसित किया जाएगा। खंड विकास अधिकारी 30 तक इसे चिह्नित करेंगे।उपायुक्त श्रम रोजगार आरपी भगत ने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मिशन अमृत सरोवर 2.0 के माध्यम से अमृत सरोवर का कार्य फिर आरंभ किया गया है। अमृत सरोवर 2.0 के अंतर्गत एक एकड़ से अधिक क्षेत्रफल वाले तालाबों का चयन कर अमृत सरोवर विकसित किया जाएगा। एक एकड़ से कम क्षेत्रफल वाली ग्राम पंचायतों में चयन किए गए तालाबों को सरोवर बनाया जाएगा। अब तक जिले में पांच तालाबों का चयन हुआ है। कांठ तहसील में रजपुरा, छज्जुपुरा गांव, ठाकुरद्वारा डिलारी से अदलादपुर, फौलादपुर और मुरादाबाद से मोहम्मदपुर तिगरी गांव में एक एकड़ के तालाब का चयन किया गया है।

### जैव विविधता प्रकृति में जीवन का मुख्य आधार: डॉ डीके अग्निहोत्री

**चन्दौसी।** शहर के शिक्षाविद् व पर्यावरणविद् डॉ डी.के. अग्निहोत्री ने बताया कि आज भारत समेत सम्पूर्ण विश्व, अंतराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस 22 मई, 2025 को 'प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत् विकास' थीम के साथ मना रहा है। यह दिवस व्यक्तियों को प्राकृतिक जैव विविधता के संरक्षण के लिए सार्थक कार्यवाही करने के लिए प्रोत्साहित करना है, इसके साथ-साथ प्लास्टिक के उपयोग को कम करना और उचित तरीके से पुनर्चक्रण करना एवं पर्यावरण को होने वाले नुकसान को कम करने में योगदान देता है। राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण के अनुसार फरवरी-2024 तक भारत मे कुल 48 जैव विविधता विरासत स्थल है, यह जैव विविधता अधिनियम-2002 की धारा 37(1) के तहत अधिसूचित किया जाता है जो समय-समय पर राज्य सरकार द्वारा निर्धारित होती है। इन स्थलों के संरक्षण और प्रबंधन के लिए राज्य सरकारें स्वयं नियम निर्धारित करती हैं। जैव विविधता महत्वपूर्ण इसलिए है क्योंकि यह पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित रखती है।



हमें भोजन, स्वच्छ वायु, प्राकृतिक संसाधन व दवा उपलब्ध कराने में मदद करती हैं तथा पृथ्वी पर सभी जीवों को सहारा देती है जिसमें हम मनुष्य भी शामिल हैं। जैव विविधता हमारे पृथ्वी गृह के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह ना केवल जीव-जंतुओं बल्कि पेड़-पौधों व मनुष्यों को सुरक्षित व संरक्षित करती है और विभिन्न प्रकार से लाभ प्रदान करती है। अत: हमें जैव विविधता को संरक्षित करने का संकल्प लेना चाहिए।

# टिमिट में 'इमोशनल वैलनेस एवं मेंटल हेल्थ' विषय पर आयोजित हुआ विशेषज्ञ वार्ता सत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट- कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट द्वारा एक अत्यंत महत्वपूर्ण और विचारोत्तेजक विशेषज्ञ वार्ता सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र समकालीन युवाओं के जीवन से संबंधित एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय इमोशनल वैलनेस एवं मेंटल हेल्थ विषय पर आधारित था। इस कार्यक्रम में एमटीपीएल संस्था से दो प्रतिष्ठित वक्ता आमंत्रित किए गए थे श्री देवेश त्रिपाठी, संस्थापक एवं चीफ बिजनेस ऑफिसर, और श्री चमन कुमार, डायरेक्टर सेल्स। दोनों अतिथियों ने अपने प्रेरणादायक अनुभवों एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझाया और जीवन में भावनात्मक स्थिरता बनाए रखने के उपायों पर गहन चर्चा की। उन्होंने युवाओं को यह संदेश दिया कि आत्म-संवाद, सकारात्मक सोच, योग, ध्यान और आवश्यकता पड़ने पर परामर्श जैसे उपाय जीवन में मान. सिक संतुलन बनाए रखने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े अपने प्रश्नों को विशेषज्ञों के समक्ष रखा, जिनका समाधान अत्यंत सहज और उपयोगी तरीके से किया गया। सत्र टिमिट के सेमिनार हॉल में आरंभ हुआ, जिसमें बीबीए इंटरनेशनल बिजनेस एवं एमबीए कॉरपोरेट के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर टिमिट-कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट के डीन प्रोफेसर विपिन जैन ने अपने विचार साझा करते हुए कार्यक्रम को आयोजित करने वाली समन्वयक, फैकल्टी सदस्यों और विद्यार्थियों को इस प्रेरणादायक एवं उपयोगी सत्र के सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई दी। साथ ही उन्होंने दोनों अतिथि वक्ताओं का विशेष रूप से आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस




प्रकार के सत्र न केवल छात्रों के शैक्षणिक विकास में बल्कि उनके मानसिक और भावनात्मक संतुलन को सुदृढ़ करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कुल मिलाकर, यह विशेषज्ञ वार्ता सत्र न केवल ज्ञानवर्धक रहा।

बल्कि विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास की दिशा में एक सार्थक पहल के रूप में सराहा गया।

# व्यापारियों ने किया नवनियुक्त राज्यकर विभाग कमिश्नर ग्रेट वन का सम्मान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के पदाधिकारी अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जॉनी के नेतृत्व में नवागंतुक ग्रेड वन अशोक कुमार सिंह के कार्यभार संभालने पर स्वागत व सम्मान किया और पटका पहनकर व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। नवागंतुक ग्रेड वन अशोक कुमार सिंह ग्रेड वन ने कहा कि हेज जी एस टी में केंद्र से नियम में संशोधन होते है फिर भी वो मुरादाबाद के व्यापारियों के हित के लिए सहयोग करेंगे और जो भी व्यापारियों की समस्या होगी उसका निस्तारण अवश्य किया जाएगा। इस मौके पर राज्यकर विभाग के ग्रेट टू आर ए सेठ भी उपस्थित थे।स्वागत करने वाले में मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता ,प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील कुमार अग्रवाल ,दीपक कटयाल ,आद. ेश गुप्ता उपस्थित रहे।

## बड़े पैमाने पर चल रहा है खनन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** बड़े पैमाने पर खनन चल रहा है। खनन अधिकारी द्वारा उन्हीं लोगों को खनन के लाइसेंस जारी किये जाते हैं जो खनन का कार्य करते हैं। आम आदमी को 10 ट्राली का भी लाइसेंस नहीं मिलता। नगर में जगह-जगह नालों की खुदायी की जा रही है। स्थानीय लोग उस मिट्टी को उठा रहे हैं।

वहीं ठेकेदार खेतों में खनन का ठेका लेकर मिट्टी उठाने कार्य तेजी से कर रहा है। पथरा, मई, कैथल, बनियाठेर, जारई, नरौली, अजीमगंज जैसे क्षेत्रों में खनन भरकर नगरीय क्षेत्र में भराव का कार्य किया जा रहा है। इधर असालतपुर जारई रोड से भी काफी संख्या में ट्रैक्टर भराव की मिट्टी लेकर भरकर पूरी रात्रि सरपट दौड़ते नजर आते हैं जिससे सड़क पर मिट्टी गिरती जाती है और दिन में हवा के साथ यह मिट्टी राहगीरों की आंखों तक पहुंचती है। सीता रोड पर जहां नाले से खुदी हुयी मिट्टी पड़ी है, ट्रैक्टर-ट्रालियों में भरकर ले जाने के कारण सड़क पर गिरती जाती है।

# गोसेवा आयोग के सदस्य ने रायपुर खुर्द जाकर किया गोशाला का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के सदस्य दीपक गोयल द्वारा गो आश्रय स्थल रायपुर खुर्द का निरीक्षण किया गया। पहले गौ माता का पूजन हुआ और हरा चारा एवं गुड़ का भोग लगाया गया। उन्होंने अधिकारियों को गौशाला में निराश्रित गोवंशों को भीषण गर्मी में लू से बचाने के उपाय करने के निर्देश दिए। और कहा कि गोशाला में हरे चारे की उपलब्धता बनी रहनी चाहिये। ग्रामीणो द्वारा गौशाला के बराबर में बनाया जा रहा कूड़ा घर का विरोध करते हुए मुआयना कराया गया।इस मौके पर तहस. ीलदार, गौ सेवा गतिविधि के जिला संयोजक विकास शर्मा, डॉ अनुज चौधरी, मीत जी ,डॉ आदित्य गोयल, सेक्रेटरी संजीव चौहान, ग्राम प्रधान, मोहित कुमार, ओंकार सिंह चौहान, मुकेश चौहान, जयवीर सिंह, कपिल चौहान, कैलाश चौहान, आदि लोग उपस्थित रहे।

# हार्वड कान्वेंट स्कूल में पांच दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ, बच्चों ने उठाया पानी का आनंद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** हॉवर्ड कॉन्वेंट स्कूल में पांच दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ किया गया। कैंप के अंतर्गत विद्यालय द्वारा छात्र-छात्राओं के मनोरंजन के लिए पूल पार्टी ,कैलीग्राफी, स्पोर्ट, इंग्लिश स्पोकन, आर्ट एंड क्राफ्ट, कंप्यूटर कोर्स कुकिंग मेहंदी, फैंसी ड्रेस, नॉन स्टॉप इंग्लिश स्पीकिंग, योगा, फायरलेस कुकिंग , और फन विथ मैथ जैसे महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रथम दिन विद्यालय द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने भारी संख्या में प्रतिभाग किया और पूल पार्टी, कैलीग्राफी ,आर्ट एंड क्राफ्ट, स्पॉट में क्रिकेट, वॉलीबॉल फुटबॉल, बैडमिंटन, कंप्यूटर के अंतर्गत एमएस ऑफिस इंटरनेट ड्राफ्टिंग ऑफ ईमेल और मेहंदी प्रतियोगिता तथा फन विद मैथ, और फैंसी ड्रेस जैसी प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय प्रबंधक दीपेश सिंह एवं प्रधानाचार्या रेनू बिश्नोई ने समर कैंप का महत्व बताते हुए कहा कि विद्या अध्ययन के साथ-साथ छात्रों के जीवन में मनोरंजन का भी बहुत महत्व होता है जिससे उनका अध्ययन सुचारू और सरल रूप से क्रियान्वित रहता है। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

**बेदखली सूचना**

मैने अपनी पुत्री दिशा पुत्री छत्रपाल को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में दिशा के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। आज के बाद मेरा व मेरे किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। छत्रपाल पुत्र रामगोपाल निवासी बालाजी मंदिर कटघर सिम्ह हजारी थाना मुगलपुरा, जिला मुरादाबाद

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र फिरोज आलम व उसकी दूसरी पत्नी श्रीमती शबाना को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेन-देन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **छोटे पुत्र रमजानी व श्रीमती अनीसा पत्नी छोटे निवासीगण ग्राम मंगूपुरा, तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र नजीर व पुत्रवधू श्रीमती फरहा को उनके गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर पारिवा. रिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमे बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **मोहम्मद नासिर पुत्र छोटे खान व श्रीमती शबनम पत्नी मोहम्मद नासिर निवासीगण आम बाग कॉलोनी कादरी मस्जिद के पास जिला मुरादाबाद।**

# 150 इमारतों पर लिखा ये बिल्डिंग अवैध है

## 125 ज्यादा अतिक्रमणकर्ता के खिलाफ शिकायत, ध्वस्त की जाएंगी सभी इमारत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में करीब 150 इमारतों पर 'यह बिल्डिंग अवैध है' लिखा जा चुका है। अभियान जारी है। इमारतों में पार्किंग से लेकर बिजली का कनेक्शन भी है। नियमत: इस जमीन पर प्राधिकरण की बिना अनुमति के निर्माण नहीं किया जा सकता। भू माफियाओं ने इन जमीनों को किसानों या कब्जा किया और भोले भाले लोगों को फंसा दिया। अब इमारतों को ध्वस्त किया जाएगा। अवैध निर्माण कर्ताओं के खिलाफ 125 से ज्यादा शिकायत पुलिस से की गई।

नोएडा में गढ़ी चौखंडी, सोरखा, बसई, बरौला में विगत कई सालों से अवैध निर्माण हो रहा था। जिस समय इनका निर्माण किया जा रहा था। प्राधिकरण की निगरानी टीम ने उन्हें नहीं रोका। यहां विशालकाय इमारत, शो रुम, होटल बन गए। लोगों ने अपना पैसा भी इसमें लगा दिया। अब प्राधिकरण ने इन इमारतों को चिह्नित किया और वहां लाल स्याही से चेतावनी लिख दी। जिसके बाद कुछ एक स्थानों पर लोगों ने लाल स्याही को मिटा दिया।

**बड़े शो रूम तक शामिल**

बरौला में हाल ही में बड़े स्तर पर अवैध निर्माण किया गया। इसमें बड़े-बड़े शो रूम तक है। यही नहीं कार के सर्विस सेंटर भी शामिल है। जिनको अवैध करार दिया गया। इस नोटिस और प्राधिकरण के लाल रंग की स्याही ने इनके मालिकों के माथे पर पसीना ला दिया है। लोगों का कहना है हमे नहीं पता कि ये अवैध जमीन है और हमारे फ्लैट और मकान या शो रूम अवैध है। हमने अपनी जीवन भर की कमाई इसमें लगा दी है। प्राधिकरण अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि सीईओ के निर्देश पर ही अवैध निर्माण पर कार्रवाई की जा रही है। 150 इमारतों पर लिखा गया ये निर्माण अवैध है प्राधिकरण के अलग-अलग सर्किल में करीब 150 इमारतों पर अवैध निर्माण लिखा गया है। ये इमारत नोएडा के बरौला, हाजीपुर, सोरखा जाहिदाबाद, गढ़ी चौखंडी, बसई और अन्य स्थानों और गांव में है। सबसे ज्यादा अवैध निर्माण बरौला में है। यहां बनी इमारत को ध्वस्त करने के लिए पूर्व में एक कंपनी का चयन किया गया था। क्योंकि इमारती रिहाइशी है। इनको ध्वस्त करने के लिए सलाहकार की आवश्यकता होगी।

**एक दिन में नहीं बनी अवैध इमारत:**

ये इमारतें एक दिन में नहीं बनी। इनको बनाने में महीनों लग गए। लोगों का आरोप है जब निर्माण या कॉलोनी काटी जा रही थी उस समय प्राधिकरण ने एक्शन क्यों नहीं लिया। अब प्राधिकरण हमारी इमारतों को अवैध बताकर ध्वस्त करने की योजना कर रहे है। प्राधिकरण का ये निर्णय गलत है। हालांकि जो भी ध्वस्तीकरण होगा वो आचार संहिता हटने के बाद किया जाएगा। वहीं प्राधिकरण में अवैध निर्माण को शह देने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी एक्शन शुरू हो गया है।

## डीएनडी से नहीं सेक्टर-19 से बनेगी एलिवेटेड

**नोएडा।** दिल्ली से नोएडा के इनर सेक्टर तक जाने के लिए प्रस्तावित एलिवेटेड की प्राथमिक फिजिबिलिटी रिपोर्ट आ गई है। इसके अनुसार एलिवेटेड डीएनडी से सेक्टर-57 तक नहीं बल्कि सेक्टर-19 की तरफ रजनीगंधा अंडरपास से करीब 100 मीटर आगे से बनेगी। फिजिबिलिटी रिपोर्ट आईआईटी रुढ़की भेजी गई है। प्राधिकरण इसे ही योजना के लिए सलाकार नियुक्त करेगा। डीपीआर और कागजी कार्य पूर्ण करेगा। इसके बाद टेंडर जारी कर इसका निर्माण कराया जाएगा।बता दे 2015 में इस योजना का शिलान्यास किया गया। जिसमें एलिवेटेड डीएनडी से सेक्टर-57 तक बनाने की योजना थी। लेकिन अब एक अन्य कंपनी से प्राधिकरण ने इसकी फिजिबिलिटी चेक कराई। जिसमें वजह सामने आई कि रजनीगंधा अंडरपास और डीएससी रोड पर बने मेट्रो लाइन के ऊपर से एलिवेटेड नहीं बनाई जा सकती। इससे स्ट्रक्चर में खामी आ सकती है।

**सम्मन**

सर्वसाधारण/आम जनता को सूचित किया जाता है कि कमल सिह व अभय सिंह व श्रीमती वीरवती उर्फ विजेता पुत्रगण / पत्नी स्व० श्री रतन सिंह निवासी ग्राम नरायनपुर तेजू तहसील ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद ने न्यायालय सिविल जज (जू०डि०) महोदय, ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद विविध वाद सं०-02 / 2025 **कमल सिंह आदि बनाम जनता आम** उत्तराधिकार प्रमाण पत्र हेतु वाद दायर किया जिसमें आपत्ति हेतु दिनांक 24.05.2025 नियुक्त है। उपरोक्त वाद में किसी भी व्यक्ति अथवा जनता आम को कोई आपत्ति है तो उपरोक्त न्यायालय में दिनांक- 24.05.2025 को समय 10.00 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता द्वारा अपना पक्ष रखने हेतु हाजिर होवे, अन्यथा न्यायालय द्वारा समुचित आदेश जारी कर दिया जायेगा।

**न्यायालय- मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सिविल जज जूनियर डिवीजन ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद।**

**सार्वजनिक सूचना**

सूचित किया जाता हैं कि आधार हाऊसिंग फाईनेस लिमिटेड शाखा काशीपुर के उपभोक्ता श्री रजा हुसैन पुत्र अली रजा निवासी............का नाखुनका में एक प्लाट का भाग जिसका कुल क्षेत्रफल 1595 स्कॉयर फिट जिसका खसरा नं. 311 एम.जे.एन. प्लाट नं0-3 जो ग्राम नाखुनका में है। वह मुन्नी पत्नी अनूप सिंह नाखूनका से क्रय करने के लिए बंधक करके ऋण प्राप्त करना चाहता है।

यह कि उक्त भूमि की उद्धरण खतौनी जिसका खाता संख्या: 00007 व खसरा नं.-311 है, जो मौजा नाखुनका तहसील ठाकुरद्वारा व जिला मुरादाबाद में स्थित है। जिसमें अजय कुमार, अफरोज जहां, इसरत जहां, मदरसा रजा ए मुस्तफा नूरूल उलूम, मुन्नी, रवि कुमार, रिजवान, रेखा देवी, वंश यादव, शमशदा जहां, निशा परवीन, गुलनाज, फारूकी, फूलजहां, रहमत जहां, सबीना, हर्ष यादव व आदि के नाम सह-खातेदारी के रूप में अंकित है या अंकित चले आ रहे है। मुन्नी पत्नी अनूप सिंह अपने हिस्से के प्लाट नं. 3 का भाग 1595 स्कॉयर फिट, रजा हुसैन के पक्ष में ऋण देना तय किया है। यदि किसी बैंक सह खातेदारों या अन्य व्यक्ति या संस्थान का उपरोक्त सम्पत्ति को बंधक रखे जाने के संबंध में किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा है तो मुझे नीचे दिये गये पते पर संबंधित दस्तावेज के साथ सात दिनों में आधार हाऊसिंग फाइनेंस लिमिटेड, देव वाजा काशीपुर या हमारे अधिवक्ता वीर सिंह एडवोकेट, तहसील परिसर काशीपुर में संपर्क करे इसके बाद कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा और आधार हाऊसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित ऋण वितरित कर दिया जाएगा।

**आधार हाऊसिंग फाईनेंस, काशीपुर। मोबाईल- 8449434675**

# संदिग्ध परिस्थितियों में प्राइवेट मुंशी ने फांसी के फंदे पर लटकर की जीवन लीला समाप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** काशीपुर रोड स्थित फैक्ट्री में संदिग्ध परिस्थितियों में एक व्यक्ति का शव फंदे पर लटका मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान नरवीर सिंह उर्फ अजयवीर के रूप में हुई है, जो पीलीभीत जिले के तहसील बीसपुर ग्राम नव्वा नगला पोस्ट आलमपुर बरखेड़ा का निवासी था व फैक्ट्री में मुंशी के पद पर कार्यरत था। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं।

पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना मिली थी, जिसपर मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और जल्द ही घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। फैक्ट्री परिसर में घटना के बाद हड़कंप मच गया और कई कर्मचारी मौके पर जमा हो गए। पुलिस ने फैक्ट्री कर्मियों से पूछताछ शुरू कर दी है।

## नरवीर को किसी ने सुबह से नहीं देखा, पत्नी को हुआ शक

**ठाकुरद्वारा।** नरवीर की पत्नी से बातचीत करने पर बताया गया कि वह अपना फोन घर पर ही छोड़ गया था और उसको फोन करने पर वह है फोन भी नहीं उठा रहा था तभी उसकी पत्नी ने उसके साथ काम करने वाले फैक्ट्री में सभी लोगों को फोन किया तब उन्होंने बताया कि नरवीर को किसी ने सुबह से नहीं देखा है पत्नी के द्वारा बार-बार फोन करने पर लोगों ने उसे तलाश शुरू की , जब लोगों ने उसे देखा तो वह फांसी के फंदे पर लटका हुआ था और यह सूचना फिर उसकी पत्नी को दी गई।

फांसी के फंदे पर लटका मिलने से फैक्ट्री परिसर में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुँची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नगर के काशीपुर रोड स्थित फैक्ट्री में एक व्यक्ति का शव फांसी के



## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर महाविद्यालय में हुआ कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुजान नगर।** चौकी क्षेत्र के गांधी स्मारक महाविद्यालय मे भारतीय सेना द्वारा शानदार रूप से ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक अंजाम दिए जाने के बाद लोगों में खुशी एवं उत्साह व्याप्त है। मंगलवार को सुरजननगर के गांधी स्मारक महाविद्यालय के प्रांगण में एक कार्यक्रम हुआ जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य भूपेंद्र सिंह ने की। कार्यक्रम का संचालन सत्य प्रकाश शर्मा ने किया वहीं प्रचार्य भूपेंद्र सिंह ने छात्रों को संबोधित करते कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक विजय का प्रतीक ही नहीं बल्कि इसमें जिस तरह से रक्षा तकनीक एवं अन्य वैज्ञानिक चीजों का उपयोग किया गया, वह काबिले तारीफ है। हमारे देश के जवानों ने जिस तरह से अपने जान की बाजी लगाकर देश की रक्षा की, इसे पूरा देश ठेदस समक्ष नतमस्तक है। इस मौके पर उपस्थित समस्त शिक्षक रमेश कुमार ,दुष्यंत कुमार,प्रवेन्द्र ,दिनेश बाबू जी व बीएड के छात्र छात्रा रहे।

## एक नजर

### स्कूलों में समर कैंप का हुआ आयोजन

**बिलारी।** रुस्तम नगर सहसपुर के जूनियर हाई स्कूल में समर कैंप का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी अजहरे आलम ने किया। कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों का 15 दिवसीय समर कैंप शुरू हुआ। जिसमें बच्चों के भौतिक, मान. सिक व शारीरिक विकास से संबंधित गतिविधियां कराई जाएगी। जूनियर हाई स्कूल व कंपोजिट विद्यालय में दो प्रशिक्षक नियुक्त किए गए हैं। समर कैंप के



दौरान खेलकूद, कला, विज्ञान व सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों का विकास कराया जाएगा। रुस्तम नगर सहसपुर में प्रधानाध्यापक फरहत अली, संतोष कुमार, शिक्षामित्र मृदुल अग्रवाल, योग शिक्षक मोहर सिंह, ग्राम प्रधान मोहम्मद सलीम आदि मौजूद रहे। इसके अलावा सतारन में भी समर कैंप का उद्घाटन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी अजहरे आलम ने बच्चों को संबोधित किया। यहां पर ग्राम प्रधान मोहम्मद आसिफ के अलावा इंचार्ज प्रधानाध्यापक संजय विशाल नेगी, एसएमसी अध्यक्ष मनीष कश्यप, प्रदीप कुमार, विजय लक्ष्मी, कविता व स्कूल के बच्चे आदि मौजूद रहे। सफीलपुर के राजकीय हाईस्कूल में भी समर कैंप का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य अनीता चमोली ने 21 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ कराया। यहां पर अने. कों गतिविधियां हुई। जिसमें बच्चों ने म्यूजिकल चेयर, रस्सी कूद आदि में हिस्सा लिया। इस मौके पर स्वाति, कंचन, लता देवी ने सहयोग दिया

### पुलिस लाइन में हुई व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की मासिक बैठक

**चन्दौसी।** पुलिस लाइन सभागार बहजोई में बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा की अध्यक्षता में व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की मासिक बैठक का आयोजन किया गया एवं व्यापारियों को ऑनलाइन प्रक्रिया में हो रहे अपराधों से बचने के विषय में जानकारी दी गई। बैठक में जिले के सभी व्यापारी संगठनों ने भाग लिया एवं सभी व्यापारियों से कहा कि आपके आसपास अगर आपको कोई भी आपराधिक गतिविधि या संदेहास्पद व्यक्ति



के बारे में जानकारी मिले तो आप पुलिस को पत्र द्वारा सूचित कर सकते है जिसमें पहचान उजागर करना आवश्यक नहीं है। इसके साथ ही व्यापारियों से उनकी समस्याओं के सम्बन्ध में जानकारी की गयी और सम्बन्धित को निराकरण हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान सीओ यातायात संभल डॉ0 प्रदीप कुमार सिंह, एसीएमओ डॉ पंकज विश्नोई, व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रभारी उप निरीक्षक यतेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### मारपीट के मामले में आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**चन्दौसी।** रामबाग रोड स्थित अपने गोदाम से वापिस लौटते समय नकाबपोश लड़कों द्वारा कायस्थान मौहल्ला निवासी ममता वार्ष्णेय एवं सरवन के साथ मारपीट की गयी।

दोनों स्कूटी से अपने घर वापिस आ रहे थे, तभी सरवन की स्कूटी के पास आकर बाइक सवारों ने मारपीट शुरु कर दी। पति-पत्नी पर डंडों से प्रहार किया, मारपीट करने वालों की एक बाइक ( यूपी 38 एडी 6181 ) मौके पर रह गयी। महिला ने रितिक, प्रशांत, भोला, पोपट, राजेश, उत्तम, कन्हैया व तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी है। पुलिस हमलावरों को पकड़ने का प्रयास कर रही है।

### अधिकांश वाटर कूलर खराब

**चन्दौसी।** भीषण गर्मी में लोगों को प्यास बुझाने के लिए ठंडा पानी मिल जाये तो इससे बेहतर क्या हो सकता है, सरकार ने सोचा था कि आम जनता के लिए ठंडा पानी मिलने से राहत मिलेगी। पूर्व चेयरमैन पूनम चौधरी द्वारा वाटर कूलर मुख्य चौराहों एवं वार्डों कॉलेजों में लगवाये गये। राहगीरों व स्कूली छात्र-छात्राओं को शीतल जल उपलब्ध हुआ परंतु कुछ समय बाद यह वाटर कूलर जबाव दे गये और अधिकांश खराब हो गये। मई जून में भीषण गर्मी पड़ रही है और ठंडे पानी की किल्लत है। वाटरकूलरों से राहग. ीरों को आसानी से ठंडा पानी मिल जाता था परंतु अब नहीं मिल पा रहा।

### नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर निकाला फ्लैग मार्च

**ठाकुरद्वारा।** नगर में शांति व्यवस्था अपराध नियंत्रण को लेकर नवांगत कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ नगर के मुख्य मार्गो से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर फ्लैग मार्च कर शांति बनाए रखने की अपील की हैं। बुधवार को नवांगत कोतवाली प्रभारी जसपाल सिंह,के नेतृत्व में नगर में शांति व्यवस्था बनाये रखने, अपराध नियंत्रण, कानून एवं तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के दृष्टिगत को लेकर नगर में कोतवाली चौराहा , बुधबाजार , पुरानी घास मंडी बाजार गंज कदीर तिराहा, चलचित्र रोड, कामालपूरी मार्ग अस्पताल रोड पर पैदल फ्लैग मार्च कर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील. की इस दौरान फ्लैग मार्च में , ,विपिन कुमार , बलराम दीक्षित, ,मनीष कुमार, जितेंद्र कुमार, मीणा, आसिम मिया, महिला उपनिरीक्षक आरती अरोड़ा, अर्चना तोमर,कांस्टेबल सन्नी कुमार, मनीष कुमार, राजू कुमार,योगेश कुमार ,मोनीष राठी गौरव कुमार, परविंदर कुमार, रजत बालियान, सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### लघु उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष ने हाईवे पर बंद पड़े रोडवेज बस स्टैंड चालू कराए जाने लेकर सड़क परिवहन मंत्री से मुलाकात

**ठाकुरद्वारा।** लघु उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष ने नगर में वर्षों से बंद पड़ा रोडवेज बस स्टैंड को चालू कराए जाने की मांग को लेकर सड़क परिवहन मंत्री से शिष्टाचार मुलाकत कर चालू कराने की मांग की है। लघु उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष गौरव चौहान ने सड़क परिवहन विभाग के मंत्री दयाशंकर सिंह से मुलाकात कर नगर में कई वर्षों से बंद पड़ा रोडवेज बस स्टैंड को चालू कराए जाने की मांग को लेकर सड़क परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से मुलाकात कर शीघ्र ही चालू कराए जाने की मांग की है। जिससे सड़क परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने आश्वासन देकर विभागीय रिपोर्ट लेकर जल्द ही ठाकुरद्वारा रोडवेज बस स्टैंड से रोडवेज बसों का संचालन शुरू कराए जाने की बात कही है।



# उच्च न्यायालय को बीसी कोर्ट के खिलाफ नहीं मिला स्थगन आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** एस.एम. कॉलेज प्रकरण में प्रबंधन समिति द्वारा प्राचार्य को निलंबित कर सेवाएं समाप्त करने के मामले में बीसी कोर्ट ने प्रबंधन समित की कार्यवाही को शून्य मानते हुए नकार दिया। इसके बाद जैसे ही प्राचार्य दानवीर सिंह यादव कॉलेज पहुंचे तो उनको प्रबंधक समिति द्वारा पुन: निलंबन का आदेश थमा दिया और कॉलेज के बाहर एक बोर्ड भी लगा दिया गया है कि कॉलेज में प्राचार्य दानव. ीर सिंह यादव का आना वर्जित है। गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद द्वारा 06 मई को अधिसूचना जारी कर निर्णय प्राचार्य के पक्ष में दिया गया। प्रबंधक समिति ने केस संख्या ए नंबर 6959/2025 स्टेट ऑफ यूपी व 05 लोगों के खिलाफ रिट दायर की थी। फिलहाल इस मामले में उच्च न्यायालय ने तिथि 26 मई 2025 निर्धारित की है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डा. दानवीर सिंह यादव के अनुसार परीक्षा का भ्रमण कर दोनों प्रवेश द्वारों पर लगी फ्लैक्सी पर आपत्ति जतायी। इधर कॉलेज प्रशासन को बीसी कोर्ट के खिलाफ स्थगन का आदेश नहीं मिला है।

## मारपीट करने के आरोप में चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** मन्दिर के पास बैठे व्यक्ति के साथ मारपीट करने के आरा. ेप में पीडिघ्त की तहरीर के आधार पर चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उस्मानपुर निवासी राजकुमार पुत्र विदेशी लाल ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा की वह मंदिर मनोकामना वाल्मीकि मंदिर सड़क चौड़ी करण में आ गया था । जिसकी मूर्तियां ग्राम समाज की भूमि में अस्थाई तौर पर 17 मई 2025 को रखवा दी गई थी। आरोप है कि 20 मई 2025 को रात्रि वह अपनी मूर्तियों के पास बैठा था तभी अजय पुत्र हरदास, राजेंद्र पुत्र जाझन, सोनू पुत्र शेरा, महिपाल पुत्र मिश्री, दिनेश उर्फ राहुल, पुत्र मनोहरी व कुछ अज्ञात लोग आये और उसके साथ गाली गलौज करने लगे । पीडिघ्त ने विरोध किया तो उक्त लोग उसके साथ मारपीट शुरू कर दी तो पीडिघ्त ने भाग कर जान बचाई । आरोपी शिकायत करने पर जान से मारने तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीडिघ्त ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी । पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# टीएमयू के डेंटल कॉलेज का वृद्ध को तोहफा, फिर से मिली बत्तीसी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की झोली में बड़ी सफलता आई है। डेंटल कॉलेज के प्रोस्थोडोंटिक्स विभाग ने चंदौसी के 74 बरस के रिटायर्ड रेलवे कर्मी श्याम बिहारी लाल को अनमोल तोहफा दिया है। डेंटल कॉलेज में ऑल ऑन सिक्स तकनीक के तहतश्याम बिहारी की बत्तीसी को पहली बार इमिडिएट इंप्लांट पर फिक्स किया है। ऑल ऑन सिक्स तकनीक में फिक्सड दांत लगाए जाते हैं। दांतों को बार-बार हटाया नहीं जा सकता है। यह प्रक्रिया दो फेज में की गई। उम्रदराज श्याम बिहारी के दांत घिसने पर सबसे बड़ी समस्या रोटी के न चबाने की थी। इनके सभी दाढ़-दांत टूट चुके थे और जड़ें मात्र बची थीं।

टीएमयू डेंटल कॉलेज के एचओडी प्रो. शलभ कुमार के नेतृत्व में एक दर्जन डॉक्टर्स की टीम ने इस फर्स्ट ऑपरेशन में सफलता पाई। डेंटल कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल डॉ. अंकिता जैन कहती हैं, नॉर्थ इंडिया के बेस्ट डेंटल कॉलेजों में टीएमयू डेंटल कॉलेज भी शुमार होता है। डेंटल स्टुडेंट्स के लिए स्टडी के संग-संग प्रैक्टिल ज्ञान पर भी विशेष फोकस रहता है। टीएमयू डेंटल में प्रारम्भिक जांचों के बाद फर्स्ट फेज में पुराने दांतों की जड़ों को निकाला और ऊपर की ओर छह इंप्लाट लगाए गए। इस पूरी प्रक्रिया में करीब साढ़े तीन घंटे का समय लगा। सेकेंड फेज में निचले जबड़े की जड़ें निकाल कर छह इंप्लाट लगाए गए। डॉक्टर्स की टीम में डॉ. मधुरिमा शर्मा, डॉ. विश्वदीपक सिंह, डॉ. आकाश गोपी, डॉ. सोनल सिंह, डॉ. निकिता तोमर, डॉ. समरा अशरफ, डॉ. रोहित नंदन, डॉ. हर्षिता कपूर, डॉ. अमीषा अग्रवाल, डॉ. क्षितिज त्यागी आदि शामिल रहे।




## व्यापार मंडल ने जीएसटी अधिकारियों से मिलकर उठाई व्यपारियों की समस्याओं के निस्तारण की मांग

**ठाकुरद्वारा।** नगर के व्यापारियों ने मुरादाबाद पहुँच कर के जीएसटी आयुक्त से मुलाकात कर के नगर के व्यापारियों की समस्याओं से अगवत कराते हुए समाधान किए जाने की मांग की है। नगर के व्यापर मंडल अध्यक्ष संजीव सिंघल के नेतृत्व में समस्या व्यापारियों ने मुरादाबाद पहुँच कर के जीएसटी आयुक्तमुरादाबाद मंडल ग्रेड वन ए के सिंह ग्रेट टू ए के सेठ डिप्टी कमिश्नर रणजीत सिंह सहायक कमिश्नर अंकित कुमार को नगर के व्यापारियों ने समस्याओं से अगवत कराते हुए समस्याओं का समाधान किए जाने की मांग की है। जीसपर वरिष्ठम अधिकारियों ने व्यापारियों की समस्याओं का शीघ्र ही समाधान किए जाने का आश्वासन दिया है। इस दौरान हाजी मुख्तार सैफी, किफातुल्लाह खान, हारून मलिक शमशाद हुसैन खालिद जान खा, मोहम्मद फुरकान ,वसीम अहमद अनुज कुमार, सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।



## भाजापा मंत्री सुरेश कुमार खन्ना से मिले आजम राणा

**कुंदरकी।** भारतीय किसान यूनियन भानु की जनपद मुरादाबाद की इकाई ने भाकियू भानु के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सहित वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना से उनके आवास लखनऊ मुलाकात कर किसानों की संस्याओं से जुड़े अनेकों मुद्दों पर चर्चा की। मुलाकात के दौरान मंडलाध्यक्ष बाबू पाशा द्वारा जिलेभर में बनाये गए नवीन बाईपास से होकर गुजरने वाली रोडबस की शिकायत करते हुए रोडबस को बाईपास से न होकर मेन स्टेशनों से होकर जाने की अपील की, मंडलाध्यक्ष बाबू पाशा ने कहा रोडबस अक्सर बाईपास से होकर गुजर जाती हैं जबकि यात्री अंदर मेन स्टेशन पर बस का इन्तजार करते रह जाते हैं। मुलाकात के दौरान भाकियू भानु के मंडलाध्यक्ष बाबू पाशा,जिलाध्यक्ष दानिश पाशा,मण्डल मीडिया प्रभारी/प्रवक्ता आजम राणा,जिला महासचिव अनस, विधान सभा अध्यक्ष अब्दुल कलाम सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/चतुर्थ द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक के सामने अंकित है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजित रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या | 44-DRM-MB-25-26 Dt. 21.05.2025 |
| कार्य का नाम | Dewatering arrangement at various LHS in the section of Sr. DEN-IV-MB. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 17.06.2025 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 Hrs. |
| अनुमानित लागत | 44,99,994.10 |
| धरोहर राशि | 90,000.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 6 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 03.06.2025 |

टेन्डर नं.: Sr. DEN-IV/Publication/24-25 दिनांक: 21.05.2025 1490/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार भेंट

**ठाकुरद्वारा।** लखनऊ में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और सरकार द्वारा धामपुर-काशीपुर रेल मार्ग (वाया ठाकुरद्वारा) पर मुख्य रेलवे स्टेशन ठाकुरद्वारा में बनाये जाने के संबंध में सकारात्मक चर्चा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जानकारी देते हुए सरकार द्वारा धामपुर काशीपुर रेलमार्ग वाया ठाकुरद्वारा बनाया जा रहा है, जिसमें ठाकुरद्वारा विधानसभा-26 के ग्राम रमनावाला से रेलवे लाइन का सर्वे पूरा हो गया है। ठाकुरद्वारा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी का हब है, जहाँ संपूर्ण भारत के - विभिन्न प्रदेशों के हजारों बच्चे रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते है व ठाकुरद्वारा के हजारों व्यापारी अपने व्यापार के लिए दिल्ली व अन्य जगहों पर जाते हैं। ठाकुरद्वारा में रेलवे स्टेशन न होने के कारण व मुरादाबाद स्टेशन की दूरी 50 किमी से अधिक होने के कारण छात्र-छात्राओं व व्यापारियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अत: छात्रहित व व्यापारी हित में ठाकुरद्वारा नगर स्थित हो. लिका मंदिर से रमनावाला पी डब्लू डी द्वारा सड़क का निर्माण व रमनावाला में रेलवे स्टेशन को मंजूरी दिलाने हेतु प्रार्थना पत्र सौंपा ताकि हजारों छात्र-छात्राएँ जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं उन्हें परीक्षा देने में अतिरिक्त समय व धन न खर्च करना पड़े तथा व्यापारी भी सुग. मता से अपना व्यापार कर सकें।



## स्कूल के बच्चों को एसडीएम विनय कुमार सिंह ने बांटीं साइकिल

**कुन्दरकी।** एकेएच चेरिटेबल ट्रस्ट की जानिब से कुंदरकी चकफाजलपुर रोड पर स्थित एस एन मैरिज हॉल में ब्लॉक कुंदरकी के विभिन्न स्कूल कॉलेज के बच्चों को रेंजर साइकिल वितरित की गईं। साइकिलें पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम बिलारी विनय कुमार सिंह जी शामिल रहे। कार्यक्रम में साइकिल वितरण के दौरान मुख्य अतिथि ने बच्चों की खूब हौसला अफजाई की उन्होंने कहा के बच्चे ये साइकिलें पाकर जीवन में नई उड़ान भरेंगे उन्होंने बच्चों को शिक्षा के लिए भी प्रेरित किया। इस दौरान लगभग 70 बच्चों को साइकिल दी गईं। कार्यक्रम का संच. ालन शायर राशिद राहत ने किया और अध्यक्षता सैयद नासिर मियां साहब ने की। कार्यक्रम के अंत में ट्रस्ट के अध्यक्ष खालिद हुसैन ने सभी का आभार प्रकट किया और कहा के ए के एच ट्रस्ट के द्वारा इस तरह के कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित होते रहेंगे। इस दौरान सचिव लईक अहमद, अब्दुल हसीब, मोहम्मद सानिब, साजिद हुसैन, नसीम अहमद, गुलजार अहमद, महबूब खां, मुहम्मद अली चिश्ती आदि लोग उपस्थित रहे।




**कार्यालय ग्राम पंचायत लालपुर गौसाई**

**विकास खंड-ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक: मीमो/पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग/2025-26 दिनांक: 21.05.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत लालपुर गौसाई में पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 29.05.2025 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | सामग्री | अनुमानित लागत | जमानत की 2% राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | छत्रपाल के घर से पक्के नाले तक नाला निर्माण कार्य। | सीमेंट, बारीक रेत, ईंट, रोड़ा, ईंट अव्वल, मोटा रेत, बजरी आदि। | 403830/- | 8076/- | 250/- | 3 माह |
| 2 | जयपाल सिंह के घर से महेन्द्र सिंह के घर तक सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, बारीक रेत, ईंट रोड़ा, ईंट, मोटा रेत, बजरी, सीसी टईल्स आदि। | 346532/- | 6931/- | 250/- | 3 माह |
| 3 | मंदिर से पक्के नाले तक नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, बारीक रेत, ईंट रोड़ा, ईंट अव्वल, मोटा रेत, बजरी आदि। | 228520/- | 4570/- | 250/- | 3 माह |
| 4 | नरपत सिंह के घर से विमलेश के घर तक सीसी टाईल्स कार्य। | बारीक रेत, ईंट, रोड़ा, सीसी टाईल्स आदि। | 391405/- | 7828/- | 250/- | 3 माह |
| 5 | मितान सिंह के घर से इन्द्र के घर तक सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | ईंट रोड़ा, बारीक रेत, सीसी टाईल्स आदि। | 384781/- | 7696/- | 250/- | 3 माह |
| 6 | नरपत सिंह के घर से विमलेश के घर तक नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, बारीक रेत, ईंट रोड़ा ईंट मोटा रेत, बजरी आदि। | 179527/- | 3591/- | 250/- | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-लालपुर गौसाई**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

**कार्यालय ग्राम पंचायत शहबाजपुर कला**

**विकास खंड-ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक: मीमो/पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग/2025-26 दिनांक: 21.05.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत शहबाजपुर कला में पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 29.05.2025 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | सामग्री | अनुमानित लागत | जमानत की 2% राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लाल सिंह के घर से प्राईमरी स्कूल तक नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, बारीक रेत, ईंट, रोड़ा, ईंट अव्वल, मोटा रेत, बजरी आदि। | 270506/- | 5410/- | 250/- | 3 माह |
| 2 | जाकिर के घर से आशिक के घर तक सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, बारीक रेत, ईंट रोड़ा, ईंट, मोटा रेत, बजरी, सीसी टईल्स आदि। | 178347/- | 3567/- | 250/- | 3 माह |
| 3 | मैन रोड से गोकल सिंह के घर तक सीसी टाईल्स कार्य। | बारीक रेत, ईंट रोड़ा, सीसी टाईल्स आदि। | 124458/- | 2489/- | 250/- | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-शहबाजपुर कला**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

# गुजरात की नजर शीर्ष स्थान पर

**अहमदाबाद, वार्ता।** प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर चुकी गुजरात टाइटन्स गुरुवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ जीत दर्ज कर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की अंक तालिका में शीर्ष पर अपनी पकड़ मजबूत करने मैदान में उतरेगी। वहीं क्वालीफिकेशन की दौड़ से बाहर हो चुकी लखनऊ लीग सत्र का सकारात्मक अंत करना चाहेगी।

शुभमन गिल की अगुवाई वाली गुजरात टाइटंस ने पिछले छह मैचों में पांच जीत दर्ज करते हुए लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। आईपीएल के इस सत्र में गिल और साई सुदर्शन ने 12 पारियों में 76-3 की औसत से कुल 839 रन बनाए हैं। वह आईपीएल इतिहास में एक सत्र में किसी भी जोड़ी द्वारा बनाए गए सबसे अधिक रनों (939) के रिकॉर्ड को तोड़ने से महज 100 रन दूर है। गुजरात टाइटंस की हरफनमौला ताकत उसके खिताब जीतने ललक को दिखाती है। बल्लेबाजी क्रम में तीसरे नंबर पर खेलते हुए जॉस बटलर ने ओपनिंग और मध्यक्रम में खेलते हुए 11 पारियों में 71-4 की औसत और 164 के स्ट्राइक रेट से 500 रन बनाए हैं। दूसरी ओर ऋषभ पंत की अगुवाई वाली लखनऊ ने निराशाजनक सीजन का सामना किया है। पंत ने पूरे सत्र की 11 पारियों में 12-3 की औसत से मात्र 135 रन बनाए हैं। मैच जीतने के लिए उनका फॉम हासिल करना जरुरी है। एडन मारक्रम और मिशेल मार्श के बीच 115 रनों की जुझारू साझेदारी के बावजूद टीम खराब गेंदबाजी और सामरिक चूक के कारण प्रतिस्पर्धी स्कोर का बचाव करने में विफल रही। लखनऊ का मध्य क्रम दबाव में लड़खड़ता रहा है। निक.ोलस पूरन और आयुष बड़ोनी ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन उसने में निरंतरता की कमी रही। लखनऊ ने इस सत्र अपने तीन शीर्ष विदेशी बल्लेबाजों पर पूरा भरोसा किया और शुरुआत में उन्हें इसका लाभ हुआ। एडन मारक्रम, मिचेल मार्श और निकोलस पूरन ने 400 रनों का आंकड़ा पार किया है। आकाश दीप, आवेश खान और रवि बिश्नोई सहित गें.दबाज महत्वपूर्ण मौकों पर सफलता दिलाने में विफल रहे हैं। गुजरात टाइटंस की हरफनमौला ताकत उसके खिताब जीतने ललक को रेखांकित करती है। गुजरात की गेंदबाजी इकाई चरम पर है। दिलचस्प बात यह है कि वे अधिकतर ओवर पावरप्ले के बाहर फेंकते हैं,अरशद खान और राशिद खान प्रभावी रहे हैं, जबकि अनुभवी कैगिसो रबाडा और मोहम्मद सिराज ने गहराई और नियंत्रण जोड़ा है। प्रसिद्ध कृष्णा और साई किशोर ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

**■ सत्र का सकारात्मक अंत करने उतरेगा लखनऊ**

# भारत को 24 मई को मिल सकता है नया टेस्ट कप्तान

**■ इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान 24 मई को किया जा सकता है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** रोहित शर्मा के संन्यास लेने के बाद यह चर्चा जोरों पर है कि भारतीय टेस्ट टीम का अगला कप्तान कौन होगा। भारत को अगले महीने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाना है और इसके लिए अगले कुछ दिनों में टीम घोषित हो सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान 24 मई को किया जा सकता है।

इस रिपोर्ट में बताया गया है कि शनिवार को चयन समिति की बैठक होगी जिसके बाद प्रेस कान्फ्रेंस भी हो सकती है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारतीय टीम का एलान शनिवार को दोपहर 12 बजे हो सकता है। टेस्ट कप्तानी की दौड़ में जसप्रीत बुमराह, शुभमन गिल और ऋषभ पंत आगे चल रहे हैं। हालांकि, ऐसी भी खबरें आई थी कि बुमराह ने खुद को दावेदारी से अलग कर लिया है और अब गिल तथा पंत कप्तानी की दौड़ में हैं। कार्यभार प्रबंधन के चलते बुमराह का पांचों टेस्ट में खेलना मुश्किल है। स्काई स्पोर्ट्स की रिपोर्ट में बताया गया था कि एक चयनकर्ता गिल को कप्तानी सौंपने के पक्ष में नहीं है क्योंकि उनका मानना है कि गिल ने अभी तक टेस्ट टीम में जगह पक्की नहीं की है। यह सुझाव दिया गया कि उपकप्तान बनाना इस समय 25 वर्षीय खिलाड़ी के लिए बेहतर होगा। भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे से ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के अगले चक्र की शुरुआत करेगी। इस सीरीज में रविचंद्रन अश्विन, रोहित और विराट को.हली नहीं होंगे क्योंकि इन तीनों ने टेस्ट प्रारूप को अलविदा कह दिया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो मैचों की सीरीज के लिए भारत ए टीम का एलान किया था। इसके लिए करुण नायर और ईशान किशन जैसे खिलाड़ियों को जगह मिली थी, जबकि दूसरे टेस्ट के लिए गिल और साई सुदर्शन को भी टीम में शामिल किया गया था। माना जा रहा है कि इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम में कुछ नए चेहरों को भी जगह मिल सकती है।

## रोहित-कोहली के बगैर भारत के लिए कठिन रहेगा इंग्लैंड दौरा



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टीम को अगले महीने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाना है। भारतीय टीम इस दौरे पर रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे खिलाड़ियों के बिना जाएगी जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। इसे लेकर अब भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने अपनी राय रखी है और उनका कहना है कि भारत के लिए यह दौरा कठिन रहेगा। भारत और इंग्लैंड के बीच यह सीरीज 20 जून से शुरू हो रही है। भारत इसके साथ ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के नए चक्र की शुरुआत करेगा। राठौड़ ने कहा, यह दौरा कठिन होगा क्योंकि सीनियर खिलाड़ी संन्यास ले चुके हैं। युवा टीम जा रही है और नया कप्तान होगा। इन सभी चीजों से थोड़ा दबाव बनेगा। लेकिन युवाओं को अपनी प्रतिभा और क्षमता दिखाने का भी मौका मिलेगा। राठौड़ ने कहा, ये तीनों दिग्गज क्रिकेटर थे जो संन्यास ले चुके हैं। मैं चाहता था कि वे खेलते रहें लेकिन ये निजी फैसला है। मैं उन तीनों के करीब हूं। उन्होंने यह फैसला लिया है और हमें इसका सम्मान करना चाहिए। राजस्थान रायल्स के बल्लेबाजी कोच राठौड़ ने 14 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी की तारीफ की जिसने सीएसके के खिलाफ जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, हम पिछले कुछ समय से उसके साथ काम कर रहे हैं। शायद तीन चार महीने से। दबाव के हालात में उसे इस तरह खेलते देखना शानदार है।

# एचएस प्रणॉय व किदांबी मलेशिया मास्टर्स के अगले दौर में, सिंधु बाहर


एचएस प्रणॉय


पीवी सिंधु

**● महिला एक वर्ग मुकाबले में वियतनाम की खिलाड़ी गुयेन थुई ने मैच पर पकड़ मजबूत करते हुए सिंधु को 21-11, 14-21 व 21-15 से हराया**

**मलेशिया, वार्ता।** एचएस प्रणॉय और किदांबी श्रीकांत ने बुधवार को पुरुष वर्ग में अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्जकर मलेशिया मास्टर्स 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बना ली है। वही भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु वियतनाम की गुयेन थुई लिन्ह से हारकर महिला एकल वर्ग से बाहर हो गईं। यहां स्टेडियम एक्सियाटा एरिना केएल स्पोर्ट्स सिटी में खेले पाए मुकाबले में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु को शुरुआती गेम में संघर्ष करना पड़ा, लेकिन दूसरे गेम में अच्छा प्रदर्शन करते हुए वह मैच को तीसरे गेम तक ले जाने में कामयाब रहीं।

एक घंटे तीन मिनट तक चले महिला एकल वर्ग मुकाबले में वियतनाम की गुयेन थुई लिन्ह ने आखिरी गेम पर अपनी पकड़ मजबूत करते हुए सिंधु को 21-11, 14-21, 21-15 से हराकर मैच जीत लिया। पीवी सिंधु के खिलाफ चार मैचों में गुयेन थुई लिन्ह की यह दूसरी जीत है। भारत के पुरुष खिलाड़ियों का कोर्ट पर अच्छा दिन रहा। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणॉय ने एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता जापान के केंटा निशिमोटो को मात दी। पहला गेम हारने के बावजूद एचएस प्रणॉय ने अगले दो गेम में वापसी करते हुए केंटा निशिमोटो को मुकाबले में 19-21, 21-17, 21-16 से हराया। एक अन्य मैच में किदांबी श्रीकांत ने भी चीन के लू गुआंगजू को हराकर अगले राउंड में जगह बनाई। पुरुष एकल रैंकिंग में 65वें स्थान पर काबिज किदांबी श्रीकांत ने दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी और छठे वरीय लू गुआंगजू को 23-21,13-21, 21-11 से हराया। सतीश करुणाकरण ने भी चीनी ताइपे के चोउ टिएन-चेन को 21-13, 21-14 से हराकर टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### लविशा का भारतीय वॉलीबॉल टीम में प्रशिक्षण शिविर के लिए चयन

**उदयपुर, वार्ता।** राजस्थान में उदयपुर के सेंट ग्रिगोरियस सीनियर सेकेण्डरी स्कूल की छात्रा लविशा डाँगी का बालिका वर्ग के अन्डर-16 में भारतीय वॉलीबॉल टीम के प्रशिक्षण शिविर के लिए चयन हुआ है। उप प्रधानाचार्य अनिल गोस्वामी ने बताया कि उदयपुर से इस शिविर के लिए चयनित होने वाली लविशा एकमात्र छात्रा है। समस्त देश से मात्र 20 खिलाड़ियों का चयन लविशा एवं विद्यालय ही नहीं, अपितु शहर के लिए भी गर्व का विषय है। वॉलीबॉल कोर्ट में सेंटर अटेकर की पोजीशन पर अपने खेल को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाने वाली लविशा प्रतिदिन आठ घंटे की कघे मेहनत करती है।

### पाक ने बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए टीम की घोषित

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान ने बांग्लादेश के खिलाफ आगामी तीन टी-20 मैचों की सीरीज के लिए घोषित 16 सदस्यीय टीम में पूर्व कप्तान बाबर आजम, अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी को जगह नहीं दी है। चयनकर्ताओं ने बल्लेबाज सलमान अली आगा को टीम का कप्तान,ऑलराउंडर शादाब खान को उपकप्तान बनाया है इसके अलावा अनुभवी फखर जमान, हारिस रऊफ और नसीम शाह को भी टीम में शामिल किया गया है।

# शानदार पारी के बाद वैभव सूर्यवंशी ने छुए महेन्द्र सिंह धोनी के पैर



**■ वैभव ने आशीर्वाद के साथ आईपीएल का समापन किया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** राजस्थान रायल्स के युवा सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने महेंद्र सिंह धोनी के पैर छुए और आशीर्वाद के साथ आईपीएल 2025 सीजन का समापन किया।

राजस्थान और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच मंगलवार को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मुकाबला हुआ। राजस्थान का इस सीजन यह आखिरी मुकाबला था और 14 साल के वैभव इस मैच में भी अपना प्रभाव छोड़ने में सफल रहे। मैच के बाद जब दोनों टीमों के खिलाड़ी एक दूसरे से मिल रहे थे, तब धोनी और वैभव का सामना हुआ और इस युवा बल्लेबाज ने माही के पैर छुए। धोनी हालांकि उन्हें रोकते नजर आए। वैभव आईपीएल में खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ी हैं और उन्होंने अपने पहले ही सीजन में काफी सुर्खियां बटोरी। वैभव को इस सीजन सात मैचों में खेलने का मौका मिला और उन्होंने 206.56 के स्ट्राइक रेट और 36 के औसत से 252 रन बनाए। राजस्थान ने मेगा नीलामी में वैभव को खरीदा था और यह बल्लेबाज टीम की उम्मीदों पर खरा उतरा। हालांकि, राजस्थान की टीम प्लेआफ में जगह नहीं बना सकी और उसका सफर ग्रुप चरण में ही थम गया। वैभव सूर्यवंशी और संजू सैमसन की 90+ रनों की साझेदारी के दम पर राजस्थान रायल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को छह विकेट से हरा दिया। इस मुक.ाबले में टास हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स ने 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 187 रन बनाए। जवाब में राजस्थान ने 17.1 ओवर में चार विकेट गंवाकर 188 रन बनाए और टूर्नामेंट की चौथी जीत दर्ज की।

# पीकेएल: जयवीर गुजरात के मुख्य कोच बने

**■ वरिंदर सिंह संधु टीम का सहायक कोच नियुक्त किया**

**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात जायंट्स ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) 2025 के लिए 31 मई और एक जून को होने वाली खिलाड़ियों की नीलामी से पहले बुधवार को कोचिंग सदस्यों में बदलाव करते हुए दिग्गज जयवीर शर्मा को मुख्य कोच और वरिंदर सिंह संधू को टीम का सहायक कोच नियुक्त किया।

अडानी स्पोर्ट्सलाइन के स्वामित्व वाली गुजरात जायंट्स ने नए सीजन से पहले रणनीतिक बदलाव करते हुए यह नियुक्तियां की है। जयवीर भारतीय कबड्डी में सबसे सम्मानित हस्तियों में से एक हैं। वह 1992 से भारतीय खेल प्राधिकरण के साथ काम कर रहे हैं, कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ियों के करियर को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में, भारतीय टीम ने एशियाई खेलों, कबड्डी विश्व कप और कई मार्की कबड्डी चैंपियनशिप सहित प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में स्वर्ण पदक जीता है। गुजरात जायंट्स का मुख्य कोच बनाये जाने पर जयवीर ने कहा कि मैं गुजरात जायंट्स में शामिल होने के लिए उत्साहित हूं। मैं टीम को भीतर से निडर बनाने को उत्सुक हूं, हमारा उद्देश्य टीम को पीकेएल में सबसे मजबूत दावेदारों में से एक बनाना है। मुझ पर भरोसा रखने और यह रोमांचक अवसर देने के लिए मैं अडानी स्पोर्ट्सलाइन का आभारी हूं। मैं पीकेएल नीलामी और एक मजबूत, प्रतिस्पर्धी टीम बनाने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। सहायक कोच बनाये जाने पर वरिंदर ने कहा कि मैं गुजरात के परिवार में शामिल होने के लिए वास्तव में उत्साहित हूँ। दुनिया की सबसे बड़ी कबड्डी लीग में से एक का हिस्सा बनना एक अविश्वसनीय अवसर है। मैं पहली बार खिलाड़ियों की नीलामी का अनुभव और नए सत्र के लिए एक ठोस टीम बनाने के लिए उत्सुक हूँ। नए कोचिंग सदस्यों का स्वागत करते हुए अदानी स्पोर्ट्सलाइन के चीफ बिजनेस ऑफिसर संजय अडेसरा ने कहा कि जयवीर शर्मा और वरिंदर का गुजरात टीम में स्वागत करते है।

## पीकेएल नीलामी में रिकॉर्ड 10 बांग्लादेशी खिलाड़ी शामिल

**● बांग्लादेश कबड्डी महासभा ने 20 मई की समय सीमा से पहले खिलाड़ियों की सूची को अंतिम रूप देकर प्रस्तुत किया**

**ढाका, वार्ता।** भारत के मुम्बई में 31 मई और एक जून को होने वाली प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 की नीलामी के लिए बांग्लादेश के 10 खिलाड़ियों का चयन किया गया है।

प्रो कबड्डी लीग का नया सीजन अगस्त 2025 में शुरू होगा और लीग में रिकार्ड 10 खिलाड़ियों का शामिल होना बांग्लादेश का कबड्डी में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। बांग्लादेश कबड्डी महासंघ ने 20 मई की समय सीमा से पहले 10 खिलाड़ियों की सूची को अंतिम रूप देकर प्रस्तुत कर दिया है। महासंघ के अनुसार, पीकेएल नीलामी में विचार के लिए प्रस्तुत बांग्लादेशी खिलाड़ियों की यह अब तक की सबसे अधिक संख्या है। चयनित खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार हैं:- **मिजानुर रहमान, लिटन अली, आरिफ रब्बानी, रसेल हसन, राजीब अहमद, रोमन हुसैन, दीपायोन गोल्डार, मोनिरुल चौधरी, अल अमीन और शाह मोहम्मद शाहन**। पीकेएल नीलामी के लिए मांगे गए खिलाड़ियों की संख्या के मामले में बांग्लादेश, ईरान के बाद दूसरे स्थान पर है। महासंघ के महासचिव एसएम नेवाज शोहाग ने कहा कि इस साल की शुरुआत में छह बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने नेपाल फ्रेंचाइजी कबड्डी लीग में भाग लिया था।

# रेणुकाचार्य-दीक्षा ने तैराकी में जीते स्वर्ण पदक

**दीव, वार्ता।** कर्नाटक के रेणुकाचार्य होदमनी और महाराष्ट्र की दीक्षा यादव ने बुधवार को खेलो इंडिया बीच गेम्स की पुरुष और महिला वर्ग की 10 किमी खुले पानी की समुद्री तैराकी स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीते। यहां कर्नाटक के रेणुकाचार्य होदमानी और महाराष्ट्र की दीक्षा यादव ने अरब सागर में आयोजित 10 किमी ओपन स्पर्धाओं में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। रेणुकाचार्य ने दो घंटे नौ मिनट और 40 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पश्चिम बंगाल के प्रत्यय भटाचार्य ने दो घंटे 12 मिनट 31 सेकेंड के समय के साथ रजत तथा महाराष्ट्र के चैतन्य लशदे ने दो घंटे 13 मिनट 14 सेकेंड के साथ कांस्य पदक जीता। वहीं महिला वर्ग में दीक्षा ने दो घंटे 18 मिनट और नौ सेकंड का समय लेकर शीर्ष स्थान, तमिलनाडु की अरन एमपी ने दो घंटे 33 मिनट 38 सेकेंड में रेस पूरी करते हुए रजत पदक तथा महाराष्ट्र की पूर्वा गावड़े ने दो घंटे 33 मिनट 52 सेकेंड के साथ कांस्य पदक हासिल किया। स्वर्ण पदक विजेता 17 वर्षीय रेणुकाचार्य ने सात साल की उम्र में तैराकी शुरू की थी, लेकिन तीन साल पहले ही उन्होंने ओपन वॉटर में कदम रखा।


## हरियाणा व दिल्ली ने मणिपुर को हराकर सेपक टकरा टीम वर्ग का स्वर्ण पदक जीता

**दीव, वार्ता।** हरियाणा और दिल्ली की महिला और पुरुष वर्ग की ट्रीयो टीम ने बुधवार को वर्षा बाधित फाइनल मुकाबले में पारंपरिक सेपक टकरा की मजबूत मणिपुर को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किये।

यहां घोघला बीच पर खेले पाए दोनों फाइनल में बारिश के कारण एक घंटे का ब्रेक रहा। महिलाओं के फाइनल में हरियाणा ने अनुभवी मणिपुर की टीम के खिलाफ 2-1 से जीत हासिल की। मणिपुर को भारत में सेपक टकरा का गढ़ माना जाता है। कप्तान 20 वर्षीय मोनिका की अगुवाई में हरियाणा की महिला सेपक टकरा टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष सम्मान हासिल किया।

# पिकलबॉल में हाथ आजमा रहे कोहली-अनुष्का

**● कार्तिक-दीपिका भी दिखे, आरसीबी ने साझा किया पोस्ट, आरसीबी का अब सनराजर्स हैदराबाद से सामना है होना**



**दिल्ली, वार्ता।** टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और अनुष्का शर्मा की जोड़ी पिकलबाल खेलती नजर आई। रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के टीम बान्डिंग इवेंट में कोहली-अनुष्का की जोड़ी ने पिकल.बाल खेला और जोड़ीदार के तौर पर इसमें हिस्सा लिया। आरसीबी का अब सनराइजर्स हैदराबाद से सामना होना है और इस मैच से पहले टीम के सदस्यों ने पिकलबाल में हाथ आजमाया। पिकलबाल खेलने के लिए आरसीबी के खिलाड़ियों के अलावा सहायक स्टाफ और उनके परिवार के सदस्य भी आए। आरसीबी ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है जिसमें कोहली अंक हासिल करने के बाद अनुष्का को बधाई देते दिख रहे हैं। इन दोनों के अलावा आरसीबी के बल्लेबाजी मेंटर दिनेश कार्तिक और उनकी पत्नी दीपिका पल्लीकल भी मौजूद रहीं। दीपिका भारत की स्टार स्क्वाश खिलाड़ी हैं। सनराइजर्स के खिलाफ मुकाबले से पहले आरसीबी ने सभी खिलाड़ियों और उनके परिवार को इस इवेंट के लिए बुलाया था। आरसीबी के लिए मौजूदा आईपीएल सीजन काफी शानदार रहा है और टीम प्लेआफ के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। सनराइजर्स और आरसीबी के बीच मुकाबला बंगलूरू में होना था, लेकिन बारिश की संभावना को देखते हुए इसे लखनऊ स्थानांतरित कर दिया था। इससे पहले उसका कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 17 मई को खेला गया मुकाबला बारिश में धुल गया था। आरसीबी और हैदराबाद के बीच आईपीएल 2025 का 65वां मुकाबला बंगलूरू में खेला जाना था, लेकिन अब इसे लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल विहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में कराने का फैसला लिया गया है। आईपीएल ने बताया कि बंगलूरू में खराब मौसम को देखते हुए लखनऊ में इस मैच को स्थानांतरित करने का फैसला किया गया है। आरसीबी की टीम को बंगलूरू में बारिश के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

## वर्षा प्रभावित मैचों के लिए दो घंटे का अतिरिक्त समय

**मुम्बई, वार्ता।** देशभर में मानसून की शुरुआत को देखते हुए आईपीएल के लीग चरण के बारिश से प्रभावित होने वाले मैचों के लिए दो घंटे का अतिरिक्त समय दिया जायेगा। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की शासकीय परिषद ने बारिश के कारण बाधा होने की स्थिति में पूरे 40 ओवर का मैच कराये जाने के लिए 120 मिनट का अतिरिक्त समय दिये जाने निर्णय लिया है। इससे पहले केवल प्लेऑफ मैचों में दो घंटे का अतिरिक्त समय दिया जाता है। लेकिन देश भर में मॉनसून की शुरुआत को देखते हुए आईपीएल ने यह निर्णय लिया है। इस निर्णय के तहत अब दो घंटे के अतिरिक्त समय के साथ पूरा 20 ओवर का मैच के लिए दोपहर होने वाले मैच को शाम 5-30 बजे तथा शाम को होने वाले मैच को 9-30 बजे रात तक शुरू किया जा सकता है।

# ई-रिक्शा से कॉलेज जा रही छात्राओं को तेज रफ्तार कंटेनर ने रौंदा

## चीख पुकार के बीच हाईवे की एंबुलेंस से घायल छात्राओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां दो छात्राओं की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र में आगरा अलीगढ़ हाईवे पर अमरपुर काशी चौकी क्षेत्र में ई रिक्शा से उतरकर ई रिक्शा चालक को पैसे दे रही छात्राओं को तेज रफ्तार कंटेनर ने रौंद दिया। टक्कर इतनी तेज थी कि ई रिक्शा उछाल कर आगे खड़ी एक कर से जा टकराया। टक्कर से तीनों छात्राएं काफी दूर जाकर गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गई टक्कर मारने के बाद कंटेनर चालक ने भागने का प्रयास किया इसी दौरान उसने पुलिस पर भी कंटेनर चढ़ाने का प्रयास किया जिसमें उप निरीक्षक विनोद कुमार की कर भी क्षतिग्रस्त हो गई पुलिस की मुस्तैदी के चलते कंटेनर और उसके चालक को पकड़ लिया गया। दुर्घटना में घायल छात्राएं चीख पुकार करने लगी, इसके बाद रहागीरों और पुलिस के द्वारा घायल छात्राओं को हाईवे की एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद दो छात्राओं को मृत घोषित कर दिया। एक छात्र और ई रिक्शा चालक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना पर मृतक छात्राओं के परिजन सरकारी अस्पताल पहुंच गए जहां चीख पुकारो से हर कोई दुखी हो गया परिजन और उनकी माता और बहने बेसुध होकर जमीन पर गिर गई। वहीं कोतवाली प्रभारी अमरनाथ वर्मा पुलिस बल के साथ घटनास्थल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे जहां उन्होंने घायलों और मृतक छात्राओं के परिजनों से बात की इसके बाद मृतक छात्राओं के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया गया।

जानकारी के मुताबिक बिलारी नगर के मोहल्ला अब्दुल्ला बाड़ा निवासी भुल्लन मलिक की 22 वर्षीय बेटी शबनम, सहसपुर के ब्लॉक के सामने स्थित मोहल्ला चौड़ा खरंजा निवासी अब्दुल सलाम की बेटी फरहा और उसी की पड़ोसी 23 वर्षीय चांदनी पुत्री स्वर्गीय नासिर हुसैन तीनों अमरपुर काशी स्थित ग्रामोदय महाविद्यालय में एम ए की छात्राएं हैं।

परिजनों ने बताया कि बुधवार की सुबह 10:00 बजे तीनों कॉलेज के लिए घर से निकली थी। वहीं घायल छात्र फरहा ने बताया कि वह ई-रिक्शा से ग्रामोदय महाविद्यालय के ग्रामोदय लॉ कॉलेज में किसी काम से जा रही थी जैसे ही कॉलेज के बाहर हाईवे के किनारे वह ई रिक्शा से उतरी और चालक को पैसे देने लगी इसी दौरान बिलारी की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी जिसके बाद उन्हें गंभीर चोटे लगी।

मृतक छात्र शबनम के परिजनों ने बताया कि उनकी बेटी कॉलेज के लिए घर से गई थी। उन्हें फोन के जरिए बेटी के एक्सीडेंट होने की सूचना मिली थी। जिसके बाद वह बिलारी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचे थे जहां उन्हें उनकी बेटी मृत अवस्था में मिली। शबनम की मौत से पिता भुल्लन, भाई यासीन, आरिफ,बहन शमा,रौनक और मां



**बिलारी। सपा विधायक ने सरकारी अस्पताल पहुंचकर मृतकों के परिजनों को दिलाया ढांढस।**

शबदरी का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं मृतक 23 वर्षीय चांदनी की परि. जनों का भी रो रो कर बुरा हाल है उसके भाई साकिर हुसैन ने बताया कि उनके मां-बाप नहीं है वह ही उसकी बहन का पढ़ाई लिखाई कर रहे थे। ई रिक्शा चालक राजू पुत्र सूरजपाल निवासी अमरपुर काशी भी गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। कोतवाली प्रभारी अमरनाथ वर्मा ने बताया कि दोनों मृतक छात्राओं की शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया है। बताया कि कंटेनर चालक और कंटेनर पुलिस के कब्जे में है। पीड़ित परिवारों की तरफ से तहरीर मिलने पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## लंबित विवेचनाओं का समयबद्ध तरीके से करें निस्तारण: सीओ

**भोजपुर।** बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में डिप्टी एसपी ठाकुरद्वारा रूद्र प्रताप सिंह ने थाने में तैनात निरिक्षक एवं उप निरीक्षकों का ओआर लिया। उन्होने लंबित विवेचनाओं व प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने आईजीआरएस पर दर्ज शिकायतों को सतर्कतापूर्वक समय से निस्तारित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक,उप निरीक्षक अनिल कुमार गोस्वामी, बृजपाल सिंह, माहिर अब्बास, पंकज राठी, शराफत हुसैन, कपिल कुमार, रामकुमार , विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

## बाल अपचारी को हिरासत में लेकर किया चालान

**भोजपुर।** बुधवार को उप निरीक्षक बृजपाल सिंह ने गांव देवीपुरा निवासी चौदह वर्षीय किशोर को छह वर्षीय बालक को बहला फुसलाकर निर्माणधीन हाईवे पर ले जाकर कुकर्म करने के आरोप में हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद चालान कर दिया।

आरोपी के खिलाफ ग्रामीण ने 18 मई को कुकर्म का मुकदमा दर्ज कराया था।

# पांच गोवंशीय पशु तस्करों के खिलाफ गैंगस्टर में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक ने सामुहिक रूप से संगठित होकर समाज विरोधी क्रियाकलापों में शामिल पांच गोवंशीय पशु वध तस्करों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोह बंद अधिनियम एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। कांस्टेबल सोहित कुमार ने थाने में बीट सूचना अंकित कराते हुए कहा कि पीपलसाना निवासी गैंग लीडर तौसीम उर्फ गोविंदा अपने चार साथियों गांव साहपुर निवासी अब्बास पुत्र अली अकबर व रहमत पुत्र इनायतुल्लाह,पीपलसाना निवासी हसनैन पुत्र जमीन और कांशीराम कालोनी भोजपुर निवासी बब्बू पुत्र मुस्तकीम शातिर किस्म के अपराधी हैं। आरोपी सामुहिक रूप से संगठित होकर अवैध रूप से धन अर्जित करने के लिए गोवंशीय पशुओं की परिवहन, तस्करी एवं गोवध करके आर्थिक, भौतिक एवं दुनियावी लाभ अर्जित कर रहे हैं। आरोपियों के आंतक की वजह से समाज में कोई भी इनके खिलाफ गवाही देने तैयार नहीं है। बीट सूचना की जांच कर रहे प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक ने आरोप सही पाए जाने पर आरोपियों के खिलाफ गैंग चार्ट बनाकर अनुमोदन के लिए जिला अधिकारी अनुज कुमार को भेज दिया। डीएम की संस्तुति मिलने पर मंगलवार को गैंग लीडर तौसीम उर्फ गोविंदा समेत पांच आरोपियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोह बंद अधिनियम एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम में मुकदमा लिखा दिया।

गौरतलब है कि 17अप्रैल को प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक ने गोवंशीय पशुओं का कटान कर जनमानस में कटुता बढ़ाने वालों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई करने की चेतावनी दी थी। फिर भी मोटी रकम कमाने के लिए तस्कर गोवंशीय पशुओं का वध करने में लगे रहे। पुलिस की कार्रवाई से गोवंशीय पशु तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।

# पच्चीस वर्षीय युवक की अचानक मौत होने से मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** बुधवार दोपहर ढाई बजे घर से बाजार जाने को निकला पच्चीस वर्षीय युवक लड़खड़ाते हुए सड़क पर गिर गया। परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल को लेकर जा रहे थे रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। अचानक जवान युवक की मौत होने से क्षेत्रवासियों और परिजनों में कोहराम मच गया। बड़ी मंडी निवासी रिहान कुरैशी (25) पुत्र गुफरान मोबाइल फोन सिम रिटेल में बेचने का काम करता है।घ्दोपहर को खाना खाने के बाद ढाई बजे युवक घर से बाजार को जाने के लिए निकला था। घर से चंद कदमों की दूरी पर लड़खड़ाते हुए सड़क पर गिर गया। परिजन पड़ोस में स्थित क्लीनिक पर ले गए। चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उपचार के लिए जिला मुख्यालय लेकर जा रहे थे रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। युवक का सात महीने पहले ही उत्तराखंड के रामनगर निवासी युवती से विवाह हुआ था।घ्मात्र सात महीने के अल्पकाल में पति की मौत होने से नई नवेली दूल्हन पर गमों का पहाड़ टूट पड़ा। युवक की मां, भाई-बहनों का भी रो रोकर बुरा हाल है। ग्रामीण मौत का कारण हीट स्ट्रोक या हार्ट स्ट्रोक मान रहे हैं। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ मौहम्मद असलम से संपर्क कर जानकारी की तो उन्होंने बताया हीट स्ट्रोक जिसे लूं भी कहते हैं तब होता है जब शरीर का तापमान अत्यधिक बढ़ जाता है। क्योंकि युवक घर में ठंडी जगह से बाहर निकलने के दौरान लड़खड़ाते हुए सड़क पर गिरा है इसलिए हीट स्ट्रोक संभव नहीं है। हां हार्ट स्ट्रोक से मौत होना संभव है। पर पीएम रिपोर्ट के बिना कुछ भी कहना संभव नहीं हैघ् उंन्होंने लोगों से गर्मी में बाहर निकलने से बचने, धूप में फिजिकल एक्टिविटी नहीं करने। ठंडी जगह पर रहने, लगातार ठंडा पानी पीने और नहाने,ढीले और हल्के कपड़े पहने की।

# अवैध रूप से संचालित कोचिंग सेंटरों पर अधिकारी शीघ्र करेंगे छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** क्षेत्र में काफी कोचिंग सेंटर बिना मान्यता के धड़ल्ले से संचालित हो रहे है, लेकिन विभाग इन अवैध कोचिंग सेंटरों पर कार्रवाई करने से बच रहा है। पढ़े-लिखे बेरोजगार युवक, सरक. ारी व प्राइवेट विद्यालयों के शिक्षक धड़ल्ले से कोचिंग सेंटर चला रहे हैं, लेकिन संबंधित विभाग ने आज तक उनके खिलाफ भी कोई कार्रवाई नहीं की। वहीं इन कोचिंग सेंटरों पर महंगी फीस वसूलने से अभिभावकों की जेब ढ़ीली हो रही है।नगर में चल रहे दर्जनों कोचिंग सेंटरों की संख्या जिलेभर से कहीं ज्यादा है, तमाम गली मौहल्लों में कोचिंग का कारोबार खुलेआम चल रहा है लेकिन विभाग अनजान बना हुआ है। सरकारी एवं प्राइवेट स्कूलों और कॉलेजों के शिक्षक भी जमकर ट्यूशनखोरी कर रहे हैं, लेकिन आज तक एक भी कोचिंग सेंटर या शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई है, जिसके चलते अवैध कोचिंग सेंटरों का धंधा बेरोकटोक जारी है। वैसे तो स्कूल चाहे प्राइवेट हो या सरकारी सभी जगह विद्यार्थी अभिभावकों में ज्यादा अंक लेने की होड़ के चलते ट्यूशन का कारोबार जोर-शोर से शुरू हो जाता है। जिसे अधिकतर अभिभावक इन कोचिंग सेंटरों की फीस सहन करने में सक्षम नहीं है, अपने बच्चों के भविष्य को लेकर जैसे तैसे हर किसी को इस होड़ का शिकार होना पड़ता है। निजी स्कूलों में भारी भरकम दाखिला फीस के बावजूद ट्यूशन का मक्कड़ जाल अभिभावकों की जेब ढ़ीली करने में लगा है। ट्यूशन खोरी की इस बीमारी ने नर्सरी से लेकर बारहवीं तक के विद्यार्थियों को बुरी तरह से घेर लिया है, कई अभिभावक भी अब इसे स्टेटस सिंबल मानने लगे हैं। अभिभावक कहते है कि आज ट्यूशन के बिना बच्चे अच्छे अंक भी नहीं ले पाते हैं, आम व्यक्ति के लिए महंगी फीस भरकर बच्चों को ट्यूशन पढ़ाना उनके दायरे से बाहर है। सरकारी स्कूलों में इतनी अच्छी पढ़ाई नहीं है। इसलिए उन्हें निजी स्कूलों का सहारा लेना पड़ता है। उन्होंने बताया कि यदि बच्चे ट्यूशन नहीं पढ़ते हैं तो कक्षा में टॉप कैसे करेंगे। कोचिंग सेंटरों के मानकों की अगर बात करे तो इसके संचालन के लिए डीआईओएस कार्यालय से मंजूरी लेनी होती है, इसके लिए छात्रों की संख्या के आधार पर शुल्क निर्धारित है और हर साल अनुमति का नवीनीकरण भी करवाना पड़ता है, लेकिन नगर एवं तहसील क्षेत्र में बिना मानकों व नियमों के कोचिंग सेंटर गली गली मोहल्ले में घर घर चल रहे है, जो कोचिंग सेंटर पंजीकृत हैं।

उन्होंने भी विभागीय मिलीभगत से कम छात्र संख्या दिखाकर पंजीकरण करवा लिया है और छात्रों से महंगी फीस वसूल रहे है। संबंधित विभाग के अधिकारी ने बताया कि में टीम बनाकर छापेमारी की जाएगी। बिना पंजीकरण कोचिंग मिलने पर कार्रवाई होगी

## ईओ रंजनी सिंह को दोबारा मिला कार्यभार, अध्यक्ष ने किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नगर पंचायत पाकबड़ा का दोबारा से अतिरिक्त कार्यभार दिया गया। इससे पहले रजनी सिँह बिलारी में अधिशासी अधिकारी के पद पर कार्यरत थी इनके अच्छे कार्य को देखते हुए इन्हें नगर पंचायत पाकबड़ा का दोबारा से कार्य भार दिया गया। तथा नगर पंचायत पाकबड़ा अध्यक्ष मोहम्मद याकूब अली ने अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। उनके अच्छे कार्यो की सहारना करते हुए दोबारा नगर पंचायत पाकबड़ा का कार्य भार दिया गया है।



# लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताबदी स्मृति जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी जिला एवं महानगर के संयुक्त तत्वाधान में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताबदी स्मृति जयंती को महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से राष्ट्रीय अभियान के रूप में मनाया जा रहा है।इसी अभियान के अंतर्गत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। लो. कमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशतावदी स्मृति जयंती संगोष्ठी में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया शामिल रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया नगर विधायक रितेश गुप्ता जिला अध्यक्ष आकाश पाल महानगर के गिरीश भंडूला ने भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित किया। तदोपरांत वन्देमातरम गायन कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया गया। मुख्य वक्ता क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र ने लो. कमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का जन्म 300 साल पहले 1725 में 31 मई को हुआ था। हम उनका जन्मदिन महिला सशक्तिकरण के रूप में मना रहे हैं। लोग कहते हैं पहले भाजपा ने जन्मदिवस नहीं मनाया हम कहते है कि पहले हम अस्तित्व में नहीं थे अब हम अस्तित्व आए हैं इसलिए हम वीरांगना अहिल्याबाई की जयंती को मना रहे हैं अहिल्याबाई का जन्म अहमदनगर के एक छोटे से गांव में एक किसान परिवार में हुआ किसी ने सोचा नहीं था यह बच्ची एक महान कार्य करेगी उन्होंने सामान्य महिला से असाधारण शासक तक की यात्रा पूरी की उनका विवाह मल्हार राव होलकर के पुत्र खंडेराव होलकर से हुआ पति की मृत्यु के बाद उन्होंने राज की बागडोर स्वयं संभाली और मालवा क्षेत्र को समृद्धि और सुरक्षा प्रदान की राजमाता अहिल्याबाई ने लोकमाता और पुण्यश्लोका के रूप में ख्याति प्राप्त की अहिल्याबाई शिव की अनन्य भक्त थी हजारों मंदिरों का उन्होंने जीर्णोद्धार कराया वह लोक कल्याणकारी शासन भूमिहीन किसानों भील जैसे जनजातीय समूह और विधवाओं के हितों की रक्षा करने के लिए एक आदर्श शासक थी इन्हीं लोक कल्याणकारी कार्यो के द्वारा उन्हें लोकमाता कहा गया।उन्होंने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर ने बद्रीनाथ केदारनाथ से रामेश्वरम, द्वारिका से गया तक सांस्कृतिक विरासतों का पुन: जीर्णोधार व लो. कसेवा के समानांतर कार्य किये संपूर्ण भारत में फैले हुए इन पवित्र स्थान का विकास वास्तव में उनकी राष्ट्रीय दृष्टि का परिचायक है वह दूरदर्शी प्रशासिका थी एक प्रभावशाली शासक होने के साथ-साथ वह एक कुशल राजनीतिज्ञ भी थी उन्होंने युद्ध के मैदान में मुगल आक्रामण कर्ताओं के दांत खट्टे किये शैक्षिक एवं आर्थिक मामलों में वह एक दूर दृष्टि रखने वाली निर्णय क्षमता संपन्न महिला थी उन्होंने व्यापार को बढ़ावा दिया नए उद्योगों खेती और व्यापार के लिए विशेष प्रयास किया विश्व प्रसिद्ध महेश्वरी साड़ियां उन्हीं के प्रयासों का प्रतिफल है उन्होंने युद्ध में वीरगति पाए सैनिकों की पत्नियों के लिए स्वयं सहायता समूह बनाए थे निजी कोष से सस्ती ऋण भी दिया करती थी महिला सशक्तिकरण तथा प्राकृतिक संरक्षक की दिशा में उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किए वह महिलाओं के अधिकारों के लिए अत्यंत सजग थी उन्होंने वन संपदा को अनावश्यक काटने पर दंड का प्रावधान किया नदियों का प्रदूषण रोकने और नर्मदा के संरक्षक हेतु विशेष प्रयास किया सनातन संस्कृति से अगाध प्रेम करने वाली पूर्णश्लोका राजमाता अहिल्याबाई का दृष्टिकोण अखिल



भारतीय था वह भारत की एकात्मकता में तीर्थ यात्राओं के महत्व को समझती थी ।राजमाता अहिल्याबाई होल्कर का जीवन इस बात का ज्वलंत प्रमाण है कि उन्होंने व्यक्तिगत सुख सुविधाओं और यहां तक की गहरी निजी दुखों को भी परे रखकर अपने संपूर्ण जीवन काल में सदैव प्रजा के कल्याण एवं लोकहितों को सर्वोपरि प्राथमिकता दी । लोकमाता अहिल्याबाई की 320 जयंती के अवसर पर हम सभी उनके इन गुणों को अपने जीवन में उतार कर विकसित भारत के संकल्प को साकार करने हेतु एक नई ऊर्जा प्राप्त कर सकते हैं आज की युवा पीढ़ी को पूर्णश्लोका लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के बारे में अवश्य जानना चाहिए जिससे वह अपने जीवन को राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के पवित्र कार्यों में प्रतिबद्धता पूर्वक लगा सके हम सभी को मिलकर उनके द्वारा किए गए कार्यों को जन जन तक पहुंचना है ।संगोष्ठी की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा आदेश चौधरी, संचालन भाजपा महानगर उपाध्यक्ष राहुल शर्मा ने किया व आभार महिला मोर्चा की महानगर महामंत्री सुनीता सैनी ने व्यक्त किया।संगोष्ठी में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा नगर विधायक रितेश गुप्ता जिला अध्यक्ष आकाश पाल, महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला, महापौर विनोद अग्रवाल,एमएलसी गोपाल अंजान,सुरेश सैनी, राजपाल सिंह चौहान ऋषिपाल सिंह कमल प्रजापति ,राजू कालरा, साध्वी गीता प्रधान नवीन चौधरी धर्मेंद्र नाथ मिश्रा,अजय प्रताप सिंह,राजन बिश्नोई, हरज्ञान सिंह, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी संजय ढाकाआदि शामिल रहे।

## एक नजर

### राजकीय हाईस्कूल नगलिया मशकूला में समर कैंप का किया उद्घाटन

**कुंदरकी।** बुधवार को राजकीय हाईस्कूल नगलिया मशकूला में समर कैंप का उद्घाटन नगलिया मशकूला के सबसे बुजुर्ग दंपति इस्माइल तथा रहीसन ,प्रधानाचार्या डॉक्ष् स्वदेश कुमारी तथा समर कैम्प प्रभारी श्रीमती रेणुका ने सम्मिलित रूप से ने फीता काटकर किया। समर कैंप के प्रथम दिवस पर शासनादेश के अनुसार छात्र एवं छात्राओं को योग एवं व्यायाम तत्पश्चात




स्वपरिचय , रस्साकशी एवं म्यूजिकल चेयर कार्यक्रम कराये गये। समर कैम्प में बच्चों ने बहुत उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया । प्रधानाचार्या डॉ स्वदेश कुमारी ने कहा कि समर कैप न केवल बच्चों में एकता ,भाईचारा, आनंद का अनुभव देगा बल्कि बच्चों के स्किल और रचनात्मक टैलेट को भी निखारने का मौका देगा ।समर कैम्प के अंत में सभी छात्र- छात्राओं को सूक्ष्म जलपान कराया।

### यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल धार्मिक प्रकोष्ठ ने दूसरे बड़े मंगल पर बांटा प्रसाद

**मुरादाबाद।** यप परिवार यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल धार्मिक प्रकोष्ठ द्वारा जेष्ठ मास के द्वितीय मंगल पर सभी सदस्यों बारादरी ढाल पर स्थित बाला जी मंदिर पर एकत्रित हुई। सर्वप्रथम हनुमान चालीसा का पाठ कर महा आरती में भाग लिया। तत्पश्चात भोग लगाकर प्रसाद वितरण शुरू किया जिसमें मंदिर



में क्लब के सभी सदस्यों ने हनुमान जी से प्रार्थना की हर मंगल हम इसी प्रकार प्रसाद वितरण करें भक्तों के बीच करते रहे।वितरण के दौरान क्लब अध्यक्ष नेहा मेहरोत्रा,शालिनी गुप्ता, संजना भटनागर, पूनम, चांदनी, आकांशा, पूजा, भावना, मानसी टंडन, आदि मौजूद रहीं।

### 24 मई के धरना प्रदर्शन को लेकर गांव-गांव किया जनसंपर्क

**बिलारी।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने 24 मई को विशाल धरने के लिए गांव गांव जाकर संपर्क किया। पहाड़पुर, नमेनी गद्दी, उघनपुर, अल्लीपुर ज्योडेरा, अजमतनगर ज्योडेरा, नियामतपुर, रमपुरा धतरारा, मुबारकपुर, मऊ,रजाभूड, उदयपुर,लक्ष्मपुर,अघनपुर मढ़ी, कुआखेड़ा, ढकिया नरू आदि गांव में भ्रमण किया और अखिल उत्तर प्रदेश जाट महासभा बिलारी के तहसील अध्यक्ष आनंदवीर सिंह के घर पहुंच कर धरने के लिए समर्थन मांगा। ब्लॉक अध्यक्ष बिलारी मनवीर सिंह यादव और राजवीर सिंह यादव जिला सचिव ने बगपुरा, हमजापुर, देवरी,दिनोरा, खाता, खानपुर, हाजीपुर, नगला नस्सू, करावर आदि गांव में धरने को सफल बनाने के लिए आव्हान किया। विक्की चौधरी तहसील अध्यक्ष बिलारी, अंकुर चौधरी जिलाध्यक्ष युवा मुरादाबाद , उदयपाल सिंह प्रदेश सचिव , सूरज सिंह मंडल उपाध्यक्ष, गंभीर सिंह जिला मुख्य सचिव, अंकुश चौधरी नगर अध्यक्ष युवा, उदित चौधरी ग्राम अध्यक्ष आदि पदाधिकारियों ने ग्रामीणों से संपर्क किया।

### शक्तिनगर में चिह्नों के अनुसार नहीं हटा अतिक्रमण

**चन्दौसी।** विकासनगर से जनपद न्यायालय तक अतिक्रमण हटाकर नाला निर्माण का आदेश है जिससे सड़कों को चौड़ा किया जा सके। अक्टूबर-नवंबर माह में डिप्टी कलेक्टर विनय मिश्र एवं अधिशासी अधिकारी द्वारा संयुक्त रुप से अभियान चलाकर शक्तिनगर में स्थाई अतिक्रमण हटाकर नाला बनवाने का कार्य शुरु किया और जनपद न्यायालय



तक निशान भी लगाये परंतु सड़क की एक ओर रह रहे लोगों का आरोप है कि दूसरी ओर अतिक्रमण को निष्पक्षता से नहीं हटाया जा रहा है। नाला सीधा न बनकर टेढ़ा-मेढ़ा बनाया जा रहा है जिस कारण जल प्रवाह सही प्रकार से नहीं हो पायेगा। इस कारण सड़क भी कहीं चौड़ी तो कहीं संकरी हो रही है। फिलहाल पूर्व लेखपाल द्वारा जो निशान लगवाये गये थे, वह सही थे और लोगों को अहसास हो रहा है कि अब निशान वर्चस्व के पैमाने पर लगाये गये हैं। कुछ स्थान ऐसे भी हैं जहां से अतिक्रमण हटना जरुरी है परंतु शक्तिनगर में अतिक्रमण हटाये जाने की बजाय राजनीति हो रही है। नाला निर्माण कर रहे ठेकेदार अरुण रंगा का कहना है कि वह इस स्थिति में क्या करें, वह राजस्व टीम व नगरपालिका के निर्देश पर कार्य कर रहा है।

### तीस दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**चन्दौसी।** आज के समय में मोबाइल का इतना ज्यादा प्रयोग होने लगा है कि बच्चे क्या बड़े भी मानसिक रूप से परेशान हैं। समय की मांग है कि पुरानी महिलाएं जिस प्रकार कढ़ाई, बुनाई, सिलाई आदि इस तरह के कार्य करके अपना मन लगाया करती थीं, उसी प्रकार उन एक्टिविटीज को फिर से दोहराया जाए और यह कला बच्चों को भी दी जाए। जायंट्स ग्रुप ऑफ वूमेन पावर एंड वूमन प्राइड द्वारा महिलाओं और युवतियों के लिए सीतारोड स्थित गीता सत्संग भवन "नि:शुल्क एक माह सिलाई प्रशिक्षण शिविर" का आयोजन किया गया है। शि. विर में प्रशिक्षका प्रवेश वार्ष्णेय द्वारा सिलाई सिखाई जा रही है। इस अवसर पर अध्यक्षा शुभा कागजी, अलका मंगल, कमेटी मेम्बर डॉ सुधा चौधरी, एजीक्यूटिव प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर सुभाष रुस्तगी, उपाध्यक्ष अनु रस्तोगी आदि मौजूद रहे।



# सम्पादकीय

गुरुवार, 22 मई 2025

## अभिव्यक्ति की आजादी

बुधवार को उच्चतम न्यायालय ने अशोका विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सोशल मीडिया पर की गई उनकी विवादित टिप्पणी के मामले में यह सशर्त अंतरिम जमानत दी है। प्रो. अली खान अशोका विवि. में राजनीतिक विज्ञान विभाग के प्रमुख हैं। उनको एक विवादित टिप्पणी को लेकर हरियाणा पुलिस ने रविवार को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। उनके विरुद्ध दो मामले दर्ज किए गए थे। ध्यान रहे कि उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा था कि वह कर्नल सोफिया कुरैशी की प्रशंसा करते हैं और इतने सारे दक्षिणपंथी टिप्पणीकारों को देखकर बहुत खुश हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा था कि शायद वह उतने ही जोर से यह भी मांग कर सकते हैं कि भीड़ द्वारा हत्या, मनमाने ढंग से बुल्डोजर कराने और भाजपा के नफरत फैलाने के शिकार अन्यों को भारतीय नागरिक के रूप में संरक्षित किया जाए। हरियाणा पुलिस के साथ-साथ हरियाणा राज्य महिला आयोग ने भी प्रोफेसर की इन टिप्पणियों की आलोचना की थी। आयोग ने उनकी टिप्पणियों को भारतीय सशस्त्र बलों में महिला अधिकारियों के प्रति अपमानजनक बताया, साथ ही आयोग का मानना था कि ये टिप्पणियां सांप्रदायिक विद्वेष को बढ़ावा देने वाली हैं। प्रो. अली खान महमूदाबाद की गिरफ्तारी भारतीय राजनीति में एक चर्चा का विषय भी बन गई। ऐसे लोगों की भी कमी नहीं है जिनका मानना है कि प्रो. ने अपनी टिप्पणियों में ऐसा कुछ भी नहीं कहा, जिससे लगे कि उन्होंने देश के विरुद्ध जाकर कोई काम किया है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भी प्रोफेसर की गिरफ्तारी और हिरासत से संबंधित मीडिया रिपोर्ट का संज्ञान लेने हुए हरियाणा के पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर एक सप्ताह में विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का मानना है कि रिपोर्ट प्रथम दृष्टया इस बात का खुलासा करती है कि उक्त प्रोफेसर के मानवाधिकारों और स्वतंत्रता का उल्लंघन किया गया है। असल में यह एक चलन सा हो गया है, जो कोई भी सरकार के कामकाज को लेकर उसकी आलोचना करता है, उसको देश के प्रति आला. चना मान लिया जाता है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि अभिव्यक्ति के नाम पर दी गई टिप्पणियों के विरुद्ध जो कार्रवाई होती है वह सिलेक्टिव होती है, जबकि कानून सभी के लिए समान होना चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर के बाद मध्य प्रदेश के दो मंत्रियों की बेहद निंदनीय टिप्पणी आई, जिसमें एक मंत्री महोदय कर्नल सोफिया को आतंकवादी की बहन तक बता रहे हैं, तो दूसरे मंत्री भारतीय सेना को प्रधानमंत्री मोदी के चरणों में समर्पित होने की बात कह रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने मंत्री की टिप्पणियों को लेकर सख्त नारा. जगी जताई है। अभी तक कोई कार्रवाई तो दूर उनका त्यागपत्र भी नहीं लिया गया है। जबकि चारों ओर से यह मांग उठ रही है। कोर्ट के आदेश पर जो रिपोर्ट दर्ज भी हुई है, वह बेहद लचीली है, जिस पर कोर्ट ने नाराजगी जताई है। लोकतंत्र में कानून सभी के लिए समान होना चाहिए।

## सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल पीआर स्टंट



प्रधानमंत्री मोदी की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर को लेकर अंतर्राष्ट्रीय दौरों पर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजना एक पीआर स्टंट और ध्यान भटकाने की कोशिश है, सरकार ने अभी तक पहलगाम आतंकी हमले और चीन-पाकिस्तान जैसे गंभीर मुद्दों पर संसद का विशेष सत्र नहीं बुलाया है, हम आतंकवाद, पाकिस्तान और चीन के मुद्दों को लेकर गंभीर हैं, तो संसद का विशेष सत्र क्यों नहीं बुलाया जा रहा, विपक्षी पार्टियां 22 अप्रैल से ऑल-पार्टी मीटिंग की मांग कर रही हैं, दो बैठकें तो हुईं, लेकिन पीएम उसमें शामिल नहीं हुए, इसके बाद पीएम को पत्र लिखकर संसद सत्र बुलाने की मांग की गई, पाक के आतंकवाद को समर्थन देने और उसके चीन से रणनीतिक रिश्तों को संसद में चर्चा का विषय बनाना चाहिए था, पर सरकार ने ध्यान हटाने के लिए जातीय जनगणना और अब ये विदेशी दौरे शुरू कर दिए हैं। **-जयराम रमेश, वरिष्ठ कांग्रेस नेता**

# विलुप्त होती प्रजातियां: जीवन के अस्तित्व पर संकट की दस्तक

**विश्व जैव विविधता दिवस पर विशेष**

मनुष्यों की ही भांति जीव-जंतु और पेड़-पौधे भी इस धरती के अभिन्न अंग हैं लेकिन विडंबना यह है कि मनुष्य ने अपने स्वार्थों और तथाकथित विकास की दौड़ में इनके अस्तित्व पर ही संकट खड़ा कर दिया है। जंगलों की अंधाधुंध कटाई, शहरीकरण, औद्योगीकरण और अनियंत्रित मानवीय गति. विधियों के चलते वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास उजड़ चुके हैं और वनस्पतियों की कई प्रजातियां लगभग समाप्ति की कगार पर हैं। पारिस्थितिकी तंत्र, जिसमें सभी जैविक और अजैविक तत्व एक-दूसरे पर निर्भर होते हैं, अब असंतुलित होता जा रहा है। यह असंतुलन न केवल जीव-जंतुओं के जीवन चक्र को प्रभावित कर रहा है बल्कि मनुष्य के अस्तित्व के लिए भी गंभीर खतरा बन चुका है। दुनियाभर में हजारों वन्य प्रजातियां या तो पूरी तरह विलुप्त हो चुकी हैं या विलुप्त होने के कगार पर हैं। वनस्पतियों की स्थिति भी कुछ अलग नहीं है। जब किसी पारिस्थितिकी तंत्र से एक भी प्रजाति लुप्त होती है तो उससे जुड़ी कई अन्य प्रजातियों की कड़ी भी प्रभावित होती है, जिससे पूरी जैव श्रंखला खतरे में पड़ जाती है। इस जैव विविधता की क्षति का असर सीधे-सीधे मानव जीवन पर भी पड़ रहा है, जिसे अब नजरअंदाज करना आत्मघाती सिद्ध हो सकता है।

वन्य जीव-जंतु और उनकी विविधता धरती पर अरबों वर्षों से हो रहे जीवन के सतत विकास की प्रक्रिया का आधार रहे हैं। वन्य जीवन में ऐसी वनस्पति और जीव-जंतु सम्मिलित होते हैं, जिनका पालन-पोषण मनुष्यों द्वारा नहीं किया जाता। आज मानवीय क्रियाकलापों तथा अतिक्रमण के अलावा प्रदूषण वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण भी दुनियाभर में जीव-जंतुओं तथा वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर दुनियाभर में संकट के बादल मंडरा रहे हैं। प्रदूषण मुक्त सांसें पुस्तक में विस्तार से यह उल्लेख है कि विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण किस प्रकार असंतुलित होता है। दरअसल विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण जिस प्रकार असंतुलित हो रहा है, वह पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बना है। पर्यावरण के इसी असंतुलन का परिणाम पूरी दुनिया पिछले कुछ दशकों से गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में देख और भुगत भी रही है।

लगभग हर देश में कुछ ऐसे जीव-जंतु और पेड़-पौधे पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं, लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते जीव-जंतुओं के आशियाने लगातार बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं, वहीं वनस्पतियों की कई प्रजातियों का भी अस्तित्व मिट रहा है। हालांकि जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों की विविधता से ही पृथ्वी का प्राकृतिक सौन्दर्य है, इसलिए भी लुप्तप्राय: पौधों और जीव-जंत. ुओं की अनेक प्रजातियों की उनके प्राकृतिक निवास स्थान के साथ रक्षा करना पर्यावरण संतुलन के लिए भी बेहद जरूरी है।

इसीलिए पृथ्वी पर मौजूद जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए तथा जैव विविधता के मुद्दों के बारे में लोगों में जागरूकता और समझ बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 22 मई को अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जाता है।

20 दिसम्बर 2000 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा प्रस्ताव पारित करके इसे मनाने की शुरुआत की गई थी। इस प्रस्ताव पर 193 देशों द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे। दरअसल 22 मई 1992 को नैरोबी एक्ट में जैव विविधता पर अभिसमय के पाठ को स्वीकार किया गया था, इसीलिए यह दिवस मनाने के लिए 22 मई का दिन ही निर्धारित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस इस वर्ष 'प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास' विषय के साथ मनाया जा रहा है।



पेड़-पौधों की संख्या पृथ्वी पर जिस तेज गति के साथ घट रही है, उसने न केवल पर्यावरण का संतुलन बिगाड़ रहा है बल्कि अनेक जीव-जंतुओं और पक्षियों को उनके प्राकृतिक घरों से भी वंचित होना पड़ रहा है। परिणामस्वरूप, अनेक प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी हैं। पर्यावरण विशेषज्ञों की स्पष्ट चेता. वनी है कि यदि अब भी इस संकट की अनदेखी की गई तो निकट भविष्य में ऐसी भयावह स्थिति उत्पन्न होगी कि न केवल पेड़-पौधों की दुर्लभ प्रजातियां समाप्त हो जाएंगी बल्कि अनेक पशु-पक्षी भी धरती से सदा के लिए मिट जाएंगे। माना कि विकास आवश्यक है लेकिन वह ऐसा हो, जो प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाए रखे। प्रदूषण मुक्त सांसें पुस्तक में यह गंभीर चेतावनी दी गई है कि यदि विकास की दौड़ में जंगलों की कटाई और जीव-जंत. ुओं के आवासों का विनाश जारी रहा तो वह दिन दूर नहीं जब मनुष्य स्वयं अपने अस्तित्व को खतरे में डाल देगा। तेजी से बढ़ती आबादी और शहरीकरण ने मनुष्य को इस हद तक स्वार्थी बना दिया है कि उसने यह तक भूलना शुरू कर दिया है कि उसका जीवन भी प्रकृति के सहारे ही संभव है। खेतों में कीटों को नियंत्रित करने वाले चिड़िया, तीतर, कौआ, गिद्ध, मोर जैसे पक्षी भी आज विलुप्ति के कगार पर हैं। यह पक्षी न केवल किसानों के मित्र माने जाते रहे हैं बल्कि जैव विविधता की श्रंखला में एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। धरती पर जीवन को सुचारु और संतुलित बनाए रखने में जैव विविधता की बहुत अहम भूमिका है, इसलिए यदि हम आज ही सजग नहीं हुए और इन दुर्लभ प्रजातियों तथा उनके प्राकृतिक निवास की रक्षा नहीं की तो आने वाले समय में न केवल पर्यावरणीय संकट और तेजी से गहराएगा बल्कि मानव जीवन भी संकट में पड़ जाएगा। अब समय आ गया है कि हम विकास और संरक्षण के बीच संतुलन साधें। **-अतुल गोयल**

### विश्व की प्रमुख संकटग्रस्त प्रजातियां

**सुमात्रा राइनो**- इंडोनेशिया में पाई जाने वाली यह गैंडे की प्रजाति विलुप्ति के कगार पर है।
**अमूर तेंदुआ**- रूस और चीन की सीमा पर पाई जाती है, केवल कुछ दर्जन बचे हैं।
**जावन राइनो**- जावा द्वीप में कुछ ही बचे हैं।
**सीगिंग गोरिल्ला**- अफ्रीका में पाई जाने वाली यह प्रजाति भी खतरे में है।
**वैक्सन डॉल्फिन ( वाकिता )**- मेक्सिको के समुद्री क्षेत्र में पाई जाती है, केवल 10.20 के बीच बचे हैं।
**एशियाई चीता**- ईरान में पाई जाती है, गिने-चुने ही शेष हैं।
**गैंगेटिक डॉल्फिन**- भारत और नेपाल में पाई जाती है, संकट में है।
**ऑरंगुटान्स ( बोर्नियो और सुमात्रा )**- जंगलों की कटाई से आबादी घट रही है।

### भारत की प्रमुख संकटग्रस्त प्रजातियां

भारत में भी कई वन्य प्रजातियां संकट के दौर से गुजर रही हैं। उनमें से कुछ इस प्रकार हैं-
**हिम तेंदुआ**- अत्यधिक ठंडे क्षेत्रों में पाई जाती है, इनकी संख्या घटती जा रही है।
**हाथी**- जंगलों के विनाश और मानव-पशु संघर्ष के कारण संकट में हैं।
**कस्तूरी मृग**- अवैध शिकार के कारण संकटग्रस्त।
**गंगा डॉल्फिन**- प्रदूषण और अवैध शिकार का शिकार।
**बंगाल बस्टर्ड**- घास के मैदानों के विनाश के कारण बहुत कम बचे हैं।
**लाल पांडा**- सीमित क्षेत्रों में पाया जाता है, आवास खतरे में हैं।
**वन बिल्ली**- राजस्थान, गुजरात आदि में पाई जाती है, विलुप्ति की ओर अग्रसर।

# गर्मी में सत्तू: स्वाद और सेहत का संगम

**गर्मी के मौसम में सत्तू केवल ठंडा और सेहतमंद पेय नहीं, बल्कि एक बहुपयोगी खाद्य सामग्री है जिससे कई स्वादिष्ट और पारंपरिक व्यंजन बनाए जा सकते हैं। चाहे लड्डू हो, शरबत या कचौरी सत्तू हर रूप में स्वाद और स्वास्थ्य दोनों का ख्याल रखता है। इस गर्मी, सत्तू को अपने आहार का हिस्सा बनाएं और स्वाद के साथ-साथ सेहत भी पाएं।**

गर्मियों की तेज लू और चिलचिलाती धूप से राहत पाने के लिए शरीर को ठंडक पहुंचाने वाले और पोषण से भरपूर खाद्य पदार्थ बेहद जरूरी हैं। ऐसा ही एक परंपरागत और चमत्कारी सुपरफूड है सत्तू। यह भुने हुए चने या जौ को पीसकर बनाया जाता है और सदियों से पंजाब, राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बंगाल में इसका उपयोग किया जा रहा है।

सत्तू का सेवन गर्मी में शरीर को ठंडक देने, हाइड्रेट रखने और ऊर्जा बनाए रखने के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। इसमें प्रोटीन, फाइबर, आयरन, कैल्शियम और मैग्नीशियम जैसे जरूरी पोषक तत्व मौजूद होते हैं। सत्तू पाचन सुधारता है, पेट की जलन और अपच से राहत दिलाता है। इसे शरबत के रूप में ही नहीं, बल्कि कई स्वादिष्ट व्यंजनों में भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

### सत्तू के लड्डू

**सामग्री-**
सत्तू- 250 ग्राम
बूरा या पिसी चीनी-200 ग्राम
घी-200 ग्राम
इलायची-7-8 (पाउडर बना लें)
काजू-20-25
बादाम-20-25
पिस्ता-10-12
**विधि**-कढ़ाई में घी गर्म करें और उसमें सत्तू डालकर धीमी आंच पर 5-6 मिनट तक भूनें। गैस बंद करके मिश्रण को अलग बर्तन में निकाल लें और ठंडा होने दें। काजू, बादाम और पिस्ता बारीक काट लें। ठंडे सत्तू में बूरा, इलायची पाउडर और कटे हुए मेवे मिलाएं। सब कुछ अच्छे से मिलाकर मनचाहे आकार के लड्डू बना लें और ऊपर से पिस्ते से सजाएं। स्वादिष्ट और पोषक सत्तू के लड्डू तैयार हैं।

### सत्तू का मीठा और नमकीन शर्बत

**मीठा सत्तू ड्रिंक-**
सामग्री-
चने का सत्तू-कप
पानी-1 कप
नींबू- 1
पिसी चीनी- 2 टेबल स्पून
काला नमक-टीस्पून
**विधि**- सत्तू में थोड़ा पानी डालकर गुठलियां खत्म होने तक घोलें, फिर बाकी पानी मिलाएं। उसमें नींबू का रस, पिसी चीनी और काला नमक डालकर अच्छी तरह मिलाएं। ठंडा-ठंडा मीठा सत्तू शरबत तैयार है।

### नमकीन सत्तू ड्रिंक

**सामग्री-**
सत्तू-कप
पानी-1 कप
नींबू-1
काला नमक-टीस्पून
साधारण नमक-स्वादानुसार
भुना जीरा-टीस्पून
हरी मिर्च बारीक कटी-1
पुदीना- 6-7 पत्ते
**विधि**- सत्तू को थोड़े पानी में घोलें, फिर उसमें बाकी पानी डालें। अब इसमें नींबू रस, नमक, काला नमक, भुना जीरा, हरी मिर्च और पुदीना डालकर मिलाएं। ठंडा कर सर्व करें। यह ड्रिंक शरीर को ठंडक और ताजगी से भर देता है।

### सत्तू की कचौरी

सामग्री- आटा गूंधने के लिए- गेहूं का आटा-2 कप, तेल-4 टेबल स्पून, नमक-स्वादानुसार, पिट्ठी (भरावन) के लिए-सत्तू-150 ग्राम, घी-3-4 टेबल स्पून
हींग-2 पिंच, जीरा- टीस्पून, धनिया पाउडर-1 टीस्पून, सौंफ पाउडर-1 टीस्पून, हरी मिर्च-2 (बारीक कटी), अदरक-1 इंच (कद्दूकस किया हुआ), लाल मिर्च पाउडर, गरम मसाला, अमचूर- प्रत्येक-टीस्पून, हरा धनिया-1 टेबल स्पून (कटा हुआ), नमक- स्वादानुसार
**विधि-**
सबसे पहले आटे में तेल और नमक मिलाकर नरम आटा गूंध लें और ढककर 20 मिनट के लिए रख दें। पिठी के लिए कढ़ाई में घी गर्म करके उसमें हींग और जीरा तड़काएं। फिर अदरक, हरी मिर्च, सत्तू, सौंफ और धनिया पाउडर डालें और हल्का भूनें। अब बाकी मसाले और नमक मिलाकर मिश्रण ठंडा करें। आटे की छोटी लोइयां बनाएं, बीच में पिट्ठी भरें और कचौरी का आकार दें। बेलकर गर्म तेल में सुनहरा होने तक तलें। गरमागरम कचौरी को हरी धनिया की चटनी या आम के अचार के साथ परोसें।

# विकास उड़ गया आंधी में



**निर्मल रानी**

दिल्ली-एनसीआर को गत दिनों तेज आंधी, बारिश व तूफान का सामना करना पड़ा। इस तेज आंधी में नई दिल्ली स्टेशन के करीब नबी करीम क्षेत्र में एक निर्माणाधीन मकान की दीवार गिर गई, जिसमें दब जाने से 3 लोगों की मौत हो गई और 3 लोग घायल हो गए, जबकि कई जगहों पर पेड़ उखड़ने का भी समाचार है परन्तु शायद इस आंधी का सबसे अधिक प्रकोप न्यू अशोक नगर रैपिड मेट्रो स्टेशन को झेलना पड़ा। दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रैपिड रेलवे ट्रांजिट सिस्टम के बीच आने वाले इस स्टेशन के एक बड़े हिस्से की छत ही तेज हवा के चलते उड़ गई।

छत की कई टीन नीचे सड़क पर जा गिरी तो कई हवा में लटकने लगीं। गौरतलब है कि अभी करीब चार माह पूर्व ही 5 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिल्ली-मेरठ रेपिड रेलवे ट्रांजिट सिस्टम के 13 किलोमीटर लंबे जिस सेक्शन का उद्घाटन किया था, न्यू अशोक नगर स्टेशन भी उसी सेक्शन के बीच आने वाला एक प्रमुख स्टेशन है और यह नवनिर्मित स्टेशन आंधी-तूफान का एक झटका भी नहीं झेल पाया। दिल्ली के न्यू अशोक नगर को उत्तर प्रदेश के साहिबाबाद से जोड़ने वाली इस परियोजना में 4,600 करोड़ रुपए की लागत आई है। न्यू अशोक नगर रैपिड मेट्रो स्टेशन पर हुए इस हादसे के बाद सुरक्षा के दृष्टिगत नमो भारत ट्रेन की सेवाओं के आवागमन को अगले आदेश तक स्थगित करना पड़ा था। इस हादसे के बाद एक बार फिर स्टेशन की छत के निर्माण की गुणवत्ता पर प्रश्न उठने लगे हैं। यहां एक बात यह भी काबिले गौर है न केवल प्रधानमंत्री नई ट्रेन को झंडी दिखा कर रवाना करते हैं बल्कि पुल,हाईवे एक्प्रेसवे के छोटे से नवनिर्मित हिस्से जैसी परियोजनाओं का भी वे स्वयं उद्घाटन करते हैं बल्कि ऐसे अवसरों पर प्राय: कांग्रेस की सरकार को कोसने और अपनी पीठ थपथपाने से भी नहीं चूकते। मिसाल के तौर पर गत वर्ष द्वारका एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के समय प्रधानमंत्री ने तंज करते हुए कहा था कि कांग्रेस ने 7 दशक तक जो गड्ढे खोदे थे वे अब तेजी से भरे जा रहे हैं। उसी समय उन्होंने यह भी कहा था कि मैं न छोटा सोच सकता हूं, न मैं मामूली सपने देखता हूं और न ही मैं मामूली संकल्प करता हूं। मुझे जो चाहिए विराट चाहिए, विशाल चाहिए और तेज गति से चाहिए क्योंकि 2047 में मुझे देश को विकसित भारत के रूप में देखना है। परन्तु उन्होंने यह नहीं कहा कि मुझे हर परियोजना का निर्माण टिकाऊ व मजबूत भी चाहिए। याद कीजिए 16 जुलाई को प्रधानमंत्री ने जिला जालौन के कैथेरी में पूरे प्रचार-प्रसार के साथ जिस बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किया था वह एक्सप्रेस-वे उद्घाटन के केवल 5 दिन बाद ही जगह-जगह से धंस गया था और उसमें कई जगह बड़े बड़े गड्ढे पड़ गए थे। जिसके कारण कई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गए थे। चित्रकूट के भरतकूप से शुरू होकर इटावा के कुद. रेल में मिलने वाले इस बुन्देलखंड एक्सप्रेस वे के निर्माण पर करीब 14 हजार करोड़ की लागत आई थी। इसके एक वर्ष बाद फिर इसी एक्सप्रेस वे पर पुन: चित्रकूट को जाने वाली लेन पर करीब एक दर्जन गड्ढे हो गए थे। इन गड्ढों में पानी भरने से एक्सप्रेस वे से निकलने वाले कई वाहनों को दुर्घटना का शिकार होना पड़ा था। उस समय भी मीडिया में इस परियोजना की गुणवत्ता पर सवाल खड़े किए गए थे और काफी घटिया निर्माण के चलते सरकार की काफी फजीहत हुई थी। जाहिर है यह गड्ढे कांग्रेस के समय के नहीं थे। इसी तरह देश के सबसे लंबे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर दौसा



जिले के भांडारेज के पास पर भारी वाहन गुजरने से सड़क धंस गई, जिससे बड़ा गड्डा हो गया था। इस परियोजना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट बताया गया था। यहां भांडारेज टोल के पास भारी वाहन गुजरने मात्र से सड़क धंस गई थी जिससे सड़क के बीचों-बीच 15 फुट गहरा गड्ढा हो गया था । इस एक्सप्रेस वे पर गड्ढे होने के बाद इसमें भी घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल तथा लापरवाही का आरोप लगा था। इस परियोजना के निर्माण पर भी लगभग 1 लाख करोड़ रुपए की लागत आई थी। 12 फरवरी 2023 को इस का भी प्रधानमंत्री मोदी ने ही उद्घाटन किया था और उद्घाटन करते हुए इसे भी देश की आधारभूत संरचना का एक उत्कृष्ट उदाहरण बताया था, लेकिन उद्घाटन के कुछ ही महीनों में बारिश ने इस उत्कृष्ट निर्माण की वास्तविकता को उजागर कर दिया था। इस तरह के दर्जनों ऐसे उदाहरण हैं जो या तो निर्माण के समय ही ध्वस्त या क्षतिग्रस्त हो गए या उद्घाटन के कुछ समय बाद ही उनकी असलियत उजागर हो गई। अभी गत वर्ष बिहार में इसतरह एक के बाद एक कई बड़े पुल ढह गए। गत वर्ष अयोध्या नगरी में कई जगह सड़कें धंस गईं। चंडीगढ़ से राजस्था को जाने वाला अंबाला से होकर गुजरने वाला हाइवे अपने निर्माण के कुछ ही समय बाद क्षतिग्रस्त हो गया था। इसपर बने कई पुल भारी वहां गुजरने पर आज भी थरथर हिलते हैं। यह सारे गड्ढे विक. सित राष्ट्र के मार्ग में पड़ने वाले गड्ढे हैं जिनकी जिम्मेदारी न ही कांग्रेस की है न ही पंडित नेहरू की। सवाल यह है कि इस तरह के घटिया निर्माण के पीछे का रहस्य आखिर क्या है? कौन हैं इन कंपनीज के मालिक जो जनता के टैक्स के पैसों की इस तरह खुलकर लूट करते हैं? जनधन की लूट खसोट का यह सिलसिला आखिर कभी खत्म भी होगा या नहीं?

इन लुटेरी निर्माण कंपनियों को किसकी शह मिली हुई है? क्या वजह है कि जिन मुगलों को विदेशी व आक्रांता बताकर दिन रात वोट बटोरने की राजनीति की जाती है उनके समय के बनाए हुए हजारों निर्माण आज भी पूरी मजबूती के साथ अपना सिर बुलंद किए खड़े हैं। इसी तरह अंग्रेजों के शासनकाल के अनेक महत्वपूर्ण निर्माण आज तक क्षतिग्रस्त नहीं हुए। उदाहरणार्थ 18 जनवरी 1927 को तत्कालीन गवर्नर-जनरल लॉर्ड इरविन द्वारा उद्घाटित व ब्रिटिश वास्तुकारों एडविन लुटियंस और हर्बर्ट बेकर द्वारा डिजाइन किए गए पुराने संसद भवन का आज तक बाल भी बांका नहीं हुआ जबकि सेन्ट्रल विस्टा परियोजना के अंतर्गत बना नया संसद भवन जिसका उद्घाटन 28 मई 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया था उसमें पहली बारिश के दौरान ही पानी टपकने लगा था। निश्चित रूप से यह इस भवन की गुणवत्ता या निर्माण में कमी के कारण ही था। इससे नए संसद भवन की प्रतिष्ठा को भी ठेस पहुंची थी। परन्तु आश्चर्य है कि भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस व विकास का हर वक्त ढिंढोरा पीटने वाली सरकार का विकास कहीं गड्ढों में घुसा जा रहा है तो कहीं आंधी में उड़ा जा रहा है?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पाकिस्तान में स्कूल बस पर विद्रोहियों का हमला, पांच की मौत



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत के खुजदार जिले में बुधवार को विद्रोहियों ने एक स्कूल बस पर हमला किया, हमले में तीन छात्रों सहित पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

इस बीच पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने 'स्कूल जाने वाले निर्दोष बच्चों' पर विद्रोहियों के इस हमले की कड़ी निंदा की और हमले के 'योजनाकारों, उकसाने वालों और इसे अंजाम' देने वालों का पता लगाकर उन्हें न्याय के कटघरे में खड़ा करने का संकल्प जताया। खुजदार के उपायुक्त यासिर इकबाल दश्ती ने बताया कि जिले के जीरो पॉइंट इलाके में स्कूल बस के पास एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन में विस्फोट किया। हमले में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और छात्रों

■ खुजदार के उपायुक्त यासिर इकबाल दश्ती ने बताया जिले के जीरो पॉइंट इलाके में स्कूल बस के पास एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन में विस्फोट किया

और कर्मचारियों सहित अन्य 40 घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि शक्तिशाली विस्फोट के बाद बस के परखच्चे उड़ गए। विस्फोट की सूचना मिलने के बाद बचाव दल और कानून प्रवर्तन एजेंसियां घटनास्थल पर पहुंचीं और घायलों को पास के अस्पतालों में पहुंचाया गया है। पुलिस ने समूचे इलाके की घेराबंदी कर दोषियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। अभी तक किसी संगठन ने इस विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है।



**नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर वीर भूमि पर पुष्पांजलि अर्पित करते लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।**

## पाकिस्तान-भारत के बीच मतभेदों को सुलझाने का स्वागत: चीन

बीजिंग। चीन के विदेश मंत्री वांग ई ने कहा है कि चीन पाकिस्तान और भारत द्वारा बातचीत के माध्यम से अपने मतभेदों को ठीक से निपटाने, व्यापक और स्थाई युद्धविराम हासिल करने और मौलिक समाधान तलाशने का स्वागत करता है और उसका समर्थन करता है। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य वांग ने पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार के साथ बातचीत करते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि यह दोनों पक्षों के मौलिक और दीर्घकालिक हितों के अनुरूप है, जो क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए अनुकूल है और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की आम अपेक्षा के अनुरूप भी है। वांग ने कहा कि चीन और पाकिस्तान ने पारंपरिक मित्रता को मजबूत करने, पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को मजबूत करने और चुनौतियों का संयुक्त रूप से समाधान करने पर घनिष्ठ रणनी. तिक संचार बनाए रखा है, जो द्विपक्षीय संबंधों के उच्च स्तर को दर्शाता है।

## प्रदर्शनकारियों ने सिंध के गृहमंत्री का घर जलाया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में प्रदर्शनकारियों ने सिंध के गृह मंत्री जियाउल हसन लंजर का घर जला दिया। प्रदर्शनकारियों ने घर की सुरक्षा में तैनात गार्ड्स को भी पीटा। रिपोर्ट के मुताबिक सिंध के नौशेहरो फिरोज जिले में पुलिस और एक राष्ट्रवादी संगठन के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई थी। इसमें कम से कम 2 लोगों की मौत हो गई।

इसके अलावा दोनों तरफ के कई लोग भी घायल हो गए। पाकिस्तान सरकार की योजना सिंध नदी पर नहर बनाने की है। इससे स्थानीय लोग नाराज हैं। उनका कहना है कि सरकार उनकी जमीन और पानी छीन रही है। जब प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर धरना देने की कोशिश की, तो पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इसके तनाव बढ़ गया। नाराज होकर लोगों ने सिंध के गृह मंत्री के घर पर हमला कर दिया था। प्रदर्शनकारियों ने कुछ ट्रकों को लूट

■ सिंधु नदी का पानी डायवर्ट करने की स्कीम के खिलाफ प्रदर्शन, इसी दौरान भड़की हिंसा


लिया और उनमें से कुछ को आग लगा दी। पाकिस्तानी वेबसाइट जियो टीवी के मुताबिक सरकार की योजना सिंध नदीं पर नहरें बनाकर चोलिस्तान में हजारों एकड़ बंजर जमीन पर खेती करने की है। इसकी लागत करीब 211 अरब रुपये (63 अरब) है। हालांकि बिलावल भुट्टो की पार्टी पीपीपी इसके खिलाफ है। उनका कहना है कि सिंध को इससे नुकसान होगा और उनका पानी छीन लिया जाएगा। कुछ हफ्ते पहले एक समिति (काउंसिल ऑफ कामन इंटरेस्ट-सीसीआई) ने भी इस प्रोजेक्ट को खारिज कर दिया था। उनका कहना था कि जब तक सभी राज्यों (प्रांतों) की आपसी सहमति नहीं होगी, तब तक कोई नई नहर नहीं बनेगी।

# पाकिस्तान से अफगानिस्तान तक सड़क बनाएगा चीन

### विदेश मंत्रियों की बैठक में सहमति बनी, चर्चित सीपीईसी प्रोजेक्ट पर भारत अपित्त जता चुका है

**बीजिंग।** चीन, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के विदेश मंत्रियों की बुधवार को बीजिंग में हुई बैठक में चीन-पाकिस्तान इकोनामिक कारिडोर (सीपीईसी) का अफगानिस्तान तक विस्तार करने पर सहमति बनी है।

पाकिस्तान के फारेन आफिस (पीएफओ) ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। चीन के शिंजियांग से पाकिस्तान के बलूचिस्तान में ग्वादर पोर्ट तक बनने वाला यह कारिडोर अफगानिस्तान तक जाएगा। इस कारिडोर से चीन की प्लानिंग मिडिल-ईस्ट के देशों से सड़क कनेक्टिविटी बनाना है। सीपीईसी का विस्तार पाकिस्तान से अफगानिस्तान में कहां-कहां होगा, इसकी जानकारी अभी नहीं आई है।



पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार, चीन के विदेश मंत्री वांग ई और अफगानिस्तान के कार्यवाहक विद. `श मंत्री अमीर खान मुत्ताकी ने आज बीजिंग में बैठक की। बैठक में तीनों मंत्रियों ने क्षेत्रीय सुरक्षा और आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए आपसी सहयोग को जरूरी माना। इसके साथ ही डिप्लोमैटिक कोआ. परेशन आगे बढ़ाने और इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठाने पर चर्चा की। चाइना-पाकिस्तान इकोनामिक कारिडोर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की महत्वाकांक्षी योजना है। इसकी शुरुआत 2013 में की गई थी। इसमें चीन के शिंजियांग प्रांत से पाकिस्तान के ग्वादर पोर्ट तक 60 बिलियन डॉलर (करीब 5 लाख करोड़ रुपये) की लागत से आर्थिक गलियारा बनाया जा रहा है। इसके जरिए चीन की अरब सागर तक पहुंच हो जाएगी। सीपीईसी के तहत चीन सड़क, बंदरगाह, रेलवे और ऊर्जा प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहा है। 50 बिलियन डॉलर की लागत वाला सीपीईसी पाकिस्तान के बलूचिस्तान में मौजूद ग्वादर पोर्ट और चीन के शिंजियांग को जोड़ेगा। सीपीईसी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के गिलगित-बाल्टिस्तान इलाके से भी गुजरता है, जिस पर भारत का दावा है। भारत का मानना है कि सीपीईसी के जरिए चीन विस्तारवाद की नीति पर चल रहा है और भारत को घेरने की कोशिश कर रहा है।

## लश्कर के को-फाउंडर आमिर हमजा के घायल होने की चर्चा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में कुख्यात आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का को-फाउंडर आमिर हमजा एक हादसे में घायल हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उसे उसे पाकिस्तानी एजेंसी आईएसआई की सुरक्षा में लाहौर के एक मिलिट्री हास्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक घर में हुए एक हादसे में उसे चोट लग गई थी, जिसके बाद उसे इलाज के लिए ले जाया गया। वहीं, कुछ सोशल मीडिया पोस्ट्स में यह दावा किया गया है कि आमिर हमजा पर हमला हुआ है और उसे गोली मारी गई है।

हालांकि, अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है। 2 दिन पहले लश्कर-ए-तैयबा और जमात का आतंकवादी रजुल्लाह निजामनी उर्फ अबू सैफुल्लाह के मारे जाने की जानकारी आई थी। आतंकी आमिर हमजा 1987 में लश्कर-ए-तैयबा की स्थापना में

**पाकिस्तान के मिलिट्री अस्पताल में भर्ती, हाफिज सईद का करीबी, 2014 में ग्लोबल टेररिस्ट घोषित**

शामिल 17 लोगों में से एक है। वह आतंकी गतिविधियों, प्रचार, फंड जुटाने और लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े कई अखबारों और पत्रिकाओं का संपादन करता था। वह लश्कर की सेंट्रल एडवाइजरी कमेटी का सदस्य भी रहा है और अन्य आतंकी समूहों के साथ संबंध स्थापित करने में एक्टिव रहा है। हमजा ने हाफिज सईद के नेतृत्व में लश्कर-ए-तैयबा को दूसरे आतंकी समूहों से जोड़ने का काम किया। वह लश्कर से जुड़े एक चौरिटी संगठन का नेतृत्व करता था और लश्कर के यूनिवर्सिटी ट्रस्ट के बोर्ड में शामिल था, जिसे पहले हाफिज सईद संभालता था। हमजा ने 1980 के दशक में अफगानिस्तान में सोवियत संघ के खिलाफ युद्ध में हिस्सा लिया था।

## ट्रम्प ने कर और व्यय विधेयक पर समर्थन के लिए रिपब्लिकन सांसदों से की अपील

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कर और व्यय विधेयक का समर्थन करने के लिए रिपब्लिकन सांसदों से अपील की है। ट्रम्प कैपिटल हिल गए और अपनी पार्टी के सांसदों से व्यक्तिगत रूप से कर कटौती और स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम में बदलावों वाले विधेयक का समर्थन करने की अपील की। कुछ सदस्य अब भी संशय में हैं। वहीं, ज्यादा खर्च कटौती की मांग कर रहे कट्टरपंथी नेताओं को उदारवादी रिपब्लिकनों से कड़ा विरोध झेलना पड़ रहा है। राष्ट्रपति का उद्देश्य अपने विधेयक के लिए समर्थन जुटाना था, जिसे वह एक बड़ी और महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखते हैं। उल्लेखनीय है कि यह विधेयक वर्ष 2017 के ट्रम्प टैक्स कटौती को आगे बढ़ाएगा, टिप्स और ओवरटाइम काम पर कोई टैक्स नहीं लगाएगा, तथा मेडिकेड कवरेज और खाद्य सहायता कार्यक्रमों में कटौती करेगा।

## अमेरिका के लिए नया डिफेंस सिस्टम बनवा रहे ट्रम्प

**वाशिंगटन।** इजरायली के आयरन डोम की तरह अमेरिका भी खुद का डिफेंस सिस्टम गोल्डन डोम बनाने जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगवलार को इसका ऐलान करते हुए कहा कि इसके लिए एक डिजाइन भी चुन लिया गया है। ट्रम्प ने कहा कि गोल्डन डोम उनके कार्यकाल के आखिर तक चालू हो जाएगा।

एक बार तैयार होने पर यह मिसाइलों को रो. कने में सक्षम होगा। भले ही उन्हें दुनिया के किसी भी हिस्से से लान्च किया जाए। ट्रम्प ने दावा किया कि गोल्डन डोम अंतरिक्ष से हुए हमलों को भी रोकने के काबिल होगा। स्पेस, जमीन और

■ गोल्डन डोम स्पेस से होने वाले हमले भी रोकेगा, इजरायली आयरन डोम से ज्यादा मजबूत होगा

समुद्र तीनों जगहों से होगी हिफाजत ट्रम्प का कहना है कि अमेरिकी मिसाइल डिफेंस सिस्टम में पिछले 40 साल से कोई बदलाव नहीं हुआ है। दुनिया में कई एडवांस तकनीक से लैस मिसाइलें बन रही हैं। अभी का डिफेंस सिस्टम ऐसे खतरों का मुकाबला करने के काबिल नहीं है। दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रम्प ने इससे जुड़े एक कार्यकारी आदेश पर दस्तखत भी किया था। उन्होंने पेंटागन को अमेरिकी मिसाइल रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिए 'नेक्स्ट जेनेरेशन मिसाइल डिफेंस सिस्टम' तैयार करने का आदेश दिया, ताकि चीन, रूस, उत्तर कोरिया या फिर किसी और देश से आने वाले बैलिस्टिक मिसाइल को रोका जा सके। गोल्डन डोम को अंतरिक्ष, जमीन और समुद्र, तीनों जगहों से काम करने के लिए डिजाइन किया जा रहा है। इसमें ऐसी तकनीक होगी जो दुश्मन की मिसाइल को लान्च होते ही पकड़ लेगी और रास्ते में ही उसे तबाह कर देंगी। इजरायली ने 2011 से मिसाइलें रोकने के लिए सिस्टम इस्तेमाल किया है।

## टेस्ला का नेतृत्व करने के लिए प्रतिबद्ध हैं मस्क

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क ने कहा है कि वह अगले पांच वर्षों तक टेस्ला ऑटोमोटिव कंपनी का नेतृत्व करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और भविष्य में राजनी. तिक खर्च में कटौती करेंगे।

'ब्लूमबर्ग न्यूज' की जारी रिपोर्ट के अनुसार, कतर की राजधानी दोहा में आर्थिक मंच पर मस्क ने कहा कि उन्हें टेस्ला में 'कुछ अद्भुत' काम के लिए उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए। उन्होंने

■ यह कंपनी के भविष्य पर एक उचित नियंत्रण की बात है: मस्क

डेलावेयर न्यायाधीश की आलोचना की, जिन्होंने 2018 में कंपनी की ओर से उन्हें दिए गए बड़े वेतन पैकेज के खिलाफ दो बार फैसला सुनाया और दोहराया कि वह धन के बजाय अधिकार के कारणों से टेस्ला के अधिक शेयर रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह पैसे की बात नहीं है। यह कंपनी के भविष्य पर एक उचित नियंत्रण की बात है। उद्योगपति ने कहा कि वह भविष्य में राजनीति पर अब कम खर्च करेंगे क्योंकि उन्हें लगता है कि उन्होंने इस पर काफी खर्च कर लिया है। उन्होंने कहा कि अगर मुझे भविष्य में राजनीतिक खर्च करने का कोई कारण दिखाई देता है, तो मैं ऐसा करूंगा। मस्क ने वर्ष 2008 से टेस्ला कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिक. ारी (सीईओ) हैं।

## राजनीति पर भविष्य में काफी कम खर्च करेंगे एलन मस्क

**दोहा।** अमेरिका के प्रमुख उद्योगपति एलन मस्क ने कहा है कि वह भविष्य में राजनीति पर पहले से काफी कम खर्च करेंगे।

ट्रम्प के राष्ट्रपति चुनाव अभियान और अन्य रिपब्लिक उम्मीदवारों को समर्थन देने के लिए 30 करोड़ से अधिक डॉलर खर्च करने के बाद मस्क ने दोहा की राजधानी कतर में एक आर्थिक मंच पर कहा कि मैं भविष्य में राजनीति पर पहले के मुकाबले काफी कम खर्च करूंगा, क्योंकि मुझे लगता है कि इस बार, राजनी. ति पर मैंने ज्यादा ही खर्च कर दिया है। मस्क ने हालांकि भविष्य में राजनीतिक चंदा देने से पूरी तरह से इन्कार नहीं किया है। उन्होंने कहा कि अगर मुझे भविष्य में राजनीति पर खर्च करने की कोई वजह दिखेगी, तो मैं जरूर करूंगा। ट्रंप के कट्टर समर्थक के रूप में उद्योगपति मस्क की भूमिका के कारण टेस्ला ऑटोमोटिव कंपनी को विरोध का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनकी बिक्री और शेयरों में गिरावट आई है। ट्रंप के शपथ ग्रहण के बाद से टेस्ला के शेयर में करीब 20 प्रतिशत की गिरावट आई है, हालांकि मस्क के मंगलवार के बयान के बाद इसमें 3.3 प्रतिशत की हल्की बढ़त देखी गई।



Contact for admission
Seats are Limited
Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)
Register Today....and Get Discount
Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including
Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges
➢Russia
➢Georgia
➢Kazakistan
➢Kyragyzstan
➢Uzbekistan
➢Iran
➢Bangladesh
➢Nepal
➢China
➢Europe
➢Egypt
➢Armenia
➢U.K.
➢Canada
➢U.S.A.
Anjum Kaleem
8384872313
9457439020
No need to go Delhi or NCR, Come to Bijnor
100% Sure and Safe
India's Leading Education Consultancy
M.B.B.S./M.D BHMS, BAMS BDS, BUMS
Since 2010
ABROAD ADMISSION & COUNSELLING FOR INDIA
Top Govt. Universities NMC, WHO, WFME, UNESCO, US Assmebly Approved Universities
Indian Hostel And Mess Available
Lowest Price Packages
www.mbbsbijnor.com
M.B.B.S. ABROAD CONSULTANCY
Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite Tiranga Enterprise, Chahshreen B-21, Bijnor

## यूएई, इजरायल गाजा में तत्काल मानवीय सहायता शुरू करने पर सहमत: नाह्यान

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और इजरायल ने यूएई से गाजा पट्टी तक तत्काल मानवीय सहायता फिर से शुरू करने पर सहमति जताई है। यूएई के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाह्यान और इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने फोन में हुई बातचीत में यूएई से गाजा पट्टी तक तत्काल मानवीय सहायता आपूर्ति फिर से शुरू करने सहमति व्यक्त की है।

दोनों देशों के मंत्रियों के बीच हुई इस बातचीत के बाद यूएई विदेश मंत्रालय के यहां जारी एक बयान के मुताबिक यह सहायता शुरुआती चरण में गाजा पट्टी में लगभग 15,000 नागरिकों की खाद्य जरूरतों को पूरा

■ गाजा पट्टी में लगभग 15000 नागरिकों की खाद्य जरूरतों को पूरा करेगी

करेगी। यूएई की मानवीय सहायता में बेकरी को चालू रखने के लिए आवश्यक आपूर्ति और शिशु देखभाल के लिए आवश्यक वस्तुएं शामिल होंगी। बयान के मुताबिक दोनों पक्षों ने मानवीय संघर्ष विराम को फिर से शुरू करने, युद्ध विराम सुनिश्चित करने और बंधकों की रिहाई के लिए क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों पर भी चर्चा की। गौरतलब है कि इजरायल ने पिछले शुक्रवार को ऑपरेशन 'गिदोन रथ' के तहत गाजा पट्टी में फिर से हमला शुरू कर दिया था।

Recruitment For Teaching Staff
Assistant professor Law
Qualification: (A) B.A.LL.B/LL.B and LL.M with 55% marks
(B) UGC NET or Ph.D (Law)
Salary As per Govt. Norms
Eligible candidates are invited to send their resumes to idcdeoband@gmail.com and appear for the interview within 15 days with original documents and a recent colored photograph.
❑ Experienced Candidates will be preferred.
ISLAMIA COLLEGE OF LAW
Deoband, Distt., Saharanpur
Contact No. : 9045143298, 8755525452
Email Id- idcdeoband@gmail.com